आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* रंभा एकादशी

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 293 | उज्जैन, गुरुवार 05 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

अग्निवीरों का कार्यकाल 2 साल बढ़ा, 6 साल नौकरी कर सकेंगे

नई दिल्ली। अग्निवीर अब चार की बजाय छह साल तक सेना में नौकरी कर सकेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बुधवार को दो साल का सेवा विस्तार देने का ऐलान किया। इसका फायदा उन 75% अग्निवीरों को मिलेगा, जिन्हें पहले चार साल बाद सेवा छोड़नी पड़ती थी। अभी हर बैच के 25% अग्निवीरों को चार साल बाद मेरिट के आधार पर नियमित सेना में शामिल किया जाता है। बाकी 75% को सेवा से बाहर होना पड़ता है। नए नियम में 25% अग्निवीरों को नियमित करने का पुराना नियम जारी रहेगा।

ट्रम्प दोनों सदनों में मिडटर्म इलेक्शन हारे, डेमोक्रेट्स को बहुमत

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को हार मिली है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, मिशिगन में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल सैयद ने जीत हासिल की। इसके साथ ही वह अमेरिकी इतिहास में सीनेटर चुने जाने वाले पहले मुस्लिम बन गए हैं। ट्रम्प ने अब्दुल को खुले मंच से 'जिहादी' कहा था।

सोना 4046 रु. बढ़कर 1.42 लाख रुपये पर पहुंचा

मुंबई। धनतेरस से पहले 4 नवंबर को सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 4,046 रुपए बढ़कर 1.42 लाख रुपए पर पहुंच गया है। एक किलो चांदी 9,708 रुपए महंगी होकर 1.86 लाख रुपए पर पहुंच गई है। धनतेरस 6 नवंबर को मनाई जाएगी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक करीब 8 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए था, जो अब 1.42 लाख रुपए पहुंच गया है।

दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकना गलत : सुप्रीम कोर्ट

कानून पर विचार की जरूरत, एक पीढ़ी अपनी जगह अगली पीढ़ी को पूरी तरह नहीं ले पाएगी, पांच राज्यों में लागू है नियम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। कोर्ट ने बताया कि भारत की कुल प्रजनन दर 2003 में 3 थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। 2.1 की प्रजनन दर को रिप्लेसमेंट रेट माना जाता है।

इससे कम प्रजनन दर का मतलब है कि एक पीढ़ी अपनी जगह अगली पीढ़ी को पूरी तरह नहीं ले पाएगी। कोर्ट ने कहा कि प्रजनन दर में गिरावट से बुजुर्गों की आबादी बढ़ सकती है और कामकाजी लोगों की संख्या घट सकती है। इन बदलावों को नजरअंदाज करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने महाराष्ट्र की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव को राहत दी। उन्हें तीसरे बच्चे के जन्म के कारण अयोग्य ठहराया गया था। बेंच ने 2003 के उस फैसले पर दोबारा विचार के लिए मामला बड़ी बेंच के पास भेज दिया, जिसमें दो बच्चों की शर्त को सही ठहराया गया था।



मंगला भीमराव महाराष्ट्र की काकोड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच थीं। महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम, 1959 की धारा 14(1)(जे-1) के तहत दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने का प्रावधान है। इसी नियम के तहत तीसरे बच्चे के जन्म के बाद उनके खिलाफ शिकायत की गई थी। अतिरिक्त कलेक्टर ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त आयुक्त के पास अपील की, लेकिन वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 5 अगस्त 2025 को उनकी अयोग्यता बरकरार रखी थी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने 4 नवंबर 2025 को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। अब सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है, ताकि यह तय किया जा सके कि दो बच्चों की शर्त को सही ठहराने वाले पुराने फैसले पर दोबारा विचार किया जाना चाहिए या नहीं।

महाराष्ट्र में तीसरे बच्चे के कारण महिला को अयोग्य ठहराया गया था

कोर्ट बोला- मौजूदा कानून राजनीतिक अधिकारों से वंचित करते हैं- बेंच ने कहा कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून नागरिकों के एक पूरे वर्ग को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से बाहर कर देते हैं। इसका किसी व्यक्ति की सार्वजनिक पद संभालने की क्षमता से कोई खास संबंध नहीं है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ

रिश्वत मांगने के आरोपों की होगी जांच

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 20 साल पुराने रिश्वत मांगने के आरोपों की जांच होगी। केरलम के गृहमंत्री मेश चेन्निथला ने विजिलेंस को जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला सड़क निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़ा है। उस समय ज्ञानेश कुमार राज्य में पीडब्ल्यूडी सचिव थे।

कोल्लम के ठेकेदार साजन का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार ने केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट का काम पूरा होने के बाद पेमेंट करने के बदले 2 करोड़ रु. की रिश्वत मांगी थी। इस समय कांग्रेस की अगुवाई में पूरे देश में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एसआईआर में गड़बड़ी के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी साल मई में हुए विधानसभा चुनाव में केरलम में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूडीएफ ने 140 में से 97 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। कांग्रेस ने यहां 10 साल बाद सत्ता में वापसी की है।

साजन का आरोप- रिश्वत के चलते बीन ने आत्महत्या की



- साजन के मुताबिक, इंजीनियरों ने करीब 17 करोड़ के बिल मंजूर कर दिए थे, लेकिन ज्ञानेश कुमार ने चेक रोक दिए। इससे मलेशियाई कंपनी पती-बेल, उसके ठेकेदारों और कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी हुई।
- कंपनी के प्रोजेक्ट इंजीनियर ली सी बीन ने उन्हें (साजन को) बताया था कि ज्ञानेश कुमार रिश्वत मांगे बिना भुगतान के चेक जारी नहीं कर रहे हैं।
- साजन ने पैसे देकर मामला सुलझाने की बात कही, लेकिन कंपनी के अधिकारियों ने रिश्वत देने से मना कर दिया। ली सी बीन ने ठेकेदारों और कर्मचारियों का बकाया चुकाने के लिए बेंगलुरु में कंपनी के दूसरे प्रोजेक्ट से पैसे लिए थे।
- भुगतान न मिलने और रिश्वत मांगने के कारण ली ने 2006 में आत्महत्या कर ली थी। ली ने सुसाइड नोट में ज्ञानेश कुमार का नाम लिखा था। ली के मलेशिया में रहने वाले परिवार ने भी कंपनी के कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी थी।
- पहले हुई विजिलेंस जांच में उनसे और मामले की जानकारी रखने वाले दूसरे लोगों से पूछताछ नहीं की गई थी। वे ली के परिवार, कंपनी के पूर्व कर्मचारियों और अन्य गवाहों को जांच के लिए पेश कर सकते हैं।

देश में 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनेंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें यौन शोषण-रेप केसों के जल्द निपटारे के लिए 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि बिजली स्टोर करने के लिए कैबिनेट ने 92 गीगावाट-घंटे क्षमता वाली ग्रिड स्केल एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी योजना के लिए 14,500 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके अलावा डेटा कलेक्शन सिस्टम को अपग्रेड करने के लिए 4,371 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है। साथ ही क्रिटिकल खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए भी एक योजना स्वीकृत की गई है।

महादेव सट्टा नेटवर्क पर सीबीआई का शिकंजा

सौरभ चंद्राकर 8 दिन की रिमांड पर, दिल्ली में होगी पूछताछ

एजेंसी ▸▸ रायपुर

देश के चर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में जांच एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले के प्रमुख प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को सीबीआई की विशेष अदालत से 8 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजने की अनुमति मिल गई है। अब जांच एजेंसी 12 नवंबर तक उससे पूछताछ करेगी। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीबीआई उसे रायपुर से दिल्ली ले जाकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। दूसरी ओर, प्रवर्तन निदेशालय ने भी आरोपी की कस्टडी लेने के लिए न्यायालय का रुख किया है।

अदालत ने सीबीआई को रिमांड देते समय पूछताछ की प्रक्रिया के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की हैं। कोर्ट के आदेश के अनुसार, चंद्राकर से पूछताछ के दौरान पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखनी होगी। इसके अलावा उसे शाम के समय अपने अधिवक्ता से मुलाकात करने की अनुमति भी दी गई है। ओमान से प्रत्यर्पण की प्रक्रिया के बाद भारत लाए गए सौरभ चंद्राकर से जांच एजेंसी कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी जुटाना चाहती है। इनमें सट्टेबाजी से अर्जित रकम का लेन-देन, हवाला के माध्यम से विदेशों तक पैसा पहुंचाने का नेटवर्क और इस पूरे कारोबार को कथित तौर पर मिलने वाला राजनीतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण शामिल है।



आयुष्मान-तुषार को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार



आईटी प्रोफेशनल ने लॉरेंस गैंग के नाम पर मांगे थे करोड़ों रुपए

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और तुषार कपूर को धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आईटी प्रोफेशनल वैभव मिश्रा को बेंगलुरु से हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी ने कई अन्य लोगों को भी इस तरह के थ्रेट मेल भेजे थे। मुंबई पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गिरफ्तार आरोपी वैभव मिश्रा का लॉरेंस गैंग से कोई संबंध नहीं है। आरोपी ने लॉरेंस गैंग के नाम से आयुष्मान खुराना और तुषार कपूर धमकी भरा ऑडियो मैसेज भेज कर करोड़ों रुपए की मांग की थी। गौरतलब है कि मंगलवार को एक्टर तुषार कपूर को भी इसी तरह का धमकी भरा ऑडियो मैसेज मिलने की जानकारी सामने आई थी। मैसेज भेजने वाले ने खुद को हैरी बॉक्सर बताया था। फोन करने वाले ने 5 करोड़ रुपए मांगे थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, तुषार कपूर ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी थी। इसके बाद जांच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल और क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई।

अमूल ने घी और बटर 3 से 50 रुपए तक महंगा किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

अमूल ने घी और बटर 3 से 50 रुपए तक महंगा कर दिया है। एक किलो घी का कार्टन 630 से बढ़कर 680 रुपए का हो गया है। बटर के 100 ग्राम पैक की कीमत 63 से बढ़कर 66 रुपए हो गई है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, दाम बढ़ने की वजह गुजरात-राजस्थान में नकली घी के खिलाफ कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की बढ़ी मांग है।

चुनाव आयुक्तों को आजीवन छूट के खिलाफ याचिका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयुक्तों को आजीवन मिलने वाली कानूनी छूट को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। 2023 की धारा 16 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों को अपने सरकारी कामकाज के दौरान किए गए फैसलों के लिए आपराधिक मुकदमों से आजीवन कानूनी सुरक्षा दी गई है।

बिहार में 1 करोड़ की शराब जब्त



कागज की बोरियों के नीचे छिपाए थे 1200 कार्टन, चालक गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ मुजफ्फरनगर

बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्करी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मुजफ्फरपुर में उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से करीब 1200 कार्टन विदेशी शराब बरामद की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। तस्करों ने पुलिस और उत्पाद विभाग की नजरों से बचने के लिए शराब को कागज और कॉटन के टुकड़ों से भरी बोरियों के नीचे छिपा रखा था। मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि पंजाब नंबर के एक ट्रक में विदेशी शराब की बड़ी खेप मुजफ्फरपुर लाई जा रही है। सूचना मिलते ही एएसआई नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

आंध्र में मुरासु तूफान के चलते 35 ट्रेनें रद्द

12 हजार लोग राहत शिविरों में, यूपी में कोहरा, दिल्ली में एक्यूआई 605 दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश में चक्रवाती तूफान मुरासु ने भारी तबाही मचाई है। तूफान से 2 लोगों की मौत हो गई और 52 हजार हेक्टेयर से ज्यादा फसलें बर्बाद हो गईं। इसके कारण 35 से ज्यादा ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं।

12,230 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, तूफान से राज्य को करीब 344 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बुधवार को भी आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में ठंड ने दस्तक दे दी है। बीते 24 घंटों में तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। बुधवार सुबह लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, बिजनौर और हापुड़ समेत 10 से अधिक जिलों में कोहरा छाया है। अगले 48 घंटे में पूर्वांचल के जिलों में बारिश की संभावना है। दिल्ली में बुधवार सुबह वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। सुबह 7.41 बजे राजधानी का कुल एयर क्वालिटी इंडेक्स 605 दर्ज किया गया। इंडिया गेट के आसपास के इलाके में एयर क्वालिटी इंडेक्स 414 दर्ज किया गया है। इसे गंभीर श्रेणी में रखा गया है।



नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को बहस की चुनौती दी, बोले- मोदी देशद्रोही, 1 साल में निपट जाएगी सरकार, पंजाब में कत्ल करना फैशन बना।
- **राजस्थान :** रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट, 45 मिनट पहले पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी, 200 मीटर दूर तक धमाका सुनाई दिया, 8 ट्रेनें कैंसिल।
- **तेहरान :** होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत को जहाजों की आवाजाही में ईरान ने दी विशेष छूट।
- **अमेरिका :** 3 बच्चे पैदा करने का चलन बढ़ा, ज्यादा बच्चे अमीरों के लिए रुतबे की निशानी, परवरिश पर करोड़ों खर्च कर रहे।
- **वाशिंगटन :** किंग चार्ल्स ने गुलामी के इतिहास को शर्मनाक बताया, बोले- याद करके डर लगता है, दुःख होता है, कैरिबियाई देश माफी-मुआवजा मांग रहे।
- **यूरोप :** कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, इटली ने फाइटर जेट भेजे, पोलैंड ने एयरपोर्ट बंद किया, सारी धमकियां झूठी निकलीं

माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब कॉस्ट कटिंग की राह पर गूगल

एआई पर भारी खर्च से बजट बिगड़ा, कर्मचारियों को अपनी इच्छा से पैसे लेकर नौकरी छोड़ने का ऑफर दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब गूगल ने 5 देशों में बायआउट का ऐलान किया। कंपनी ने खर्च में कटौती करने के लिए कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और स्विट्जरलैंड के कर्मचारियों को अपनी इच्छा से पैसे लेकर नौकरी छोड़ने यानी एग्जिट पैकेज का ऑफर दिया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भारी खर्च और बढ़ते वर्कफोर्स के बीच गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने अपनी एआई स्ट्रैटेजी पर फोकस करने और प्रायोरिटी के हिसाब से रिसोर्सेज को शिफ्ट करने के लिए यह फैसला लिया है।

एग्जिट प्रोग्राम में भारत के कर्मचारी शामिल नहीं- गूगल के स्पोक्सपर्सन ने रायटर्स को बताया कि कंपनी ने जून से कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और स्विट्जरलैंड में कुछ कर्मचारियों के लिए 'वॉलंटरी एग्जिट प्रोग्राम' शुरू किया है। गूगल ने फिलहाल इस एग्जिट पैकेज में भारत के कर्मचारियों को शामिल नहीं किया है। टेक कंपनी गूगल पिछले साल से अमेरिका और ब्रिटेन के कुछ डिवीजन्स में यह एग्जिट प्रोग्राम चला रही है। कंपनी का कहना है कि यह प्रोग्राम उन एम्प्लॉईज के लिए ऑप्शन है, जो अब गूगल की नई सोच और दिशा से खुद को जुड़ा हुआ महसूस नहीं कर रहे हैं।



कंपनी का एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग पर फोकस

सुंदर पिचाई की लीडरशिप वाली कंपनी अब अपने रिसोर्सेज को उन सेक्टरों में ट्रांसफर करना चाहती है, जो उनकी प्रायोरिटी लिस्ट में ऊपर हैं। कंपनी का पूरा फोकस अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाउड कंप्यूटिंग पर है, इसलिए गूगल की रिक्रूटमेंट प्रायोरिटी में भी यही सेक्टर सबसे आगे हैं। यही वजह है कि पिछली बार जब बायआउट ऑफर दिए गए थे, तब 'गूगल क्लाउड' और एआई यूनिट 'डीपमाइंड' के कर्मचारियों को इससे दूर रखा गया था।

स्विट्जरलैंड में गूगल का क्या है प्लान?

स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में गूगल का एक बड़ा इंजीनियरिंग हब है, जहां लगभग 5 हजार कर्मचारी काम करते हैं। कंपनी ने यहां जून में कर्मचारियों को एग्जिट पैकेज की पेशकश की थी और आवेदन करने के लिए जुलाई तक का समय दिया था। जिन कर्मचारियों ने इस ऑफर को चुना, उन्हें हर एक साल की सर्विस के बदले एक महीने की सैलरी (मैक्सिमम 12 महीने तक की सैलरी) दी जाएगी।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

आखिर काम की गति क्यों नहीं बढ़ाई जा रही

महाआयोजन के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। मजबूरी भी है। आगंतुक श्रद्धालुओं की सुविधा जुटाने के लिए हर संभव प्रयास और तैयारी की जाना ही होगी। उसमें यह नहीं सोचा जाना चाहिए कि ये क्या और क्यों। आगंतुक श्रद्धालुओं की संभावित संख्या को देखते हुए मेजबान को ये करना ही होगा। महाआयोजन की तैयारी के लिए तमाम काम के ठेके जारी किए गए हैं और उन्हें लेकर ठेकेदारों ने कम दरों पर ठेके भी लिए हैं। इस दर की पूर्ति वे बेक डोर से अधिकारियों के साथ मिलकर कर लेते हैं। इसके बाद भी कामों को जिस धीमी गति से चलाया जा रहा है उसे लेकर प्रशासनिक स्थिति में सख्ती के हाल बनने लगे हैं। हाल ही में शहर की संस्था के प्रशासनिक प्रमुख ने जमकर जुर्माना ठोका है और बता दिया गया है कि महाआयोजन की टाइम लाइन के हिसाब से ही काम पूरे करने होंगे। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर ठेकेदार कम दर का ठेका की पूर्ति के बावजूद, पेनॉल्टी लगने सहित तमाम कसावट की प्रक्रिया के बावजूद आखिर किस प्रभाव में अपने कामों को गति नहीं दे रहे हैं यह अपने आप में सवाल खड़ा हो रहा है। कम दर पर ठेका लेने वाले यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से पूरी सांठगांठ रखते हैं। उनकी दर की पूर्ति करने वाले अधिकारियों की शह पर ही काम की गति नहीं बढ़ाते हैं और प्रशासनिक स्तर पर सीएसआर में परिवर्तन की मंजूरी के लिए ऐसा किया जाता है। खुसूर-फुसूर है कि जिधर दम उधर हम वाले ठेकेदारों के काम का तरीका यही है। वक्त में और मजदूरी में भी पैसा बचा लिया जाता है। सीएसआर के आयटम परिवर्तन में भी अपनी दरों की पूर्ति कर लेते हैं। तकनीकी विभाग के साथ इनकी जबरर्दस्त पकड़ के चलते ये प्रशासनिक अफसरों को भी चूना लगाने से नहीं चुकते हैं।

न्यूज कॉलम

भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में वल्लभ भवन में हुई बैठक

उज्जैन। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आशा एवं आशा सुपरवाइजर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल के वल्लभ भवन में स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी के साथ अहम बैठक की। इसमें मानदेय वृद्धि, नियमितीकरण और पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा घोषित एक हजार रुपए की राशि के एरियर सहित भुगतान जैसी प्रमुख मांगों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर और आशा सुपरवाइजर संघ की प्रदेश महामंत्री सुमन पटेल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

नैनो न्यूज

- **विक्रम विवि** में पहली बार हुई संभाग स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता, विजेता जाएंगे मेरठ, बारह से अधिक कॉलेजों के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन
- **एएसजी** हॉस्पिटल लिमिटेड का 'सुरक्षित आंखें, सुरक्षित दिवाली अभियान; पटाखों से घायल बच्चों को मिलेगी मदद
- **'एक राष्ट्र-एक चुनाव'** पर युवाओं ने रखे विचार, निशा, राज और आदित्य का राज्य स्तर पर चयन, माय भारत के तत्वावधान में आईटीआई कॉलेज में जिला स्तरीय युवा संसद, युवाओं ने सीखीं संसदीय परंपराएं
- **दीपोत्सव निर्णय** प्रकाशन को लेकर बैठक आयोजित, विक्रम संवत 2083 के दीपोत्सव पर्व का विचार धर्म शास्त्र आधारित आर्ष वचनों के साथ विचार-विमर्श
- **शासकीय कालिदास** कन्या महाविद्यालय बास्केटबॉल ग्राउंड के नियमित प्रशिक्षित उज्जैन शहर के प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी खुशी आनंद व वीर सिंह आनंद दोनों भाई बहन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टीम शामिल होकर अपने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया
- **निगम से सत्यापन** व अनुमति के बाद भी अपनी दीवार में दरवाजा खोलने का इंतजार कर रहे रहवासी, कंठाल चौराहा स्थित भवन स्वामियों ने असामाजिक तत्वों से मांगी सुरक्षा, गुंडागर्दी का लगाया आरोप
- **120 साधर्मिक** परिवारों की मनी दिवाली, नन्हीं अमायरा ने दान की अपनी गुल्लक, जीवनदीप परिवार ने बांटे राशन व मिठाई, सेवा कार्य में सहयोग करने वाले दानदाता हुए सम्मानित
- **दिग्विजय सिंह** की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा सोशल मीडिया पर छाई, एक महीने में मिले 2 करोड़ 40 लाख व्यूज, उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही पदयात्रा को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन, 22 लाख से ज्यादा एंगेजमेंट
- **नुक्कड़ नाटक** से बच्चों को समझाया पॉक्सो एक्ट, न्यायाधीशों ने दी अच्छे और बुरे स्पर्श की जानकारी, कालिदास मांटेसरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर, सुरक्षित बचपन अभियान के तहत साइबर अपराध और बाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक
- **पुण्यपाल राजा** के आठ स्वप्नों में छिपे हैं भविष्य के संकेत, आलौकिक चातुर्मास में उत्तराध्ययन सूत्र गूंजे प्रवचन
- **कथावाचक** धीरेंद्र शास्त्री मथुरा जाकर कान पकड़कर मांगें माफी, श्रीकृष्ण पर अमर्यादित टिप्पणी से उज्जयिनी के लोग आहत, आस्था हरि

रतलामी सेंव के नाम से सेव बेचने वालों होशियार, रतलाम प्रशासन वसूलेगा हर्जाना

रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क के दुरुपयोग पर जिला प्रशासन करेगा कार्रवाई

उज्जैन में श्री महाकालेश्वर के नाम से कई वेबसाइट और अन्यानेक काम, प्रशासन सुस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रतलामी सेव के नाम से सेंव बेचने वाले होशियार हो जाएं तो बेहतर होगा। रतलाम का जिला प्रशासन वहां की रतलामी सेव के रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क का दुरूपयोग करने वालों को नोटिस देकर हर्जाना वसूलने की तैयारी कर रहा है। उज्जैन के भगवान श्री महाकालेश्वर के मिलते जुलते नामों से वेबसाइट एवं अन्य कई कामों को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन प्रशासन की सुस्ती से ऐसे काम करने वालों को इस रजिस्टड ट्रेडमार्क के दुरूपयोग से संबंधित कार्रवाई को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

रतलाम का जिला प्रशासन वहां की रतलामी सेंव के रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क का दुरूपयोग करने वालों को नोटिस देकर हर्जाना वसूलने की तैयारी कर रहा है। औद्योगिक संगठनों के सदस्यों ने भी इस संबंध में सहमति व्यक्त की। इस पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अजय कटेसरिया ने बुधवार को लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं निर्यात संवर्धन की बैठक में इस आशय के निर्देश उद्योग विभाग को दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि रतलामी सेंव के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क एवं जीआई टैग का दुरुपयोग करने वाली कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई अन्य कंपनी रतलामी सेंव के नाम से उत्पाद बेचती है, तो उसे नोटिस जारी कर हजार्ने के लिए प्रकरण भी तैयार किया जाएगा। रतलामी सेंव रतलाम की पहचान और धरोहर है। इसके नाम एवं पहचान का उपयोग निर्धारित पंजीकृत उत्पादकों द्वारा ही किया जाना चाहिए।

रतलामी सेव के नाम के उपयोग पर होगी कार्रवाई

कुछ वर्षों पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर से मिलते जुलते नाम से ही एक वेबसाइट पर मंदिर की प्रसादी को लेकर व्यवसाय किया जा रहा था। यही नहीं ऐसी अनेकों वेबसाइट एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं जो मंदिर के नाम से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। यही नहीं उज्जैन का भेरूगढ प्रिंट भी रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क में दर्ज है उसके बाद भी उसके नाम का दुरूपयोग अन्यानेक शहरों में किया जा रहा है एवं उस प्रिंट का कपड़ा विक्रय किया जा रहा है। इसके बाद भी प्रशासन इसे लेकर रिजस्टर्ड ट्रेड मार्क एवं जीआई टैग के साथ कापी राईट एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए ऐसे मामलों में हजार्ना वसूलने की कार्रवाई से बच रहा है।

स्टेशन पर उपलब्धता के प्रयास होंगे

बैठक में जिला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल एवं औद्योगिक संगठनों के सदस्यों ने भी इस संबंध में सहमति व्यक्त की। इस पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि रतलामी सेंव को रतलाम रेलवे स्टेशन पर भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए रेलवे के डीआरएम से चर्चा की जाएगी तथा रतलामी सेंव को रेलवे के मेनू में शामिल कराने के संबंध में उद्योग विभाग को आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए गए।

इंदौर रोड पर बसों का कब्जा, सिकुड़ गई सड़क

नानाखेड़ा बस स्टैंड के बाहर बसों की लंबी कतार, यातायात व्यवस्था बेपटरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में निर्माण कार्यों और सड़कों की खुदाई के बीच यातायात का दबाव पहले ही बढ़ा हुआ है। ऐसे में बस संचालकों की मनमानी आम लोगों की परेशानी और बढ़ा रही है। नानाखेड़ा स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड के बाहर इंदौर रोड पर रोजाना बसों की लंबी कतार लगी रहती है।

बड़ी-बड़ी बसें मुख्य सड़क पर ही खड़ी कर दी जाती हैं। इससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और बार-बार जाम की स्थिति बनती है। संकरी हुई सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि कुछ बसों के क्लीनर सड़क पर ही बसों की सफाई करते नजर आते हैं। बस स्टैंड शिफ्ट होने के बाद से बनी इस स्थिति पर अब तक प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है।



दीनदयालजी की प्रतिमा के पास क्रेनों का जमघट

पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समीप सड़क पर विशालकाय क्रेन घंटों खड़ी रहती हैं। इनकी अनाधिकृत पार्किंग से बस स्टैंड आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। इंदौर जाने वाले अपडाउनर्स को स्टाप बस पकड़ने के लिए सड़क किनारे खड़े होने तक की जगह नहीं मिल पाती। सवाल यह है कि यातायात पुलिस के अधिकारियों को सड़क पर खड़ी ये क्रेन क्यों नजर नहीं आतीं? आरटीओ विभाग भी इस तरह की अव्यवस्था पर औचक निरीक्षण करता दिखाई नहीं देता। बसों और क्रेनों की मनमानी तथा जिम्मेदार विभागों की उदासीनता का खामियाजा आखिरकार आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

यातायात पुलिस का लचर रवैया- शहर की यातायात व्यवस्था पहले ही अव्यवस्थित है। मुख्य सड़कों पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण चौड़ी सड़कें भी संकरी गलियों जैसी नजर आने लगी हैं। कमलानेहरू मार्ग, बख्तावर मार्ग, शंकु मार्ग, अमरसिंह मार्ग और इंदौर रोड पर दिनभर कई बार वाहन जाम में फंसे रहते हैं। इसके बावजूद मौके पर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी नजर नहीं आते। कई स्थानों पर ट्रेनी पुलिस जवान और महिला कर्मी किनारे खड़े दिखाई देते हैं, जबकि वाहन चालक जाम से जूझते रहते हैं।

अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज, उज्जैन में मेडिकल विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी (श्वेत कोट समारोह) का आयोजन किया गया। समारोह में नवप्रवेशित मेडिकल विद्यार्थियों को सफेद कोट पहनाकर चिकित्सा शिक्षा के नए सफर की शुरूआत कराई गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को चिकित्सा पेशे की गरिमा, मानवीय संवेदनाओं और मरीजों के प्रति जिम्मेदारी का महत्व बताया गया। सफेद कोट केवल डॉक्टर की पहचान नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, अनुशासन और विश्वास का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने चिकित्सा क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और सेवाभाव के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह में संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रबंधन, फैकल्टी सदस्य, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल एक कुशल डॉक्टर बनना नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार चिकित्सक तैयार करना भी है।

समावेशी शिक्षा एवं पुनर्वास में एआई का महत्व



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मनोविकास विशेष शिक्षा महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन तकनीकी सत्रों का शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक शिवानी तिवारी के तत्वधान में हुआ। दूसरे दिवस का मुख्य केंद्र विशेष शिक्षा, समावेशी शिक्षा, प्रारंभिक हस्तक्षेप एवं पुनर्वास सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता रहा जिसमें प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. डी. एन. सनसनवाल ने शिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी की भूमिका, शैक्षणिक सामग्री के निर्माण, शोध कार्यों में तकनीकी सहायता तथा शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात डॉ. निबेदिता पटनायक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता व व्यापक शिक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण सामग्री एवं शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सकता है। नवीन एआई तकनीक शिक्षा को अधिक सुलभ, समान अवसरों पर आधारित एवं समावेशी बनाने में सहायक हो सकती है। डॉ. हिमांशु दास ने एआई आधारित शिक्षा विशेष बच्चों के सन्दर्भ में, विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रारंभिक पहचान एवं प्रारंभिक हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि एआई आधारित तकनीक के माध्यम से बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं को समय रहते समझने, उनकी क्षमताओं एवं कठिनाइयों का आकलन करने तथा उचित सहयोग एवं हस्तक्षेप उपलब्ध कराने में सहायता मिल सकती है। इसके पश्चात उन्होंने बताया कि आधुनिक एआई तकनीक प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की गति, क्षमता एवं व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण प्रक्रिया को अनुकूलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी मे प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाओं की अभिव्यक्ति प्रश्नो के माध्यम से की जिसके उत्तर विद्वान वक्ताओं ने दिए । समापन समारोह की अध्यक्षता आर्चबिशप डॉ. सेबेस्टियन वडक्केल, मेट्रोपॉलिटन आर्चबिशप ऑफ उज्जैन ने की।

बाजार हुए गुलजार, दुकानों पर खरीददारी का उत्साह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली के उल्लास के बीच शहर के बाजार सुबह से ही गुलजार नजर आ रहे हैं। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दीपावली की सजावट से लेकर पारंपरिक पूजन सामग्री तक की दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। मौसमी कारोबार भी अब नए और संगठित स्वरूप में दिखाई देने लगा है। एक ही दुकान पर पूजन और सजावट की लगभग सभी सामग्री उपलब्ध है।



दुकानों पर झाड़ू से लेकर मोरपंख, मिट्टी के दीपक, श्रृंगार सामग्री, कृत्रिम फूल, वंदनवार और मालाओं तक की बिक्री हो रही है। बाजार में एक और नया बदलाव देखने को मिल रहा है। अब व्यापारी अलसुबह ही दुकानें खोलने लगे हैं, ताकि सुबह की सैर और व्यायामशाला जाने वाले लोग भी घर लौटते समय दीपावली की खरीदारी कर सकें।

दरअसल, सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों का एक बड़ा वर्ग तैयार हुआ है। व्यापारियों को इस वर्ग में कारोबार की नई संभावना दिखाई दे रही है। यही वजह है कि ग्राहक आने की उम्मीद में व्यापारी तड़के से ही दुकानें सजाकर बैठने लगे हैं। दीपावली का बाजार अब केवल शाम की रौनक तक सीमित नहीं, बल्कि सुबह की चहल-पहल भी कारोबार का नया हिस्सा बन रही है।

जीविषा संस्था ने मनाई सार्थक दिवाली



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वनवासी एवं आदिवासी क्षेत्रों से आने वाले जरूरतमंद बच्चों और दिव्यांग परिवारों के घर भी खुशियों का दीप जले, इसी भावना के साथ शहर की वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सतिंदर कौर सलूजा ने संस्था जीविषा के माध्यम से सार्थक दिवाली मनाने की पहल की। इस अवसर पर अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की बालिकाओं को नए वस्त्र भेंट किए गए, वहीं दिव्यांग परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई, ताकि वे भी दीपावली का त्योहार उत्साह और खुशियों के साथ मना सकें। यह जानकारी संस्था की सचिव ममता सांगते ने दी।



हौसले के कवच और दृढ़ संकल्प के धनुष-बाण हैं भारत के युवा : संतोष मालवीय

स्काईडाइविंग जंप लगाने वाली 'उड़न परी' अमिता गौड़ का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

युवा तरुणाई भारत की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली ऊर्जा है। हौसले के कवच, अनुशासन के तीर और संकल्प एवं दृढ़ता के धनुष-बाण से सुसज्जित भारत के युवा हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। भारत की बेटियों ने कठिन से कठिन लक्ष्य हासिल कर नारी शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया है। यह बात जिला परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संतोष मालवीय ने स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में आयोजित उड़न परी अमिता एल.एन. गौड़ के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उज्जैन की प्रतिभाशाली और साहसिक खिलाड़ी अमिता गौड़ ने रूस में 13,500 फीट की ऊंचाई से 25 सफल स्काईडाइविंग जंप लगाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर व्यायाम केंद्र में विशिष्ट खेल अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमिता को मालवी पगड़ी, दुपट्टा एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।



समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी गोपाल माहेश्वरी ने की। विशेष अतिथि लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक थे। माहेश्वरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय नारी शक्ति ने आकाश की ऊंचाइयों से लेकर सागर की गहराइयों तक अपने शौर्य और सामर्थ्य का प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया है।

डोला-शोला सम्मान से सम्मानित

अतिथियों का स्वागत इंजीनियर गजेंद्र मेहता, कमल नंदवाना, आनंद सोलंकी, अभय सिंह राठौड़, सुजल बामनिया एवं प्रफुल्ल भाई ने किया। समारोह का संचालन बॉडीबिल्डिंग के नेशनल रेफरी शैलेंद्र व्यास 'स्वामी मुस्कुराके' ने किया। आभार पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने माना। इस अवसर पर व्यायाम केंद्र के सदस्य वीरेंद्र सिंह गर्ग को 27 किलो वजन कम करने की उपलब्धि पर तथा एडवोकेट दिलीप सिंह परिहार को शानदार बाइसेप्स और चेस्ट विकसित करने पर 'डोला-शोला सम्मान' से सम्मानित किया गया।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

200 से अधिक आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

इंदौर। इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार प्रति मंगलवार जनसुनवाई कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की जा रही है। इसी सिलसिले में आज सम्पन्न जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर सवेदनशीलता के साथ निराकरण किया। जनसुनवाई में आज 200 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया गया। जनसुनवाई में आम नागरिकों से विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित लगभग 203 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, आर्थिक सहायता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन शामिल हैं।

महिला स्व-सहायता समूहों का लगाया गया विशेष स्टॉल

इंदौर। इंदौर कलेक्टर कार्यालय में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं द्वारा निर्मित दीपावली की सजावटी एवं आकर्षक सामग्री का विशेष स्टॉल लगाया गया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज स्टॉल का अवलोकन किया तथा स्वयं खरीदारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को उनके उत्पादों के विक्रय के लिए बेहतर मंच और बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। दीपावली के अवसर पर महिलाओं द्वारा आकर्षक कलाकृतियां, मिट्टी के दीपक, सजावटी सामग्री तथा गोबर से निर्मित पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार किए गए हैं।

6 नवंबर से तीन दिन तक बंद रहेगी सराफा चाट चौपाटी

इंदौर। स्वाद के लिए मशहूर सराफा चाट चौपाटी दीपावली के कारण तीन दिन बंद रहेगी। इस दौरान इंदौर आने वाले पर्यटक और शहरवासी सराफा के व्यंजनों का स्वाद नहीं चख सकेंगे।दरअसल, इंदौर में दीपावली त्योहार के कारण सराफा की आभूषण और राजवाड़ा क्षेत्र की कपड़ा व अन्य दुकानें देर रात तक खुली रहती हैं। लोग रात 12 बजे तक खरीदारी करने आते हैं। इस दौरान सराफा चाट चौपाटी का संचालन संभव नहीं हो पाता है। सराफा चाट चौपाटी बंद रहने के कारण शहर के अन्य प्रसिद्ध खाउ ठिये 56 दुकान पर इन दिनों में भीड़ उमड़ने की संभावना है। सराफा चौपाटी एसोसिएशन ने फैसला लिया है कि खास सजावट और दीपपर्व के चलते रात्रिकालीन चाट चौपाटी को तीन दिनों तक बंद रखा जाएगा। धनतेरस से दीपावली तक पूरे समय बाजार सिर्फ गहनों और सोने-चांदी के बाजार के रूप में ही रहेगा।

60 नेता निलंबित, दिल्ली की रैली में नहीं हुए थे शामिल



भोपाल। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के 60 पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश के बाद संगठनात्मक अनुशावहीनता का हवाला देते हुए की है। यह कार्रवाई 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन की ह्यवोट चोरी रैलीह्व में शामिल नहीं होने पर युवा संगठन के पदाधिकारियों पर की गई है। प्रदेश युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शों की अवहेलना और संगठनात्मक अनुशासनहीनता का हवाला देते हुए उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव समेत कई पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में ह्यवोट चोरी रैलीह्व आयोजित की गई थी। इस रैली में शामिल होने के लिए संगठन के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए थे। हालांकि, रैली में अनुपस्थित रहने पर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस ने संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। 3 नवंबर 2026 को जारी निलंबन आदेश के मुताबिक, संबंधित पदाधिकारियों का निलंबन आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। संगठन ने इस कार्रवाई के पीछे राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शों का पालन नहीं करने और संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने में विफल रहने को आधार बताया है। अब रैली में शामिल नहीं होने को लेकर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस की इस कार्रवाई को संगठन के भीतर अनुशासन सुनिश्चित करने के कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

नैनो न्यूज

- **देवास-** देवास में इप्का लैबोरेटरीज लगभग 1000 करोड़ रुपये का निवेश कर नई औद्योगिक परियोजना स्थापित करने की तैयारी में है। इससे क्षेत्र में रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।
- **आगर- कार से सात लाख की एमडी ड्रग जब्त-** आगर-मालवा जिले में पुलिस ने कार से 71.36 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की। भोपाल निवासी दो युवकों को गिरफ्तार कर तस्करी के नेटवर्क की जांच शुरू की गई।
- **शाजापुर- सोने की कीमतों में नया उछाल-** शाजापुर में 4 नवंबर को सोने का भाव 24 कैरेट के लिए लगभग 1.39 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज हुआ। सराफा बाजार में कीमतों पर नजर बनी हुई है।
- **सुसनेर- पेट्रोल पंप कर्मचारी हमले से समाज नाराज-** सुसनेर में पेट्रोल पंप कर्मचारी पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सोधिया राजपूत समाज ने पुलिस थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।
- रतलाम- **माणकचौक सब्जी मंडी बनेगा शॉपिंग मॉल-** रतलाम नगर निगम ने माणकचौक सब्जी मंडी की जगह आधुनिक शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक केंद्र विकसित करने की योजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

श्री गंगा होटल में हुई दर्दनाक घटना के बाद जागा प्रशासन अब आधुनिक मशीनों से होगी सफाई

बिना अनुमति सीवर टैंक की सफाई करवाई तो होगी कार्रवाई

सीवर, सेप्टिक टैंक और फूड वेस्ट टैंक की सफाई के लिए नगर निगम ने जारी किए टोल फ्री नंबर

सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुछ दिन पहले देवास रोड स्थित श्री गंगा होटल में फूड वेस्ट टैंक की सफाई करने के लिए टैंक में उतरे चार कर्मचारियों की दम घुटने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद शहर में सीवर, सेप्टिक टैंक और फूड वेस्ट टैंक की सफाई को लेकर नगर निगम ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब नागरिकों, होटल संचालकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को इन टैंकों की सफाई या खाली करवाने से पहले नगर निगम से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति निजी स्तर पर असुरक्षित तरीके से सफाई करवाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

8000 लीटर तक क्षमता वाली मशीनें उपलब्ध

नगर निगम के पास सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए जेटिंग-सक्शन मशीन, सक्शन मशीन, सीवर सक्शन मशीन, सीवर मशीन और पावर बकेट सहित अन्य संसाधन उपलब्ध हैं। इन मशीनों की क्षमता 1500, 3000, 6000 और 8000 लीटर तक है। काम की आवश्यकता के अनुसार इनका उपयोग कर सफाई करवाई जा सकती है। बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों और जरूरी सावधानियों के किसी भी कर्मचारी से खतरनाक स्थानों पर सफाई नहीं करवाई जाएगी।

सफाई के लिए इन नंबरों पर करें संपर्क- नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा के लिए संपर्क नंबर जारी किए हैं। सीवर, सेप्टिक टैंक और फूड वेस्ट टैंक की सफाई के लिए इन नंबरों पर संपर्क कर अनुमति और सुविधा प्राप्त की जा सकती है। टोल फ्री नंबरः 70677 11 995, टोल फ्री नंबरः 14420, नगर निगम कंट्रोल रूमः 0734-2535244

इस बार दिवाली पर खुशियों की जगह कुछ परिवारों में रहेगा मातम

थोड़ी और कमाई हो जाएगी तो दिवाली अच्छे से मनेगी... इसी उम्मीद में चारों युवक घर से निकले थे। किसी को चार बच्चों का पेट पालना था, तो किसी को चार साल की बेटी के भविष्य की चिंता थी। कोई त्योहार का खर्च जुटाना चाहता था, लेकिन इन उम्मीदों के बीच उनकी सिर्फ अर्थियां लौटीं। 31 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे श्री गंगा होटल में सफाई के दौरान चारों युवक चैंबर में फंस गए। एक के बाद एक अंदर उतरते गए और दम घुटता गया। बचाने पहुंचे दो लोगों की भी तबीयत बिगड़ गई। करीब 90 मिनट तक रेस्क्यू चला। चारों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। तीन सफाईकर्मी थे, जबकि एक होटल में सुपरवाइजर था।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने नागरिकों और प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की है कि सफाई का काम निगम की अनुमति और उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से ही करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम के पास सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए पर्याप्त आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं।

ऐसे में निजी स्तर पर बिना अनुमति सफाई करवाने की आवश्यकता नहीं है। निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्यों के लिए आवश्यक मशीनों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सफाई में लगे कर्मचारियों को जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

मध्यप्रदेश सरकार तैयार करेगी अनूठा ज्ञानकोश, दुर्लभ पांडुलिपियों का होगा डिजिटलीकरण

डिजिटल दुनिया तक पहुंचेंगी अब भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं, उनका जीवन दर्शन और उपदेश सदियों से पांडुलिपियों के पन्नों पर सहेजे जाते रहे हैं। कहीं संस्कृत के श्लोकों में उनके जन्म और बाल लीलाओं का वर्णन है तो कहीं स्वर्ण और रजत रंगों से उनके जीवन प्रसंगों को चित्रों में उकेरा गया है।

अब ये अनमोल धरोहरें केवल पुस्तकालयों और शोध संस्थानों तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि डिजिटल दुनिया के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचेंगी। मध्य प्रदेश सरकार भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, दर्शन और विचारों पर केंद्रित डिजिटल ज्ञानकोष तैयार करने की दिशा में पहल कर रही है। उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय स्थित सिंधिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान में इस पहल के लिए प्राचीन ज्ञान और सामग्री का समृद्ध आधार मौजूद है। यहां 20 हजार 700 से अधिक पांडुलिपियां संरक्षित हैं। इनमें धर्म, दर्शन, साहित्य, संस्कृति और इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण सामग्री के साथ भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित दुर्लभ पांडुलिपियां भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश सरकार डिजिट ज्ञान कोष तैयार करने के साथ शोध आधारित वृत्तचित्र, नाट्य और संगीत श्रृंखलाओं के प्रसारण के लिए समर्पित यूट्यूब मंच भी शुरू करने की योजना बना रही है।

हाथ से लिखे अक्षरों में जीवंत हैं कृष्ण के प्रसंग

संस्थान के निदेशक प्रो. शितांशु रथ के निर्देशन में इन दुर्लभ धरोहरों को डिजिटल स्वरूप देने का कार्य चल रहा है। श्रीकृष्ण की लीलाओं से संबंधित एक पांडुलिपि पत्रक इसका विशिष्ट उदाहरण है। देवनागरी लिपि और संस्कृत भाषा में लिखे इस पत्रक में स्वर्ण और रजत रंगों का प्रयोग कर चित्रांकन किया गया है। इसमें श्रीमद्भागवत महापुराण के उस प्रसंग को चित्रित किया गया है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद नंद राजा द्वारा जातकर्म संस्कार, ब्राह्मण भोज और दान-पुण्य किया गया था। चित्र में बालकृष्ण माता यशोदा की गोद में विराजमान हैं।

700 पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण

सन 1931 में स्थापित सिंधिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान में 20 हजार 700 से अधिक पांडुलिपियां संरक्षित हैं। इनमें से 700 पांडुलिपियों को 12 अगस्त 2026 से शुरू हुए डिजिटलीकरण कार्य के तहत महज ढाई माह में डिजिटल स्वरूप दिया जा चुका है। अब प्राचीन ज्ञान की इस समृद्ध परंपरा को जानने और समझने के लिए मूल पांडुलिपियों के पन्ने पलटने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। इनकी डिजिटल प्रतियां एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे शोधार्थियों और जिज्ञासुओं को सदियों पुराने ज्ञान तक पहुंचने में आसानी होगी।

स्वर्ण और रजत रंगों का प्रयोग

देवनागरी लिपि और संस्कृत भाषा में लिखे इस पत्रक में स्वर्ण और रजत रंगों का प्रयोग कर चित्रांकन किया गया है। इसमें श्रीमद्भागवत महापुराण के उस प्रसंग को चित्रित किया गया है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद नंद राजा द्वारा जातकर्म संस्कार, ब्राह्मण भोज और दान-पुण्य किया गया था। चित्र में बालकृष्ण माता यशोदा की गोद में विराजमान हैं। माता यशोदा वात्सल्य और हर्ष के भाव से अपने लाडले के बाल स्वरूप को निहार रही हैं। यह चित्र उस समय की चित्रकला, रंग संयोजन और धार्मिक भावबोध की समृद्ध परंपरा का परिचय देता है।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से युवक को गिरता देख दौड़े आरपीएफ जवान

घटना का सामने आया सीसीटीवी फुटेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते समय युवक अचानक गिर गया घटना देख आरपीएफ के जवानों ने दौड़ लगे और युवक को हादसे का शिकार होने से बचा लिया। घटना का वीडियो सामने आया है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर काचीगुड़ा एक्सप्रेस उज्जैन से भोपाल के लिए रवाना हुई थी इस दौरान चलती ट्रेन में नाश्ता लेकर चढ़ने का प्रयास कर रहा युवक अचानक संतुलन बिगड़ने पर गिर गया प्लेटफार्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के जवानों ने उसे ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंसते हुए देखा तो तत्काल दौड़ा लगे और युवक को बाहर खींच कर निकाल लिया उसे दोबारा से ट्रेन में सवार कराया गया। पूरी घटना स्टेशन पर लगे कैमरे में कैद हो गई। घटना बुधवार का होना सामने आया है एक यात्री नाश्ता लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा था। हाथ में पोहे का पैकेट लेकर वापस लौटते समय उसने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। दरवाजे का हैंडल पकड़ते ही उसका हाथ फिसल गया और वह ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान रामचरण यादव तत्काल दौड़े और एक अन्य व्यक्ति की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

महिला के साथ रिश्तेदार हिरासत में, 1 किलो चांदी बरामद

खुदाई में सोना मिलने का झांसा देकर ठगे थे चांदी के आभूषण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खुदाई में सोना मिलने का झांसा देकर किसान के साथ लाखों की धोखाधड़ी कर 3 किलो से अधिक चांदी के आभूषण करने वाले गिरोह में शामिल महिला और उसके रिश्तेदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की निशानदेही पर 1 किलो चांदी के आभूषण बरामद किए जा चुके हैं।

नागदा थाना पुलिस में 23 अक्टूबर को किशन सिंह गुर्जर 58 वर्ष निवासी ग्राम चंदोड़िया थाना खाचरौद की शिकायत पर खुदाई में 1 किलो सोना मिलने का झांसा देकर 3 किलो से अधिक चांदी के आभूषण ठगने की शिकायत दर्ज की थी।

आरोपियों की तलाश में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे और तकनीकी साथियों के आधार पर उनकी लोकेशन को ट्रेस किया। कुछ दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने बबलू पिता हरिलाल राठौड़ 37 वर्ष निवासी गांधीनगर भोपाल को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ में ठगी में शामिल उसकी महिला रिश्तेदार रत्ना पति राजू सिलावट 45 वर्ष निवासी शिव कॉलोनी, नागदा को पकड़ा गया। महिला के घर से ठगे गए 1 किलो चांदी के आभूषण बरामद कर लिए गए वहीं आरोपी बबलू से आधा किलो वजनी नकली सोने के मोतियों की माला जप्त की गई है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश किया गया था महिला को जेल भेजा गया है आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है उनके गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के साथ ठगे गए अन्य आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

मंदसौर के व्यक्ति से की थी 20 लाख की धोखाधड़ी

ऐसी ही एक वारदात को उज्जैन में दो युवक और एक महिला ने अंजाम देकर मंदसौर के किसान से 20 लाख की धोखाधड़ी की थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने हरियाणा की महिला और युवक के साथ लखनऊ के रहने वाले साथी को गिरफ्तार किया था महिला को जेल भेज कर दोनों युवकों से रिमांड पर पूछताछ जारी है। सितंबर अक्टूबर महीने में खुदाई में सोना मिलने का झांसा देकर रतलाम और इंदौर के लोगों से भी 40 लाख से अधिक की ठगी की गई थी। नागदा और उज्जैन पुलिस रतलाम पुलिस के साथ मिलकर पूरे गिरोह को ट्रेस करने के प्रयास कर रही है।

बीवी भाग गई, वापस दिला दीजिए, जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंचा पति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साहब ! मेरी बीवी मुझे छोड़कर चली गई है, प्लीज उसे वापस दिलवा दीजिए...उज्जैन कलेक्टर जनसुनवाई में मंगलवार को जब यह फरियाद गूंजी, तो वहां मौजूद अफसर भी अपना सिर पकड़ने पर मजबूर हो गए। अमूमन जनसुनवाई में लोग जमीन-जायदाद के विवाद, पेंशन, राशन या बिजली के बिलों की शिकायत लेकर आते हैं, लेकिन यहां तो मामला सीधे दिल और घर के अचानक खाली हो जाने का निकला।

ऋषि नगर के राजीव रत्न मल्टी में रहने वाले और पेशे से सिक्योरिटी गार्ड रियाज खान उर्फ भूरू जब अपनी ड्यूटी खत्म करके घर लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दरवाजे पर बड़ा सा ताला लटका था साथ ही बीवी पूरे परिवार के साथ गायब थी। रियाज का आरोप है कि उनकी पत्नी फिरोज खान उर्फ 'लाला' के साथ चली गई है।

रियाज ने बताया कि पत्नी अकेले नहीं गईं, बल्कि अपनी दोनों शादीशुदा बेटियों को भी साथ ले गई हैं। हद तो तब हो गई जब रियाज ने खुलासा किया कि मैडम और फिरोज खान ने जाने से पहले मोहल्ले के कई लोगों से अच्छे-खासे रुपये उधार भी समेट लिए और फिर मकान पर ताला जड़कर नौ दो ग्यारह हो गए। इतना ही नहीं, रियाज ने अपने दामाद साजिद उर्फ संजू पर भी मारपीट करने और ज्यादा छानबीन करने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

सीएम का काफिला निकला तो वर्दी का रौब दिखाने लगे आरक्षक!

रैपिडो चालक को जड़ा थप्पड़, मोबाइल-चाबी भी छीनी

जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर के सामने पहुंचा युवक

दो आरक्षकों पर मारपीट और बदसलूकी के आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में खाकी के रौब से जुड़ा एक मामला पुलिस जनसुनवाई तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री के काफिले की आवाजाही के दौरान ड्यूटी कर रहे दो पुलिस आरक्षकों पर एक रैपिडो बाइक चालक को थप्पड़ मारने और उसके साथ अभद्रता करने के आरोप लगे हैं। मामला अब पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के दरबार में पहुंच गया है। छक्कड़ 1 निवासी हर्ष बांगर ने जनसुनवाई में शिकायत सौंपकर दोनों आरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हर्ष के मुताबिक, 26 अक्टूबर को वह टीसीएस के पास अपनी रैपिडो राइड के ग्राहक का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान मुख्यमंत्री के काफिले की आवाजाही को लेकर पुलिस चेकिंग कर रही थी। आरोप है कि इसी बीच ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे बुलाया और पूछताछ के नाम पर ऐसा रौब दिखाया कि बात सीधे थप्पड़ तक पहुंच गई। युवक का दावा है कि एक आरक्षक ने उसके दाहिने गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। इतना ही नहीं, उसका मोबाइल और बाइक की चाबी भी छीन ली गई।

युवक का कहना है कि पुलिसकर्मियों की इस कथित हरकत के चलते उसकी रैपिडो राइड भी कैंसिल हो गई और उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना से उसकी प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची।

कॉल रिकॉर्डिंग सौंपी

युवक ने अपनी शिकायत के साथ परिचित को किए गए फोन की 3 मिनट 39 सेकंड की कॉल रिकॉर्डिंग और थप्पड़ से संबंधित फोटो साक्ष्य होने का दावा भी किया है। शिकायत में आगे बताया गया कि पुलिसकर्मी उसे थाना बाणगंगा लेकर पहुंचे, जहां ढाबे के सामने उस पर झूठे आरोप लगाए गए और माफी मांगने का दबाव बनाया गया। इसके बाद उसे वापस घटनास्थल पर छोड़ दिया गया। अब सवाल यह है कि आखिर चेकिंग के दौरान ऐसा क्या हुआ कि एक रैपिडो चालक को थाने तक ले जाने की नौबत आ गई? युवक ने दोनों आरक्षकों के साथ ढाबे पर वाहन में तैनात पुलिसकर्मियों की पहचान कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। हर्ष ने पुलिस कमिश्नर से घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, पुलिसकर्मियों के ड्यूटी रिकॉर्ड और संबंधित साक्ष्य सुरक्षित रखने की मांग की है।

क्या रूख अपनाएगा पुलिस महकमा

दोषी पाए जाने वालों पर कानूनी और विभागीय कार्रवाई करने, आर्थिक नुकसान की भरपाई और मानहानि के मामले में उचित कार्रवाई की मांग भी की है। युवक ने परिवार को भविष्य में परेशान नहीं किए जाने की मांग भी शिकायत में रखी है। अब देखना होगा कि जनसुनवाई में पहुंची इस शिकायत पर पुलिस महकमा क्या रुख अपनाता है और वर्दी के कथित रौब की निष्पक्ष जांच होती है या मामला फाइलों में ही सिमटकर रह जाता है।



दिल्ली से वापस लौटी छात्रा

राहुल गांधी ने कराया बड़वानी की प्रियंका की आंखों का इलाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में राहुल गांधी ने जिस छात्रा से उसके इलाज का वादा किया था, उसे निभाया और अब बड़वानी की प्रियंका सेंगर दिल्ली से अपनी आँखों का इलाज कराकर इंदौर लौटी है।

19 सितंबर को जो विद्यार्थी मंच पर आए थे, उनमें प्रियंका भी शामिल थी। प्रियंका की एक आँख खराब देख राहुल ने उससे पूछा था। तब प्रियंका ने बचपन में हुए हादसे का जिक्र कर एक आँख खराब होने की बात बताई थी और कहा था कि पैसों के अभाव में इलाज नहीं करवा पा रही है। इसके बाद राहुल ने मंच पर ही कहा था, दिल्ली में आपका इलाज कराऊंगा। पिछले महीने राहुल गांधी की टीम ने प्रियंका और उसके परिजनों से संपर्क किया था और फिर दिल्ली इलाज के लिए बुलाया था। दिल्ली में प्रियंका की आँखों का इलाज हो चुका है और पहले की तुलना में उसकी आँखों की दृश्यता बेहतर हुई है। वह दिल्ली से फ्लाइट से इंदौर लौटी। प्रियंका ने बताया था कि जब वह तीन साल की थी, तब उसकी आँखों में चूना चला गया था। इससे एक आँख खराब हो गई थी और आँख से दिखाई भी नहीं देता था। राहुल ने मंच से पूछा था कि आँखों का इलाज कराया? तो प्रियंका ने बताया था कि एक ऑपरेशन तो हो चुका है, लेकिन दूसरे ऑपरेशन के लिए माता-पिता के पास पैसे नहीं थे। इस कारण आगे का इलाज नहीं हो सका।

राहुल द्वारा इलाज का आश्वासन दिलाए जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रियंका के माता-पिता से फोन पर चर्चा की थी और इलाज का भरोसा दिलाया।

न्यूज कालम

धार में जिला स्तरीय लोक नृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता आयोजित

धार। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), धार में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय लोक नृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट धार के प्राचार्य श्री मनोज कुमार शुक्ला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर डाइट की छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ व्याख्याता श्री ठाकुर लाल मालवीय ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य श्री मनोज कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में केवल प्रथम स्थान प्राप्त करने की दौड़ के बजाय निरंतर प्रयास, सहभागिता एवं अपनी क्षमताओं के विकास पर अधिक बल दिया जाना चाहिए। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।

मुंदी मेला ग्राउंड में पटाखा व्यापारियों की बैठक

मुंदी। दीपावली पर्व के मद्देनजर मुंदी स्थित संत श्री बुखारदास एवं गुलाबदास बाबा मेला ग्राउंड में पटाखा बाजार की तैयारियों को लेकर नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में नगर परिषद सीएमओ संजय जैन और थाना प्रभारी राजेश ओहरिया ने पटाखा व्यापारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आवंटन प्रक्रिया के दौरान नगर परिषद मुंदी के द्वारा नगर के स्थानीय 36 लाइसेंसी व्यापारियों को निर्धारित शुल्क लेकर परिषद की प्रक्रिया के अनुसार दुकानें आवंटित की गई बैठक में पटाखा दुकानों के आवंटन, सुरक्षा व्यवस्था तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों के पालन को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने व्यापारियों को निर्देशित किया कि दुकानें निर्धारित स्थानों पर ही लगाएं तथा सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करें।

बालाजी धाम में देर रात 2 बजे तक गूंजे ठहाके

खंडवा। शहर स्थित बालाजी ग्रुप के प्रसिद्ध 'बालाजी धाम' में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह जी के जन्म दिवस, सुश्री स्नेहा गोयल के जन्म दिवस, मध्य प्रदेश स्थापना दिवस और प्रकाश पर्व दीपावली के पावन उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। देर रात 2:00 बजे तक चले इस काव्य उत्सव में खंडवावासी देर रात तक अपनी जगह पर जमे रहे और देश के ख्यातनाम कवियों की रचनाओं का भरपूर आनंद लिया। कवि सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद मंच पर शुरू हुआ कविताओं का सिलसिला देर रात तक निर्बाध रूप से चलता रहा।

दीपावली पर बस्ती में किया जाएगा उपयोगी वस्तुओं का वितरण

खण्डवा। पूर्व निमाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स , लायन्स क्लब खण्डवा व रोटरी क्लब खण्डवा के संयुक्त तत्वावधान में ₹आनलाइन नहीं पड़ोसी व स्थानीय दुकान ही सही₹ इस बात का संदेश देने हेतु स्थानीय व छोटे व्यापारियों से खरीदी करने व जागरूकता का सन्देश देने हेतु दिनांक 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे स्थानीय व्यापारी से खरीदी करेंगे ।जानकारी देते हुए प्रवक्ता नारायण बाहेती व कमल नागपाल ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार पूर्व निमाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज खण्डवा के अध्यक्ष सुनील बंसल,सचिव संतोष गुप्ता,कोषाध्यक्ष मोहन दीवान, लायन्स क्लब खण्डवा की अध्यक्ष घनश्याम वाधवा सचिव हेमलता पालीवाल कोषाध्यक्ष पवन लाड़ रोटरी क्लब खण्डवा निमाड़ के अध्यक्ष गोविंद शर्मा सचिव संजीव मण्डलोई कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में सभी व्यापारी व क्लब सदस्य नगर पालिक निगम प्रांगण में एकत्र होंगे ।इस अवसर पर चेम्बर के अध्यक्ष सुनील बंसल ने कहाकि हमारे त्यौहार हो या फिर महामारी जैसी विकट परिस्थितिया हो, इस समय हमारे अपने स्थानीय व्यापारी ही सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े होते हैं ।त्योहारी सीजन में हम थोड़े से कमीशन के लिए ऑनलाइन सामान खरीदेंगे तो फिर यह व्यापारी निराश होंगे। त्योहारों के समय हम सबको याद रखना होगा कि हम भारतीय हैं। हमारे पर्व भारतीय हैं ।इसलिए खरीदारी भी हम भारतीयों से ही करें।

पंडित भगवंतराव मंडलोई को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

खंडवा। निमाड़ के गौरव एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा संविधान सभा के सदस्य स्वर्गीय पंडित भगवंतराव मंडलोई की पुण्यतिथि पर सद्भावना मंच द्वारा मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सद्भावना मंच के सदस्य कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि माली कुआं स्थित मंच कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने मंडलोई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि खंडवा के इतिहास में स्वर्गीय भगवंतराव मंडलोई का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे दूरदर्शी सोच रखने वाले जननेता थे और खंडवा को सभी आवश्यक संसाधनों से संपन्न देखना चाहते थे। उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा और क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पित रहा। कार्यक्रम में प्रमोद जैन,पंडित के के व्यास,सुरेंद्र गीते,देवेंद्र जैन,अनूप शर्मा,गणेश भावसार,कमल नागपाल और एम एम कुरैशी सहित अन्य सदस्यों ने स्वर्गीय मंडलोई को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अंतर्राष्ट्रीय काव्य संग्रह का लोकार्पण हुआ

खंडवा। भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय काव्य संग्रह हर हर महादेव का लोकार्पण मोतीलाल नेहरू विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार सुधीर देशपांडे जी ने एक विषय पर 153 कविताओं की सराहना की। प्राचार्य मनीषा कास्वी ने संग्रह को उपयोगी बताया। संस्कृति प्रभारी उमा भाटे ने श्री जैन की कविता को भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप एवं पाठ्यक्रम से संबंधित बताया। आनंद कुमार जैन ने बताया कि इस पुस्तक में 153 कविताएं हैं।



5 माह से मध्याह्न भोजन का नहीं हुआ भुगतान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तैयार करने वाले समूहों को पिछले पांच माह से भुगतान नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली का त्योहार नजदीक होने के बीच समूह संचालकों ने किराना सामग्री की राशि और रसोइयों की मजदूरी का भुगतान जल्द कराने की मांग की है। इस संबंध में समूह संचालकों ने 3 नवंबर 2026 को खंडवा कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर अपनी समस्या से अवगत कराया। आवेदन में बताया गया कि पीएम पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने वाले समूहों को पिछले पांच माह से किराना सामग्री एवं रसोइयों की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। भुगतान लंबित होने से समूह संचालक बाजार की उधारी के बोझ से परेशान हैं और उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

आवेदन में कहा गया कि समय पर भुगतान नहीं होने के कारण आगामी दिनों में शासकीय स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना प्रभावित होने और बंद होने की स्थिति निर्मित हो सकती है। समूह संचालकों के सामने किराना सामग्री की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है, वहीं रसोइयों को भी मजदूरी नहीं मिल पा रही है। समूह संचालकों ने कलेक्टर से मांग की है कि जिले के सभी समूहों को पिछले पांच माह की बकाया किराना सामग्री एवं रसोइयों की मजदूरी का भुगतान एक साथ कराया जाए। साथ ही भविष्य में भुगतान नियमित रूप से समय पर करने के लिए उचित कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे। समूह संचालकों ने प्रशासन से दीपावली के त्योहार को देखते हुए जल्द राहत प्रदान करने की अपील की है।

डेयरी और मिठाई दुकानों से लिए सैंपल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

बड़वानी में दीपावली के बाजार में मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने जांच अभियान तेज कर दिया है। खाद्य सुरक्षा और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को राजघाट रोड स्थित भारत दूध डेयरी प्लांट सहित शहर की दो मिठाई दुकानों पर औचक जांच की। टीम ने तीनों प्रतिष्ठानों से कुल 11 नमूने लिए हैं। कलेक्टर के निर्देशन में पहुंची टीम ने भारत दूध डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया। यहां से दूध, मावा और घी के तीन नमूने लिए गए। तहसीलदार राहुल सोलंकी ने बताया कि त्योहार को देखते हुए दुकानों, खाद्य प्रतिष्ठानों और दूध डेयरियों की जांच की जा रही है। नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर होगी जिला बदर की कार्यवाही, दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार की अध्यक्षता में अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय, निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक आयोजित की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक में संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संभाग में अवैध रूप से मदिरा का निर्माण करने वाले, उसका भण्डारण करने वाले तथा विभिन्न माध्यमों से परिवहन और विक्रय करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर जिला बदर और एनएसए की कार्यवाही करें। शराब की दुकानें कतिपय स्थानों पर इंदौर शहर में नियत समय के बाद भी खुले रहने की जानकारी आई है, इन पर एक्साइज विभाग कार्यवाही करें।

गाँजे की खेती जिन स्थानों पर पकड़ी गई है, वहां के स्थानीय प्रशासनिक अमले की जिम्मेदारी तय करें। साथ ही अवैध शराब के भंडारण पाए जाने पर एक्साइज एक्ट के 34(2) के प्रकरणों में न्यायालयों में सशक्त पैरवी की जाये, ताकि दोषसिद्धि हो सके। इस तरह की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए और प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में आबकारी विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में संभागायुक्त कार्यालय से आईजी श्री अनुराग, उपायुक्त आबकारी श्री इंदरसिंह जामोद तथा इंदौर कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक, आबकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों, सीमावर्ती इलाकों, प्रमुख मार्गों तथा ऐसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए, जहां अवैध मदिरा के परिवहन अथवा विक्रय की आशंका रहती है। नियमित जांच अभियान चलाकर अवैध मदिरा के स्रोत और उसके वितरण नेटवर्क का पता लगाया जाए। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध की कार्रवाई के साथ ही उनके सहयोगियों और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जाए।

उन्होंने कहा कि अवैध मदिरा जनस्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। विशेष रूप से मिलावटी एवं अनधिकृत रूप से निर्मित मदिरा के सेवन से जनहानि की आशंका बनी रहती है। इस दृष्टि से संबंधित अधिकारी पूरी सतर्कता और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निर्देश दिए कि अवैध मदिरा के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई की नियमित समीक्षा की जाए। विभागीय अधिकारियों के बीच सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए तथा कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता नहीं बरती जाए।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तहसील शाखा मनावर की विशेष बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर मप्र द्वारा पेंशनर विशेष बैठक दिनांक 3 - 11 26 सोमवार समय दोपहर 11:00 स्थान सिंघाना रोड स्थित बंकनाथ मंदिर के बाड़े में नर्मदा मंदिर मनावर जिला धार मप्र में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष भाना लाल सोलंकी ने पेंशनर्स के हितों के सम्बन्ध में यूनियन को और भी सशक्त बनाने पर और पेंशनरों के लिए भविष्य में आने वाली पेंशन संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के लिए संकल्पित हो कर अपनी बात रखी ` वार्षिक सदस्यता शुल्क के संबंध में राशि जमा करने बाब्डी निवेदन किया गया ताकि संगठन मजबूत बने।

पेंशनरों के पेंशन खाते से कटने वाली राशि टीडीएस के संबंध में चर्चा।30 जून 2023 तक रिटायर हुए पेंशनरों को 35 वर्षीय समय वेतनमान क्रमोन्नति के संबंध में चर्चा की। जो पेंशनर 1 जुलाई 23 से पूर्व रिटायर हुए अपने साथ प्रथम नियुक्ति आदेश। प्रथम क्रमोन्नति आदेश, द्वितीय क्रमोन्नति आदेश, 30 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश, सेवानिवृत्ति आदेश की आदेश की कॉपी कुल 6 प्रकार के डॉक्यूमेंट लाने हेतु कहा गया है ताकि कोर्ट में याचिका तैयार कर सके इस संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की पेंशनर्स अपना जीवित होने का प्रमाण पत्र हेतु फॉर्म स्वयं जाकर भी संबंधित बैंक में जमा करवा सकते हैसाथ ही प्रोग्रेसिव पेंशनर्स की वार्षिक सदस्यता शुल्क वर्ष 2026 -2027 सदस्यता हेतु जमा की गई `धार पेंशनर्स- डे पर दिनांक 20, 12.2026 को जाने हेतु सहमति तथा 80 वर्ष पूर्ण करने वाले

कार्य में लापरवाही पर 4 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव रंजन मीना ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 201-धार के चार बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्वाचन कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं।

कार्यवाही में जितेन्द्र ठाकुर, सहायक ग्रेड-03 एवं बीएलओ मतदान केंद्र क्रमांक 59 प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 11 नगर पालिका धार, श्री बलवंत यादव प्राथमिक शिक्षक एवं बीएलओ मतदान केंद्र क्रमांक 171 प्राथमिक विद्यालय कुंदरसी विकासखंड शिक्षा धार, श्रीमती भावना वर्मा सहायक ग्रेड-02 एवं बीएलओ मतदान केंद्र क्रमांक 108 लोक निर्माण विभाग धार तथा श्री अजय मण्डलोई सहायक मानचित्रकार एवं बीएलओ मतदान केंद्र क्रमांक 114 शासकीय संस्कृत विद्यालय धार शामिल हैं।

आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य प्रचलन में है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 201-धार द्वारा संबंधित बीएलओ को अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद संबंधित बीएलओ द्वारा निर्धारित अवधि तक बीएलओ एप पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया और न ही अपने मतदान क्षेत्र में भ्रमण कर नवीन मतदाताओं से संपर्क किया गया।

इसके अतिरिक्त, पहली बार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाले पात्र मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज भी प्राप्त नहीं किए गए।

गांधीजी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूदे थे पं. भगवंत राव मंडलोई : विधायक तन्वे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्मभूषण स्वर्गीय पंडित भगवंत राव मंडलोई की पुण्यतिथि पर मंगलवार को घंटाघर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और मंडलोई परिवार के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और विकास कार्यों को याद किया।

विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने कहा कि खंडवा के लिए गौरव की बात है कि पंडित भगवंत राव मंडलोई का जन्म इस धरती पर हुआ। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और देश की आजादी के लिए योगदान दिया। उनका त्याग, समर्पण और जनसेवा का जीवन आज भी प्रेरणास्रोत है।

महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि काका साहब ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में



दूरदर्शी सोच के साथ खंडवा सहित प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शहर के विकास के लिए सकारात्मक पहल करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मंडलोई फाउंडेशन एवं परिवार की ओर से अमिताभ मंडलोई ने कहा कि काका साहब की सोच व्यापक थी। वे सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे और खंडवा व प्रदेश को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए हमेशा संकल्पित रहे।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल ने मंडलोई परिवार के साथ अपने परिवार के आत्मीय संबंधों को याद करते हुए उनके सामाजिक सरोकारों और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

कांग्रेस न किया प्रदर्शन, शराब नीति के खिलाफ उठाई आवाज

कांग्रेस नेताओं ने कहा- प्रदेश में शराब माफिया को मिल रहा राजनीतिक संरक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



मध्यप्रदेश की शराब नीति और प्रदेश में कथित रूप से बढ़ते शराब माफिया के प्रभाव के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को सुबह 10:30 बजे खंडवा में कांग्रेसजनों ने घंटाघर पर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार की शराब नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए शराब माफिया पर अंकुश लगाने और अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में शराब माफिया को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इसके चलते अवैध शराब का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. मुनीश मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश में शराब माफिया बुरी तरह हावी है। शिवराज सरकार के कार्यकाल से लेकर वर्तमान मोहन सरकार तक शराब माफिया का प्रभाव लगातार बढ़ा है। उन्होंने खंडवा में पदस्थ रहे कोतवाली टीआई दिलीप पुरी की शराब माफिया द्वारा वाहन से कुचलकर की गई हत्या का उल्लेख भी किया। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब माफिया को कहीं न कहीं से संरक्षण मिल रहा है।

मोगली बाल उत्सव में शामिल होने के लिए चार विद्यार्थी रवाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव में सहभागिता के लिए जिले के चार विद्यार्थियों का दल मंगलवार को सिवनी के पेंच नेशनल पार्क के लिए रवाना हुआ। उत्सव 4 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के 55 जिलों के विद्यार्थी और मार्गदर्शक शामिल होंगे। डीईओ ज्योति पटेल ने बताया वरिष्ठ वर्ग में रिका अलावे और संदीप जमरा, कनिष्ठ वर्ग में कनिष्का कन्नोजे और कृष्णा पिपलौदे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। रिका और कनिष्का शासकीय कन्या शिक्षा परिसर माता शबरी, संदीप जमरा शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 और कृष्णा पिपलोदे शासकीय पीएमश्री बालक उमावि क्रमांक-2 के विद्यार्थी हैं।

थाना जावर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर गांजे के 221 पौधे किए जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

जप्त गांजे के पौधों की अनुमानित कीमत 29 लाख से ज्यादा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



खण्डवा पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना जावर पुलिस द्वारा दिनांक 02.11.2026 को मुखबिर से प्राप्त अलग-अलग सूचनाओं पर ग्राम डेबरी फाल्या कैसून में दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए खेतों में कपास एवं तुअर की फसल के बीच अवैध रूप से लगाए गए गांजे के कुल 221 पौधे जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डेबरी फाल्या कैसून निवासी दरियावसिंह पिता सवर्ण निंगवाल उम्र 48 वर्ष ने अपने घर के पास स्थित खेत में कपास एवं तुअर की फसल के बीच गांजे के पौधे लगा रखे हैं। सूचना पर थाना जावर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी के खेत से गांजे के 110 पौधे जप्त किए गए, जिनका कुल वजन 195.361 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत 1954000/- है। आरोपी दरियावसिंह को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार दूसरी मुखबिर सूचना पर ग्राम डेबरी फाल्या कैसून निवासी भूरु उर्फ राजेश पिता सागर भीलाला उम्र 40 वर्ष के खेत में दबिश दी गई। आरोपी द्वारा कपास एवं तुअर की फसल के बीच गांजे के पौधे लगाए गए थे। पुलिस टीम ने मौके से गांजे के 111 पौधे जप्त किए, जिनका कुल वजन 1 क्विंटल 700 ग्राम एवं अनुमानित कीमत 1,00,700/- है। आरोपी भूरु उर्फ राजेश को गिरफ्तार किया गया।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर

केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों को आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया

बड़वानी। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को आपदा प्रबंधन कार्यशाला और अग्निशमन ड्रिल आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को आग लगने, भूकंप सहित अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के तरीके बताए।

जन सूचना

तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त पश्चिम परिमण्डल मुम्बई द्वारा निरीक्षण

रेल प्रशासन द्वारा तीही धार रेलखंड के कमीशनिंग के संबंध में, तिही-धार के बीच रेलवे लाइन पर **दिनांक 30.10.2026 से 06.11.2026 तक प्रातः 08:00 बजे से शाम 09:00 बजे के बीच** तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन का निरीक्षण एवं 130 किमी प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया जायेगा।

अतः सर्वसाधारण जनता से अनुरोध है कि वे **दिनांक 30/10/2026 से 06/11/2026 को प्रातः 08:00 बजे से शाम 09:00 बजे के बीच** तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन के करीब न जावें एवं समय नियमों का पालन करें जिससे कोई दुर्घटना न हो।

यह सूचना-सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित है।

पश्चिम रेलवे

wr.indianrailways.gov.in

0756

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

युवक-युवती की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

उज्जैन। घट्टिया और झारडा थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक-युवती की जहर खाने से मौत होने का मामला बुधवार को सामने आया। दोनों मामले अलग-अलग है। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि सुबह निजी अस्पताल से सूचना मिलने पर कृष्णकुमार पिता अमृतलाल 27 वर्ष निवासी ग्राम नजरपुर घट्टिया की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। कृष्णकुमार 2 दिनों से अस्पताल में भर्ती था। शाम झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम नागपुरा से वर्षा पिता कृष्णादास बैरागी 19 साल को परिजन बेसुध हालत में चरक अस्पताल लेकर आये थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा था कि वर्षा ने जहरीला पदार्थ खाय था। अस्पताल स्टॉफ की ओर से कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

देवास से उज्जैन लाते वक्त थमी घायल युवक की सांस

उज्जैन। धरमपुरी स्थित फैक्ट्री में काम करने वाला देवकरण पिता नारायणगिरी 41 साल देवास का रहने वाला था और प्रतिदिन फैक्टी से घर के लिये बाइक से आना-जाना करता था। मंगलवार देर शाम वह धरमपुरी फैक्ट्री से घर जाने के लिये निकला था। लेकिन रास्ते में उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे गंभीर हालत में देवास ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रैफर कर दिया। परिजन रात में उज्जैन लेकर आ रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी सांस थम गई। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया था। बुधवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि देवकरण 2 बच्चों का पिता था, उस पर परिवार की जिम्मेदारी का भार था।

निनौरा टोल पर ऑटो-बस में भिड़ंत, 2 घायल

उज्जैन। इंदौररोड पर निनौरा टोल के आगे देर शाम बस और आटो के बीच भिडंत हो गई। आटो में चालक लीलाधर पिता मदनलाल बागवान 40 साल निवासी ग्राम जमालपुरा और बबलू पिता कालू चांगेचा 33 साल सवार थे। दुर्घटना में दोनों घायल हो गये। वहीं आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। नानाखेडा थाना पुलिस ने मामले में आटो चालक के बयान दर्ज कर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बस इंदौर-उज्जैन के बीच चलती है। दुर्घटना के बाद उसमें सवार यात्री उतरकर दूसरी बस से अपने गतंव्य के लिये रवाना हो गये थे। पुलिस बस चालक की तलाश कर रही है। दूसरा दुर्घटना का मामला लोडिंग पिकअप और कार के बीच फ्रीगंज क्षेत्र में हुआ। लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 एल 4992 के चालक ने दिलीप पिता मोतीलाल मीणा निवासी बाढकुम्मेद नरवर की कार को टक्कर मार दी। माधवनगर पुलिस ने लोडिंग चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

कच्ची शराब के साथ पकड़ाया चोरी- मारपीट का आरोपी

उज्जैन। भाटपचलाना थाना पुलिस ने ग्राम सलवा में रहने वाले मुकेश पिता छोगालाल को उसके घर के पास से कच्ची शराब की तस्करी करते पकडा है। उसके पास 5 लीटर शराब की केन बरामद की गई। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि आरोपी मुकेश थाने का रजिस्टर्ड बदमाश है। उसके खिलाफ चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। अवैध शराब मिलने पर धारा 49(क), 34(1) आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

शोरूम के सामने से बदमाशों ने चुराई पल्सर बाइक



उज्जैन। तिरूपति सॉलिटर कालोनी पंचक्रोशी मार्ग पर रहने वाला सौरभ पिता टीकमसिंह पंवार अपनी बजाज पल्सर बाइक से डीआईवाय शोरूम फ्रीगंज आया था। बाइक खडी करने के बाद वह शोरूम में चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो उसकी बाइक क्रमांक एमपी 13 एफएस 1620 गायब थी। आसपास तलाश करने पर नहीं मिली तो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी करने की शिकायत माधवनगर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। बाइक का दूसरा मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र के विवेकानंद कालोनी से सामने आया। यहां रहने वाले सचिन पिता बद्रीलाल पाटीदार ने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। दिनदहाडे अज्ञात बदमाश बाइक चुराकर ले गये। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है।

दिन	278-7		789-4
मेन बाजार	135-9		268-6
कल्याण नाइट	290-1		580-3
मिलन डे	580-3		566-7
मिलन नाइट	360-9		349-6
मधुर डे	266-4		236-1
मधुर नाइट	470-1		236-1
शुभांक	6	4	1

युवक-युवती बेग में छुपाकर लाये थे डोडाचूरा

हिरासत में आये बाइक सवार 2 युवको के पास भी मिला गांजा, एक अन्य आरोपी भी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस ऑपरेशन प्रहार अभियान चला रही है। जिसमें हर दिन मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की धरपकड की जा रही है। मंगलवार-बुधवार रात युवक-युवती के बेग से 30 किलो डोडाचूरा बरामद किया। बाइक सवार 2 युवक गांजे के गिरफ्त में आये है। चारों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि केडी पैलेस के पास युवक-युवती मादक पदार्थ बेचने की फिराक में आ रहे है। रात में घेराबंदी की गई और बेग लेकर आते दिखाई दिये युवक-युवती को पकडा गया। पूछताछ करने पर उनके नाम सिमरन पति अजय पंजाबी 20 साल और रानू पिता संतोष रिषी 24 साल निवासी छावनी पठार रायसेन सामने आये। उनके बेग की तलाशी लेने पर उसमें रखा 30 किलो मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर मंदसौर से लेकर आने की बात कहीं। थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रतापसिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर बुधवार को



न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वह मादक पदार्थ किसे देने आये थे। संभावना है कि तस्करी की चैन सामने आ सकती है। बरामद डोडाचूरा की कीमत 67 हजार सामने आई है।

बाइक से गांजा लेकर आये थे तराना- धवार सुबह तराना पुलिस ने ग्राम कनार्दी मार्ग पटेल लोधी कृषि फार्म के पास बाइक सवार 2 युवकों को रोका और उनके पास मौजूद 3 पैकेट की तलाशी ली गई। जिसमें 2 किलो 563 ग्राम गांजा मिला। युवकों से पूछताछ में महेश पिता सुनील दुबे और निर्भय पिता हिन्दूसिंह गुर्जर निवासी तराना सामने आये। थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

इधर बरामद हुआ आधा किलो गांजा

माकडोन पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर तनोडिया रोड पुलिया के पास घेराबंदी कर कालूराम पिता बाबूलाल होली ग्राम खेडा पचोला को पकडा। उसके पास से 510 ग्राम गांजा बरामद होने पर प्रकरण दर्ज किया। कालूराम गांजा बेचने की फिराक में निकला था। उससे बरामद गांजा 12 हजार रूपये कीमत है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना और समाज का नशामुक्त बनाना है। अभियान पूरे जिले में लगातार जारी रहेगा।

अभियान चला तो विभागों की कार्रवाई में उपभोक्ता की जेब कटाई की हकीकत सामने आई.....

खाद्य पदार्थों में अशुद्धि, तौल में भी बड़ा झोल

नापतौल विभाग के विशेष जाँच अभियान में उज्जैन एवं महिदपुर में 9 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि उपभोक्ता से मनमानी राशि लेकर भी उसे शुद्ध खाद्य वस्तु प्रदाय नहीं हो रही है और उसके साथ तौल में भी झोल किया जा रहा है। अभियान चला ताक विभागों की कार्रवाई में उपभोक्ताओं की जेब कटाई की हकीकत सामने आई है। खाद्य विभाग के बाद अब नापतौल विभाग के विशेष जांच अभियान में उज्जैन एवं महिदपुर में 9 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

त्यौहारों पर खाद्य वस्तुओं की बढती मांग के चलते उपभोक्ताओं के साथ छल किया जा रहा है । पर्याप्त राशि लेकर भी उन्हें अशुद्धि की खाद्य सामग्री व्यापारी दे रहे हैं। अशुद्ध मावा सहित मिठाईयां यही नहीं खाने की वस्तुओं में जमकर मिलावट आम आदमी को पर्याप्त पैसा देकर भी बिमारी दे रही है। बची खुची कमी व्यापारियों ने तौल में गडबड के साथ पूरी कर दी है। यानिकी त्यौहारों पर यह साफ हो गया है कि विभागीय नियंत्रण के अभाव में अशुद्ध खाद्य सामग्री एवं कम तौल पूरा मौल जमकर चला है। नियंत्रक नापतौल, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा दिवाली पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष जाँच अभियान चलाने के निर्देश दिये गये थे। इन निर्देशों के अनुपालन में विभाग द्वारा व्यापक जाँच अभियान चलाया गया।

ये किया नापतौल विभाग ने- उज्जैन नगर में किराना, हार्डवेयर, पेंट एवं ज्वेलर्स आदि कुल 8 व्यापारिक संस्थानों की जाँच की गई। जाँच के दौरान संस्थानों पर उपयोग किये जा रहे नापतौल उपकरणों का पुन: सत्यापन/मुद्रांकन नहीं कराये जाने के कारण तीन संस्थानों सर्वे किराना, रेखा हार्डवेयर तथा लक्ष्मी किराना (मक्सी रोड) के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। महिदपुर में भी विभिन्न व्यापारिक संस्थानों जैसे किराना, होटल, हार्डवेयर एवं मंडी की जाँच की गई।

जाँच के दौरान 6 प्रतिष्ठानों पर नापतौल उपकरणों में कमियाँ पाये जाने पर उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज किये गये।जाँच दल में निरीक्षक नापतौल अफजल हुसैन एवं दीपशिखा नागले शामिल रहे।

तराना,नागदा,उन्हेंल में खाद्य विभाग की कार्रवाई- मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने तराना में डोकर गांव के प्रताप सिंह, खोकरिया के सोनू राठौर एवं ग्राम बरसिमा के मोजीराम जाट से दूध के नमूने लिए गए। इसके अलावा ग्राम पानखेड़ी स्थित मां पीताम्बरा दूध डेयरी, नागशक्ति दूध डेयरी महावीर पथ तराना तथा मस्ताना दूध डेयरी नयापुरा से भी दूध के नमूने संग्रहित किए गए। श्री चारभुजा स्वीट्स झंडा चौक तराना से मावा बर्फी एवं घी तथा श्रीनाथ जी डेयरी खाण्डेराव बाजार से घी, काजू कतली एवं बेसन के लड्डू के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने तहसील नागदा एवं उन्हेल क्षेत्र में भी कार्रवाई की। राजेन्द्र स्वीट्स जवाहर मार्ग नागदा से मलाई बर्फी, श्री महावीर स्वीट्स सेंटर एमी रोड से मावा रोल तथा गुरु महिमा नमकीन एंड स्वीट्स एमजी रोड से सेव नमकीन का नमूना लिया गया। उन्हेल स्थित अब्दुल हुसैन नरूद्दीन के प्रतिष्ठान से मैदा, सूजी, बेसन एवं हल्दी पाउडर तथा ए.के. ट्रेडर्स से रसगुल्ला, सोहन पपड़ी, मैदा एवं रवा के नमूने संग्रहित किए गए।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि खाद्य पदार्थ अमानक अथवा मिलावटी पाए जाते हैं तो संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

छात्र से मारपीट का इंस्टग्राम पर वायरल किया था वीडियो

36 घंटे में चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

उज्जैन। कक्षा 12 वीं में साथ पढ़ने वाली छात्रा को मोबाइल नम्बर देने पर छात्र के साथ चार युवकों द्वारा शमशान में ले जाकर अर्धनग्न कर मारपीट की थी और इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल कर दिया था। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर चारों आरोपी युवकों को 36 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

तराना थाना क्षेत्र के ग्राम कनार्दी में रहने वाले कक्षा 12 वीं के नाबालिग छात्र ने 2 नवम्बर को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बस से सरकारी स्कूल आना-जाना करता है। उसके साथ सहपाठी छात्रा पर आती है। उसके द्वारा मोबाइल नम्बर मांगा गया था। उसने अपना नम्बर दिया था। छात्रा ने उसे वाटसएप पर मिस्का दिये थे। 1 नवम्बर की शाम वह के बाहर खड़ा था, उसी दौरान बाइक से तौफीक खान और शोएब शाह आये और उसे अपने साथ शमशान की ओर लेकर गये। जहां उनके 2 अन्य साथी आ गये। चारों ने मारपीट की और अर्धनग्न कर दिया। चारों ने मारपीट का वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देख मामले में प्रकरण दर्ज किया और 36 घंटे में तोफिक पिता अनवर खान, अल्फेज पिता शाकिर शाह, सोयब पिता शाकिर शाह और वकील पिता मुंशी खां निवासी ग्राम कनार्दी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने बताया कि चारों को गिरफ्तार करने में एसआई परमानंद सिंह, शुभम सोलंकी और सैनिक नारायण की भूमिका रही।

गिरफ्त में गोलीकांड में 4 माह से फरार आरोपी

उज्जैन। नाबालिग के अपहरण का प्रयास और हवाई फायर कर दहशत फैलाने के मामले में फरार आरोपी की 4 माह बाद बुधवार को गिरफ्तारी की गई। मामले के मुख्य आरोपी ने घटनाक्रम के एक माह बाद आत्महत्या कर ली थी। पाबिहार चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव ने बताया कि 4 माह पहले ग्राम रणाहेडा में नाबालिग युवती उसके चाचा के घर से 3 युवकों द्वारा अपहरण करने का प्रयास किया था। परिवार ने विरोध किया था तो युवकों ने मारपीट कर गोली चलाई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस बीच पता चला था कि गोली चलाने में शामिल मुख्य आरोपी विकास आंजना ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल 2 अन्य आरोपियों का सुराग तलाश जा रहा था। बुधवार को ग्राम रणाहेडा से घटना में शामिल दूसरे आरोपी राजेश पिता निर्भय सिंह निवासी ग्राम धूलमहु को गिरफ्तार कर लिया। जिससे पूछताछ के बाद तलवार बरामद की गई है। उसका कहना था कि गोली विकास ने चलाई थी, लेकिन वह अब दुनिया में नहीं है। तीसरा आरोपी विकास का साथी था, जिसे पहचानता नहीं है। चौकी प्रभारी जाटव के अनुसार 4 माह बाद गिरफ्त में आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

युवक की आत्महत्या के 2 माह बाद प्रेमिका गिरफ्तार

उज्जैन। जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने वाले युवक की मौत के मामले में 2 माह बाद उसकी प्रेमिका और एक दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां दोनों को जेल भेजा गया है। अब एक ओर आरोपी की तलाश है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के हरिनगर में रहने वाले गौतम पिता राजेन्द्र शर्मा ने अगस्त माह में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। कमरे की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट मिला था। जिसमें अपनी मौत का जिम्मेदार अंजली शर्मा, उसके दोस्त राज सोलंकी और अल्फेज को बताया था। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर पडताल शुरू की और मृतक गौतम के परिजनों के बयान दर्ज किये। इस दौरान पता चला कि अंजली उसे धोखा दे रही थी। उसने अंजली से इस बात का विरोध किया था, जिसके चलते उसके द्वारा उसके दोनों दोस्तों ने गौतम का डराया-धमकाया था। पुलिस ने जांच पूरी होने पर अंजली और अल्फेज को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जेल भेजा गया है। राज फरार चल रहा है जिसके अब्दालपुरा स्थित घर पर तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिला। जल्द उसकी गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

हिरासत में आया चाकू मारने वाला इनामी आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी 6 माह से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया।

चिमनगंज टीआई अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 26 अप्रैल को प्रिंस भारती निवासी गोपालपुरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके पुत्र के मान का कार्यक्रम उंडासा तालाब की पाल पर रखा गया था। देर शाम कार्यक्रम समाप्त होने के दोस्त सुनील उर्फ भूरा और राहुल जूनवाल के साथ सामान एकत्रित कर घर लौटने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान पूर्व में हुए विवाद को लेकर आरोपी अभिषेक ने अपने साथियों विनित, सतीश मालवीय, लक्की मालवीय एवं अन्य साथियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर आकर मारपीट शुरू कर दी थी। दोस्त सुनील उर्फ भूरा ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था। सुनील गंभीर घायल हो गया था। टीआई पाटीदार के अनुसार पूर्व में 5 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। वहीं प्राणघातक हमले में उदय पिता चंद्रभानसिंह निवासी बिलोटीपुरा बड़नगर रोड फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 6 माह बाद फरार इनामी आरोपी के घर आने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

वन विभाग ने 2 हजार लक्ष्य के विरूद्ध 1820 वन्यजीवों का रेस्क्यू किया.....

उज्जैन में नीलगाय के बाद बढने लगी कृष्णमृगों की संख्या

एंटीलोप रेस्क्यू एवं स्थानांतरण अभियान सफल रहा, एक भी वन्यजीव की मृत्यु नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में लगातार दुसरे वर्ष शाजापुर एवं उज्जैन जिले में चलाए गए एंटीलोप्ड रेस्क्यू एवं स्थानांतरण अभियान सफल रहा है। अभियान में 2 हजार वन्यजीवों के स्थानांतरण के लक्ष्य के विरूद्ध 1820 को कृषि क्षेत्रों से हटाकर वन्य क्षेत्रों में भेजा गया है। अभियान में उज्जैन तहसील के अंतर्गत चिंताजनक स्थिति यह सामने आई है कि अब तक नीलगाय से जुझ रहे किसानों को आगे कृष्णमृगों की संख्या बढने पर उनसे भी परेशानी हो सकती है। दोनों जिलों के चुनिंदा क्षेत्र में चले पूरे अभियान में एक भी वन्यजीव की मृत्यु नहीं है।

बुधवार को अभियान के अंतिम दिन उज्जैन में बोमा स्थल पर मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजोरा ने पहुंचकर अभियान में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विशेषज्ञों एवं सहयोगियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने पूरी टीम के समर्पण, समन्वय एवं प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ वन्यजीव संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।





कुल 1820 वन्यजीवों का रेस्क्यू- बुधवार को उज्जैन जिले के ग्राम पिपल्याबीछा में 81 नीलगायों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष प्रदेश में अभियान के अंतर्गत कुल 1,820 वन्यजीवों का रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से संरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है। इनमें 1,507 कृष्णमृग (ब्लैकबक) एवं 313 नीलगाय शामिल हैं। अभियान के प्रथम चरण में 10 से 30 अक्टूबर तक शाजापुर में 1500 कृष्णमृग एवं 94 नीलगाय रेस्क्यू किया गया। उज्जैन जिले में 226 वन्यजीवों का रेस्क्यू किया गया।

क्षेत्र विशेष में 9 कृष्णमृग

अभियान के दुसरे चरण में 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चार दिवसीय अभियान उज्जैन जिला मुख्यालय के ग्रामीण क्षेत्र में चलाया गया जो बुधवार तक जारी रहा । उज्जैन के ग्रामीण क्षेत्र में 9 कृष्णमृग रेस्क्यू किए गए हैं। ऐसे में यह संख्या धीरे-धीरे बढने की स्थिति बन रही है। जिले के तराना,बडनगर,घट्टिया ,महिदपुर क्षेत्र में यह संख्या और अधिक हो सकती है। तराना के माकडौन में कृष्ण मृग,जंगली सुअर सहित नीलगायों की संख्या खासी है। इसमें से कुछ क्षेत्र आगर जिले से और कुछ क्षेत्र शाजापुर जिले से लगा हुआ है।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/रीडर-1/2026/1119 शुजालपुर, दिनांक 03/11/2026

विज्ञप्ति

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नामांतरण प्रकरण क्रमांक 1468/अ-6/2026-27 आवेदक प्रदीप गुप्ता पिता एस.पी.गुप्ता, श्रीमति नमिता गुप्ता पति प्रदीप गुप्ता निवासी ब्रजनगर कॉलोनी शुजालपुर मण्डी तहसील शुजालपुर का इस न्यायालय में पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण हेतु वाद प्रचालित है। उक्त प्रकरण में विक्रेता दिलिप पंडित पिता श्री यदूवीरजी पंडित निवासी शुजालपुर हाल मुकाम इंदौर द्वारा द्वारा ग्राम कमलिया स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 190/36 में से 25 बाय 45 बराबर 1125 वर्गफीट याने की 104.55 वर्गमीटर भूमि दिनांक 29/11/2007 को क्रेता प्रदीप गुप्ता पिता एस.पी. गुप्ता, श्रीमति नमिता गुप्ता पति प्रदीप गुप्ता निवासी ब्रजनगर कॉलोनी शुजालपुर मण्डी को क्रय की गई है। परन्तु प्रचालित नामांतरण प्रकरण में विकेता दिलिप पंडित पिता श्री यदूवीरजी पंडित निवासी शुजालपुर हाल मुकाम प्लेट नं. 103, प्लॉट नं 267, प्रथमेश अपार्टमेंट, धनवंतरी नगर गणेश मंदिर के सामने, राजेन्द्र नगर इंदौर इस न्यायालय में लगातार अनुपस्थित है। उक्त संबंध में विक्रेता दिलीप पंडित पिता श्री यदूवीरजी पंडित निवासी शुजालपुर हाल मुकाम प्लेट नं. 103, प्लॉट नं 267, प्रथमेश अपार्टमेंट, धनवंतरी नगर गणेश मंदिर के सामने, राजेन्द्र नगर इंदौर को वादित भूमि का नामांतरण क्रेता के नाम पर किया जाता है तो किसी को किसी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो दिनांक 12/11/2026 को तहसील कार्यालय शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. में उपस्थित हो।

तहसीलदार
तहसील शुजालपुर

पश्चिम रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का डिज़ाइन, आपूर्ति एवं कमीशनिंग

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण (एस एंड टी), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008,

निविदा संख्या: SG_217_2_320_WA दिनांक: 28.10.2026 के तहत निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य और स्थान: पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के चर्चगेट और बांद्रा टर्मिनस पर अन्य इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्यों के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई.आई.) प्रणाली का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थाताल, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।

कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 19,50,93,901.87

ईएमडी (EMD): ₹ 39,01,900/-.

निविदा बंद होने की तिथि और समय: 27.11.2026 को 15:00 बजे।

अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 0782

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति नीमच, जिला-नीमच (म.प्र.)

क्रमांक / मंडी/नि./26-27/885 नीमच,दिनांक 04.11.2026

-//निविदा आमंत्रण सूचना //-

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारो से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2026 MPSAM_547591_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 07.11.2026 समय 10.30 से दिनांक 27.11.2026 को साय 5:30 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल http//www.mptenders.gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित रागस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http//www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट:- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति,
नीमच जिला-नीमच (म.प्र.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति,
नीमच जिला-नीमच (म.प्र.)

आनंद नित्य होना चाहिए



किसी स्थान में आप जो अनुभव करते हैं, क्या वह आनंद हो सकता है? आप कहते हैं, इस स्थान को छोड़ने पर आपको दुख का अनुभव होता है। इसलिए यह शांति नित्य नहीं है। वह दुख-मिश्रित है। यह दुख दूसरे स्थान में प्रकट होता है। इसलिए आप विशेष स्थान या कालखंड में आनंद प्राप्त नहीं कर सकते। आनंद तो नित्य होना चाहिए, जिससे वह उपयोगी सिद्ध हो। आपकी सत्ता नित्य है। नित्य आत्मा बने रहिए, यही आनंद है।आत्मा सदैव साक्षात है। जो प्रथम से और नित्य साक्षात है, उसके साक्षात्कार का प्रयत्न आवश्यक नहीं है, क्योंकि आप अपने अस्तित्व का इनकार नहीं कर सकते। वह अस्तित्व चैतन्य है- आत्मा है। यदि आपका अस्तित्व न हो, तो आप प्रश्न नहीं पूछ सकते, अतः आपको अपने अस्तित्व का स्वीकार अवश्य करना पड़ेगा। वह अस्तित्व सद्वस्तु (आत्मा) है। वह पहले से ही साक्षात है, इसलिए साक्षात्कार के लिए किया गया प्रयत्न केवल आपकी वर्तमान भूल कि आपने अपनी आत्मा का साक्षात्कार नहीं किया है, को प्रकट करने के रूप में परिणत होता है। कोई नया साक्षात्कार नहीं होता। आत्मा सदा अनावृत है। कई लोग सोचते हैं, इस बात के ज्ञान में कई साल लग जाएंगे। याद रखें, समय का ख्याल केवल आपके मन में है, आत्मा में नहीं। आत्मा के लिए समय नहीं है। अहंकार के प्रकट होने के बाद समय एक विचार के रूप में दिखने लगता है, लेकिन आप देश-कालातीत आत्मा हैं। आप देशकाल के अभाव में भी होते हैं। यदि यह सच होता कि साक्षात्कार बाद में होगा, तो इसका मतलब यह हुआ कि इस समय आपको साक्षात्कार नहीं हुआ है। साक्षात्कार को अनित्य समझना गलती है। वह तो सच्ची शाश्वत अवस्था है, जो कभी बदल नहीं सकती।

आप पहले से ही वह हैं। देशकाल आत्मा को प्रभावित नहीं कर सकते। वे आपमें हैं। इस बात को समझाने के लिए एक दृष्टांत है। एक महिला के गले में बहुमूल्य हार था। एक बार उत्तेजना के कारण वह उसे भूल गई और सोचने लगी कि हार खो गया है। बेचैन होकर उसने पूरे घर में ढूंढ़ा, लेकिन वह मिला नहीं। उसने अपने पड़ोसियों, मित्रों से भी पूछा, शायद वे इसके बारे में कुछ जानते हों, पर वे कुछ जानते नहीं थे। आखिरकार एक भले मित्र ने उसे अपने गले में हार को देखने के लिए कहा। उसने जाना कि हार तो हमेशा से गले में ही था और वह सुखी हो गई। बाद में दूसरों के यह पूछने पर कि क्या हार मिल गया? उसने कहा- हांहां मिल गयाह्न। वह ऐसा अनुभव कर रही थी, जैसे खोई हुई चीज मिल गई हो। ऐसा हमारे साथ भी होता है। हम सोचते हैं, कभी-न-कभी हम आत्मा का साक्षात्कार कर लेंगे, जबकि हम आत्मा के अलावा और कुछ भी नहीं हैं।

सम्पादकीय

सिर्फ ग्रीन पटाखे

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को अवैध पटाखों की बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई के जो निर्देश दिए हैं, वे सराहनीय तो हैं ही, लोगों के लिए सुकूनदेह भी हैं। अदालत ने इसी सोमवार को पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध से जुड़ी याचिका की सुनवाई करते हुए फैसला दिया था कि एक तय समय-सीमा के भीतर 7 और 8 नवंबर को सिर्फ ग्रीन पटाखे चलाए जा सकते हैं। पटाखों पर 9 नवंबर से पहले जैसी सख्त पाबंदी आयद होगी। इस फैसले की अहमियत दीपावली से जुड़ी भावनाओं के संदर्भ में समझी जा सकती है, मगर जिस तरह से दिल्ली के बाजारों में खुलेआम अवैध पटाखों की बिक्री की खबर उजागर हुई है, वह हैरत पैदा करने वाली है। हमारे सहयोगी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स की इसी खबर का संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नए निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली में ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियां लागू हैं और प्रदूषण का आलम यह है कि सोमवार को राजधानी में जो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 324 दर्ज किया गया था, वह मंगलवार को 410 के ऊपर पहुंच गया। यह बहुत ही खराब श्रेणी है। एक्यूआई हर रोज एक नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसे में, पुराने पटाखों की बिक्री किसी संगीन अपराध से कम नहीं।

गौरतलब है, ग्रीन पटाखों से सामान्य पटाखों के मुकाबले 40 से 50 फीसदी कम हानिकारक गैस निकलती है। यह जानते हुए भी कि ग्रीन पटाखे पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते, अदालत ने सिर्फ जन-समुदाय की भावनाओं का ख्याल रखते हुए परंपरा के निबाह के लिए यह सीमित छूट दी है, मगर कुछ व्यापारी इस फैसले की पवित्रता को नहीं समझ रहे और वे मुनाफे के लोभ में चोरी-छिपे पुराने पटाखों की दुकान सजा रहे हैं। निस्संदेह, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। विडंबना यह है कि अदालती फैसले को लागू करा पाना पुलिस-प्रशासन के लिए भी गंभीर चुनौती बन गया है। अव्वल तो दिल्ली पुलिस के पास इतनी संख्या में आरक्षी बल नहीं हैं कि वे गली-गली गश्त लगा सकें और अदालती आदेश को अक्षरशः अमलीजामा पहना सकें। उस पर राजधानी की कानून-व्यवस्था, अति-महत्वपूर्ण लोगों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारियां हैं। ऐसे में, कोई भी अतिरिक्त दायित्व उस पर काम का बोझ बढ़ाता है, जिससे मुकदमों के अनुसंधान के उसके मूल काम प्रभावित होते हैं।

दीपावली पर्व पर विशेष

दीप जलें हर द्वार,तभी सजेगा समृद्धि का संसार

दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं,बल्कि अपने भीतर झाँकने और समाज के प्रति अपने दायित्व को समझने का अवसर भी है। हर वर्ष हम अपने घरों को ज्योतिर्मय करते,माँ लक्ष्मी का स्वागत कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। लेकिन क्या कभी हमने विचार किया कि जिस समाज में हम समृद्धि का उत्सव मना रहे हैं,वहाँ कितने घर ऐसे हैं,जहाँ त्योहार की खुशियाँ भी आय और खर्च के गणित में उलझकर रह जाती हैं? जब बाजारों में करोड़ों की खरीदारी होती है,तब क्या हम उन परिवारों की चिंता करते हैं,जिनके लिए बच्चों को नए कपड़े दिलाना भी एक बड़ी उपलब्धि है? भारत की अर्थव्यवस्था आज विकास के नए आयाम छू रही है। बड़े उद्योगों का विस्तार हो रहा है,महँगी कारों और आलीशान मकानों का बाजार बढ़ रहा है तथा आधुनिक सुविधाओं का दायरा विस्तृत हो रहा है। लेकिन इसी चमक के बीच एक दूसरा भारत भी है,जहाँ छोटा दुकानदार ग्राहकों की प्रतीक्षा करता है,मजदूर नियमित रोजगार की उम्मीद में भटकता है और मध्यमवर्गीय परिवार बढ़ते खर्चों के बीच अपनी बचत बचाने की कोशिश करता है। इसमें अर्थव्यवस्था का एक हिस्सा तेजी से आगे बढ़ता है,जबकि दूसरा अपेक्षाकृत धीमी गति से आगे बढ़ता है या आर्थिक दबावों का सामना करता है।



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

एक ही देश में किसी के लिए दीपावली पर नई कार खरीदना सामान्य बात है,तो किसी के लिए घर में मिठाई लाना भी बजट बिगाड़ने वाला खर्च हो सकता है। यह अंतर केवल आय का नहीं,अवसरों और जीवन की परिस्थितियों का भी है। इसलिए आर्थिक विकास की सफलता को केवल ऋछद्ध की वृद्धि,शेयर बाजार की चमक या बड़े कारोबारियों के मुनाफे से नहीं आँका जा सकता। वास्तविक कसौटी यह है कि विकास का लाभ आम आदमी की थाली, उसके रोजगार,उसकी बचत और उसके बच्चों के भविष्य तक कितना पहुँचा है।दीपावली के बाजारों में सबसे अधिक अनदेखे चेहरे उन लोगों के हैं,जिनकी मेहनत से त्योहार की शोभा दिखाई पड़ती है। मिट्टी के दीये बनाने वाला कुम्हार,मिठाई तैयार करने वाला कारीगर,सड़क किनारे सामान बेचने वाला छोटा व्यापारी और घरों को सजाने वाला श्रमिक ये सभी हमारी खुशियों के निमार्ता हैं। विडंबना यह है कि दूसरों के घरों को प्रकाशमयी करने वाले इन हाथों के अपने घरों में कभी-कभी अभाव का अंधेरा बना रहता है। क्या यह उचित नहीं कि दीपावली पर दीये खरीदते समय हम उस कुम्हार के परिवार की आजीविका के बारे में भी सोचें? क्या हमारी खरीदारी किसी छोटे दुकानदार के घर में भी खुशियों का दीप जला सकती है?

यह प्रश्न अमीर और गरीब के बीच संघर्ष खड़ा करने का नहीं,बल्कि समृद्धि के प्रति हमारी समझ को व्यापक बनाने का है। किसी व्यक्ति का धनवान होना गलत नहीं है,उद्योगों का बढ़ना भी आवश्यक है और उद्यमियों की सफलता देश की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन एक स्वस्थ समाज वह है,जहाँ सफलता के अवसर केवल कुछ लोगों तक सीमित न रहें,जहाँ मेहनत करने वाला व्यक्ति सम्मानजनक जीवन जी सके और किसी परिवार की गरीबी उसके बच्चों के सपनों के मार्ग की स्थायी बाधा न बने। जिस समाज में धन का सम्मान हो,लेकिन श्रम का सम्मान न हो,जहाँ सफलता का उत्सव मनाया जाए,लेकिन अभाव से जूझते व्यक्ति की पीड़ा अनदेखी कर दी जाए,वहाँ विकास की कहानी अधूरी रह जाती है। आज आवश्यकता केवल आर्थिक विकास की नहीं,बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता की भी है। हमें अपने बच्चों को महँगे उपहार देने के साथ यह संस्कार भी देना चाहिए कि किसी वस्तु का मूल्य केवल उसकी कीमत से नहीं,बल्कि उसे बनाने वाले श्रमिक की मेहनत से भी तय होता है। हमें यह समझना होगा कि किसी जरूरतमंद की सहायता करना दया का प्रदर्शन नहीं,बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है। किसी गरीब परिवार के साथ खुशियाँ बाँटते समय उसकी गरिमा और आत्मसम्मान बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।



इस दीपावली हम एक छोटा,लेकिन सार्थक संकल्प लें। स्थानीय कारीगरों से दीये खरीदें,छोटे दुकानदारों को प्रोत्साहित करें,जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करें और उत्सव को दिखावे तथा अनावश्यक खर्च की प्रतिस्पर्धा न बनने दें। हमारी छोटी-सी पहल किसी परिवार के लिए बड़ी राहत बन सकती है। समाज में परिवर्तन हमेशा बड़े भाषणों या बातों से नहीं आता,कभी-कभी वह हमारी छोटी-छोटी संवेदनशील आदतों से शुरू होता है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि किसी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि केवल ऊँची इमारतों,चमकते बाजारों और बढ़ती संपत्ति में नहीं बसती। वह उस मजदूर की सुरक्षित आजीविका में भी बसती है,उस किसान की संतुष्टि में भी,उस कर्मचारी की आर्थिक सुरक्षा में भी और उस बच्चे की आँखों में भी,जो बिना अभाव के भय के अपने भविष्य के सपने देख सके। दीपावली पर माँ लक्ष्मी का पूजन करते समय यदि हम अपने आसपास के लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का संकल्प भी लें,तो त्योहार का सामाजिक अर्थ ओर गहरा हो जाएगा। आखिर प्रकाश का उद्देश्य केवल अपने घर का अंधेरा मिटाना नहीं,बल्कि जहाँ संभव हो,दूसरों के जीवन में भी उजाला पहुँचाना है।

इस दीपावली हमें केवल यह नहीं देखना चाहिए कि हमारे घर में कितने दीप जले,बल्कि यह भी सोचना चाहिए कि हमारे कारण से कितने चेहरों पर मुस्कान आई। क्योंकि किसी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि तब नहीं होती,जब उसके कुछ घर जगमगाते हैं,असली समृद्धि तब होती है,जब कोई घर अभाव के कारण अंधेरे में रहने को विवश न हो। आइए,इस दीपावली ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें,जहाँ धन के साथ संवेदना,सफलता के साथ विनम्रता और समृद्धि के साथ साझेदारी भी बढ़े। जहाँ विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और खुशियाँ किसी की आर्थिक हैसियत की मोहताज न रहें। यही दीपावली का सच्चा संदेश है,अपने घर में दीप जलाइए,लेकिन अपने भीतर इतना प्रकाश भी जगाइए कि किसी दूसरे के घर का अंधेरा आपको दिखाई देने लगे।

बारकोड

रात के ठीक सवा तीन बजे जब जिला अस्पताल के नए-नवेले डायलिसिस विंग में दाखिल होइए, तो लगता है जैसे किसी फाइव-स्टार होटल के आईसीयू में आ गए हों, जहाँ बीमारी भी टाई लगाकर आती है। नीली एलईडी लाइट्स के बीच दस विदेशी मशीनें इस ऐंठ में खड़ी थीं मानो अभी-अभी जर्मनी से लोकतंत्र की नई परिभाषा सीखकर लौटी हों। गोपी अपनी माँ सावित्री को स्ट्रेचर पर धकेलते हुए हाँफ रहा था। फेफड़ों में भरता पानी जब गले से सीटी बजाता है, तो समझ लीजिए कि यमराज ने अर्जी पर पहली मुहर लगा दी है। डॉक्टर ने पर्चे पर लाल स्याही से ह्यइमरजेंसीह्न घसीट दिया था और गोपी ने अपनी जेब से चमचमाता सरकारी ह्यगोल्डन कार्डह्न निकाला वही प्लास्टिक का टुकड़ा जिसे दिखाकर इस मुल्क का गरीब समझता है कि उसने सीधे विधाता के दफ्तर का पास बनवा लिया है। उसने नया, सीलबंद डायलाइजर फिल्टर मेज पर पटका। तकनीशियन ने किसी महायज्ञ के पुरोहित की तरह उस पर स्कैनर फेरा। अचानक मशीन ने एक तीखी चीख मारी और स्क्रीन पर लाल अक्षरों में एक रहस्यमय साक्षात अभिशाप कौंधा, ह्यएरर कोड 404: इनवैलिड बारकोड! सत्र निरस्त।

यहीं से शुरू होता है असली रोमांच, जिसे हमारे देश में प्रक्रिया कहा जाता है। तकनीशियन ने अपनी रिवॉल्विंग कुर्सी को झूला बनाते हुए चश्मा नासाग्र पर टिकाया और उस स्वर में बोला जिसमें थानेदार मर्डर केस की तफ्तीश बंद करता है, देखो गोपी भाई, फिल्टर तो लखनऊ के सरकारी गोदाम से आया है, लेकिन इसका बारकोड मुंबई के मेन सर्वर से अभी लिंक नहीं हुआ। सॉफ्टवेयर इसे घुसपैठिया मान रहा है। गोपी के पाँव काँप रहे थे। उसने दोनों हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते हुए कहा, बाबूजी, सील पैक डिब्बा है, माँ का दम घुट रहा है... बस बाईपास कर-के एक बटन दबा दीजिए!

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05 नवंबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:34सूर्यास्त 17:44
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि-एकादशी 11:46 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 05:27उपरांत हस्त
योग - इन्द्र09:21 उपरांत वैधृति
करण - बालव
चन्द्रमा - सिंह में है।11:39 पर कन्या में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 24मास तारिख

मेष- दफ्तर में सहकर्मियों की मदद से काम समय पर पूरे होंगे। व्यापारिक फैसलों में दूरदर्शिता काम आएगी, लाभ होगा।

वृषभ- धर्म-कर्म और पारिवारिक कार्यों में मन लगेगा। वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा, आय ठीक रहेगी।

मिथुन- स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, दिनचर्या का पालन करें। गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें।

कर्क- विरोधी शांत रहेंगे, आप अपने काम पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

सिंह- व्यवसाय में परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, लाभ होगा। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते सुधरेंगे।

कन्या- पुराने कर्जों से मुक्ति मिल सकती है, राहत होगी। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, पुरानी बीमारी में सुधार होगा।

तुला- आपके पराक्रम और मेहनत की दफ्तर में प्रशंसा होगी। व्यापारिक यात्राएं सफल रहेंगी, नए रास्ते खुलेंगे।

वृश्चिक- भाई-बहनों का सहयोग हिम्मत और मनोबल बढ़ाएगा। किसी गरीब को फल दान करें।

धनु- आर्थिक लाभ के योग हैं, आय में स्थिरता आएगी। सेहत अच्छी रहेगी।

मकर- काम के सिलसिले में दूर की यात्रा हो सकती है। व्यापारिक गतिविधियों में सावधानी से निवेश करें।

कुंभ- किसी बाहरी व्यक्ति के कारण मतभेद न होने दें। अचानक खर्च बढ़ सकते हैं, बजट संभालकर चलें।

मीन- पैरों में दर्द या थकान हो सकती है, विश्राम करें। शमी के पेड़ पर जल चढ़ाएं।

समसामयिक

त्यौहार पर पर्यावरण का भी ध्यान रखें

त्यौहारों की मस्ती कितनी सस्ती कितनी महंगी को देखे तो वर्तमान में बढ़ती महंगाई को लेकर त्यौहार की मस्ती सामान को लेकर महंगी लगने लगी।भले ही जीएसटी का फंडा सरकार ने कुछ चीजों में दिया हो।लाईट, फटाखे, आदि महंगे ही है। वही पर्यावरण का भी ध्यान त्यौहार की खुशियों में दब जाता।किंतु किसे फुर्सत है कि वो पर्यावरण का ध्यान रखें।कोई समझाइश देता है तो उसे मूर्ख समझा जाता है। तेज आवाज के पटाखे और उससे होने वाले धुएं से पर्यावरण दूषित होता है। ध्वनि प्रदूषण और हवा में प्रदूषण का बढ़ना चिंताजनक है।जो की स्वास्थ्य पर खतरे को आगाह करता है।खराब सड़को से उड़ रहे धूल के कारण हवा में मिल रहे धूल के कण एवं उद्धयोगो से निकलने वाले हानिकारक सूक्ष्म कण सांस के जरिए फेफड़ो में चले जाकर गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ाते है। हवा में फैलते जहर के मानक स्तर हवा की गुणवत्ता का पार्टिकुलेटर मैटर (0 से 200) तक रहना आवश्यक है तभी स्वस्थ्य रह सकते है। ध्वनि प्रदूषण को देखे तो 60 से अधिक डेसिबल भी ध्वनि को शोर या प्रदूषण मानते है। त्यौहारों पर इको फ्रेंडली फटाखे का उपयोग करना चाहिए। ज्यादा शोर के पटाखों का असर इंसानों के अलावा पशु -पक्षियों और छोटे बच्चों एवं बीमार व्यक्ति पर होता है। ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए स्कूल कॉलेज की बाउंड्री पर फेंसिंग मेहंदी की झाड़ी या पेड़ ज्यादा लगाना चाहिए। सड़कों के किनारों के दोनों और हरे वृक्ष लगाने से ध्वनि की तीव्रता को कम किया जा सकता है। वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को कम करने का संकल्प लेवे ताकि स्वस्थ बने रहकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग कर सके ।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

रंगाई-पुताई से भाईदूज तक, खुशियों का संदेश

रंगाई-पुताई से घर चमकाएँ, खुशियों के रंग सजाएँ, स्वच्छता, सुंदरता और उमंग से, दीपोत्सव महकाएँ।

धनतेरस पर शुभ खरीदारी, समृद्धि के दीप जलाएँ, स्थानीय कारीगरों के श्रम का मान बढ़ाएँ, स्वदेशी अपनाएँ।

मिट्टी के दीप जलाकर हम, अंधियारे को दूर भगाएँ, प्रेम, सद्भाव और मानवता के, घर-घर दीप जलाएँ।

रंगोली के रंग बिखराएँ, आँगन को स्वर्ग बनाएँ, मिल-जुलकर मिठाई बाँटें, रूठे अपनों को मनाएँ।

पटाखे चलाएँ सावधानी से, सुरक्षा का ध्यान धरें, बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं की, पीड़ा को भी समझें।

न लापरवाही, न मनमानी, सुरक्षा का संकल्प उठाएँ, सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, खुशियों की दीपावली मनाएँ!

गोवर्धन पूजा का पर्व सिखाए, प्रकृति का सम्मान करें, अन्नकूट में अन्न का आदर, मिलकर सबके नाम करें।

भाईदूज पर बहन का तिलक, भाई के माथे मुस्काए, प्रेम, विश्वास और स्नेह का रिश्ता, जीवनभर महकाए।

दीप जलें तो मन भी चमके, हर घर खुशियाँ छाएँ, सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, प्रदूषण मुक्त दीपोत्सव मनाएँ!

आओ मिलकर शपथ ये लें, खुशियों का संसार रचाएँ, दीप जलाएँ, प्रेम बढ़ाएँ, सुरक्षित दीपावली मनाएँ!

मुकेश चौरसिया नलखेड़ा

अमरूद खाने के फायदे ही नहीं नुकसान भी, इन लोगों को भूलकर भी नहीं करना चाहिए सेवन

अमरूद है बेहद स्वादिष्ट फूड है और ये सेहत के लिए भी उतना ही फायदेमंद है भारत में इसे शौक से खाने वाले लोगों की कोई कमी नहीं है क्योंकि अमरूद का टेस्ट काफी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता है, इसका पल्प गुलाबी और सफेद रंगों का होता है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, पोटेशियम और एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं जो शरीर के लिए बेहद लाभकारी हैं, इसके अलावा इस फल में फोलेट और बीटा कैरोटीन भी मौजूद हैं, लेकिन इतने पोषक तत्वों के मौजूद होने के बावजूद हर किसी के लिए ये फल फायदेमंद नहीं है। कुछ कंडीशन में अमरूद को ज्यादा खाने से बचना चाहिए।

अमरूद एक लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला फ्रूट है जिसकी वजह से अक्सर डायबिटीज के मरीजों को इसे खाने की सलाह दी जाती है, लेकिन ये तभी फायदेमंद है जब इसे सीमित मात्रा में खाया जाए और आप अपना ग्लूकोज लेवल चेक करते रहें, क्योंकि अमरूद में नेचुरल शुगर भी होता है।

सर्दी खांसी के शिकार लोग

जिन लोगों को सर्दी-खांसी और जुकाम है उन्हें अमरूद नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी



होती है और ये आपकी तकलीफ को बढ़ा सकती है। खासकर रात के वक्त इसे खाने से बचना चाहिए वरना ठंड जैसा असर होने की आशंका पैदा हो जाएगी।

इरिटेटेड बाउल सिंड्रोम के पेशेंट

अमरूद एक फाइबर रिच फूड है जो डाइजेशन में हेल्प करता है और कब्ज की दिक्कतों को भी दूर कर देता है, लेकिन आप इस बात को जानकर हैरान रह जाएंगे कि इस फल के ज्यादा सेवन से पाचन तंत्र पर काफी बुरा असर पड़ता है, विशेष तौर पर जो लोग इरिटेटेड बाउल सिंड्रोम के शिकार हैं उन्हें कम से कम अमरूद खाना चाहिए।

सूजन से पीड़ित लोग

अमरू में फ्रुक्टोज और विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है इन दोनों को अगर ज्यादा खाया जाए तो ये फूला हुआ महसूस करा सकती है। इससे शरीर को ज्यादा विटामिन सी एब्जॉर्ब करने में परेशानी होती है। इसलिए ज्यादा मात्रा में अमरूद खाने से सूजन बढ़ सकता है। इसमें मौजूद नेचुरल शुगर ब्लोटिंग की समस्या पैदा कर सकती है। इस बात का ख्याल रखें कि अमरूद खाने के बाद तुरंत नींद न लें वरना सूजन में इजाफा होगा।

एक दिन में कितने अमरूद खाएं?

एक दिन में एक से दो मीडियम आकार का अमरूद खाने से सेहत को फायदा है, बेहतर है कि आप इसे 2 मील्स के बीच खाएं। एक्सरसाइज से पहले भी इसका सेवन अच्छा माना जाता है। हलांकि कुछ भी करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेनी जरूरी है।

धर्म-आस्था

पति-पत्नी के पुण्य और पाप में कितनी साझेदारी?

सनातन धर्म में विवाह केवल दो व्यक्तियों का सामाजिक या पारिवारिक संबंध नहीं, बल्कि जीवनभर साथ चलने, एक-दूसरे का सहयोग करने और धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प माना गया है। भारतीय परंपरा में पत्नी को अर्धांगिनी और सहधर्मिणी कहा गया है। इसका अर्थ है कि वह केवल पति के जीवन का हिस्सा नहीं, बल्कि उसके धर्म, कर्तव्य और आध्यात्मिक यात्रा की भी सहभागी है। इसी संदर्भ में एक रोचक प्रश्न अक्सर उठता है—क्या पति के पुण्य का आधा फल पत्नी को मिलता है और पत्नी के पाप का आधा भाग पति को भोगना पड़ता है? इस मान्यता के पीछे धार्मिक विचार क्या है और कर्म-सिद्धांत इसे किस दृष्टि से देखता है?



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

पौराणिक ग्रंथों में पुण्य के फल की साझेदारी का उल्लेख मिलता है। पद्मपुराण के उत्तरखंड में गुरु और शिष्य, पिता और पुत्र तथा पति-पत्नी के बीच पुण्य की साझेदारी की चर्चा है। वहां पत्नी को पति के पुण्य का आधा भाग प्राप्त होने की बात कही गई है। यह विचार दांपत्य जीवन में सहभागिता और पारस्परिक सहयोग के महत्व को दर्शाता है।

इस मान्यता को केवल पत्नी के त्याग या समर्पण तक सीमित करके देखना उचित नहीं होगा। विवाह के बाद दोनों व्यक्ति एक-दूसरे के सुख-दुःख, जिम्मेदारियों और जीवन-मूल्यों से जुड़ते हैं। पति कोई धार्मिक अनुष्ठान करता है, परिवार के कल्याण के लिए दान देता है या समाजहित में सेवा करता है, तो उसमें पत्नी का सहयोग, सहमति और योगदान भी महत्वपूर्ण हो सकता है। इसी प्रकार पत्नी के धार्मिक कार्यों, सेवा, दान और सद्कर्मों में पति का सहयोग भी उसके पुण्य का सहभागी बन सकता है।

सनातन परंपरा में सहधर्मिणी की अवधारणा इसी भाव को मजबूत करती है। विवाह का उद्देश्य केवल गृहस्थ जीवन का निर्वाह नहीं, बल्कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की जीवन-यात्रा में एक-दूसरे का साथ देना भी है। पत्नी को धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी मानने की परंपरा भी इसी सोच से जुड़ी है। धार्मिक कर्मकांडों में पति-पत्नी की संयुक्त उपस्थिति को महत्व दिया गया है।

अब दूसरा प्रश्न अधिक विचारणीय है—यदि पत्नी कोई गलत या अधार्मिक कार्य करती है, तो क्या उसका आधा पाप पति को भी मिलता है? इस विषय में यह समझना जरूरी है कि पुण्य और पाप की साझेदारी से संबंधित विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में अलग-अलग प्रसंग और संदर्भ मिलते हैं। इसलिए यह कहना उचित नहीं होगा कि हर स्थिति में पत्नी के प्रत्येक पाप का आधा दंड पति को मिलता है या पति के प्रत्येक गलत कर्म का आधा दंड पत्नी को भुगतना पड़ता है।

पति-पत्नी दोनों गृहस्थ धर्म के समान सहभागी हैं। यदि पति पत्नी को किसी गलत कार्य के लिए प्रेरित करता है, उसके अधार्मिक कर्म में सहयोग देता है, उससे लाभ उठाता है या जानबूझकर किसी के अहित में उसका साथ देता है, तो वह स्वयं भी अपने कर्मों के लिए उत्तरदायी होगा। इसी प्रकार पत्नी भी पति के गलत कार्यों में स्वेच्छा से सहयोग करती है, तो उसकी भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। यहां उत्तरदायित्व का आधार केवल वैवाहिक संबंध नहीं, बल्कि व्यक्ति की अपनी भूमिका, नीयत और कर्म है।

एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि यदि पति अपनी पत्नी को प्रेमपूर्वक सही-गलत समझाता है, लेकिन पत्नी अपनी इच्छा से गलत मार्ग चुनती है, तो क्या पति उसके कर्म का भागीदार होगा? इसका उत्तर कर्म-सिद्धांत की दृष्टि से समझा जा सकता है। यदि पति ने अपनी ओर से उचित सलाह दी, गलत कार्य में सहयोग नहीं किया और उसे रोकने का यथासंभव प्रयास किया, तो केवल पति होने के कारण पत्नी के स्वतंत्र कर्मों का दोष उस पर नहीं थोपा जा सकता। इसी प्रकार पत्नी को भी पति के प्रत्येक कर्म का स्वतः दोषी या भागीदार नहीं माना जा सकता।

श्रीमद्भगवद्गीता का कर्मयोग व्यक्ति को अपने कर्तव्य और कर्म के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। गीता के तीसरे अध्याय में श्रीकृष्ण बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति एक क्षण भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वभाव और परिस्थितियों के अनुसार कर्म करता है। गीता का संदेश है कि मनुष्य को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए और अपने कर्मों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।<

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली-5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग-2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना-6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

जंगल में बने मकान का ताला तोड़कर भैंस और पाड़ी चोरी

शुजालपुर। मंडी थाना अन्तर्गत ग्राम जेठड़ा के जंगल में कुएं पर बने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश एक भैंस और उसकी पाड़ी चोरी कर ले गए। फ रियादी शंकरलाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम जेठड़ा ने शुजालपुर मंडी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फ रियादी के अनुसार 2 नवंबर की रात करीब 8 बजे उसने अपनी मुर्रा नस्ल की काली भैंस और उसकी पाड़ी को कुएं पर बने मकान के अंदर बांधकर ताला लगाया था। इसके बाद वह घर चला गया। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे जब वह दूध निकालने के लिए कुएं पर पहुंचा तो मकान का दरवाजा खुला मिला। दरवाजे का नकुचा कटा हुआ था और ताला पास में पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो भैंस और पाड़ी गायब थीं।

टहलने का कहकर निकले अधेड़ का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

शाजापुर। रात को टहलने निकले व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी के समीप कृष्णा कॉलोनी में रहने वाले 50 वर्षीय राजेश पाटीदार सोमवार की रात अपने घर से टहलने का कहकर निकले थे, लेकिन वह रातभर घर नही लौटे और मंगलवार सुबह 2 किमी दूर ग्राम बरवाल रेलवे टैज्क पर उनका शव मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

पटाखों की दुकान पर पुलिस का छापा, 83 तरह के पटाखे जब्त

देवास। देवास के नयापुरा में मांगीलाल छगनिराम फायरवर्क्स से पुलिस ने करीब 6 लाख रुपए कीमत के 83 तरह के पटाखे जब्त किए। नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने दुकान पर कार्रवाई की और रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी आलोक सोनी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से पटाखे जब्त किए। शुरूआती आकलन में उनकी कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई। पुलिस के मुताबिक, रिहायशी इलाके में पटाखों का कारोबार और भंडारण किया जा रहा था। थाना प्रभारी ने कहा कि नियमों के खिलाफ रिहायशी इलाकों में पटाखों का कारोबार करने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

रत्नसागर तालाब में मिला शव कुलदीप परमार का

आगर मालवा। शहर के रत्नसागर (रातड़िया) तालाब में मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान छावनी मार्केट मोहल्ला निवासी कुलदीप पुत्र मोहनलाल परमार के रूप में हुई है। युवक पिछले कई दिनों से घर से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना कोतवाली थाने में भी दी थी। जानकारी के अनुसार, तालाब के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में दिखाई दे रहे एक व्यक्ति के पैरों पर पड़ी। बच्चों ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद तालाब में शव होने की सूचना पुलिस तक पहुंची। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। नगर पालिका कर्मचारियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने जरूरी कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

अकोदिया-फुलेन मार्ग पर बुजुर्ग को वाहन ने मारी टक्कर

अकोदिया। अकोदिया-फुलेन मार्ग पर मंगलवार रात करीब 9 बजे फुलेन जोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 75 वर्षीय कांता प्रसाद घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें अकोदिया सिविल अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। कांता प्रसाद पिता नाथूलाल, ग्राम फुलेन के रहने वाले हैं। वे मंगलवार शाम किसी काम से अकोदिया आए थे। रात करीब 9 बजे गांव लौटने के लिए फुलेन जोड़ के पास सड़क किनारे खड़े थे। कांता प्रसाद गांव की ओर जा रहे एक बाइक सवार को हाथ देकर रुकने का इशारा कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। वाहन चालक मौके से निकल गया। घटना की जानकारी मिलने पर अकोदिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

ऑफिस संचालक सहित तीन गिरफ्तार, शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर वसूलते थे रकम

फर्जी सिम और मोबाइल नंबरों से लोगों को ठगने वाला एडवायजरी गिरोह पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर.



शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लोगों को मुनाफे का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले एक अवैध एडवायजरी ऑफि स का शुजालपुर मंडी पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ऑफि स संचालित करने वाले संचालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी सिम कार्ड और मोबाइल नंबरों का उपयोग कर लोगों से संपर्क करते थे। पुलिस को मौके से मोबाइल फोन, बारकोड और लेन-देन का हिसाब दर्ज रजिस्टर भी मिला है।

पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंधन बैंक के पास जैन मंदिर रोड स्थित ऋ षि जायसवाल के मकान में अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो एक कमरे में युवक-युवतियां मोबाइल फ ोन पर बातचीत करते मिले। पुलिस को देखकर तीन युवक मोबाइल छिपाने का प्रयास करने लगे। पूछताछ में उनकी पहचान ऋ षि पिता रमेशचंद्र जायसवाल निवासी जैन मंदिर रोड शुजालपुर मंडी, रोहन पिता भगवान सिंह परमार निवासी नांदासुरा और अभिषेक पिता दिनेश मेवाड़ा निवासी रानी बड़ोद के रूप में हुई।

पुलिस ने मौके से मोबाइल फ ोन और अन्य सामग्री जब्त कर जांच की तो विभिन्न बारकोड मिले। वहीं रजिस्टर में मोबाइल नंबरों की सूची के साथ रुपयों के लेन-देन, लाभ और हानि का हिसाब दर्ज पाया गया। ऑफि स संचालन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज भी नहीं मिले। प्रारंभिक जांच में मोबाइल और सिम कार्डों का दुरुपयोग कर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर अवैध लाभ अर्जित करने की बात सामने आई है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 318(4), 3(5) बीएनएस एवं धारा 66डी आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है। पुलिस अब उपयोग किए गए सिम कार्डों के वास्तविक धारकों और बारकोड से जुड़े बैंक खातों की जानकारी जुटा रही है। अज्ञात बैंक खातों में बड़ी मात्रा में लेन-देन होने की आशंका के साथ अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव, उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे सहायक उपनिरीक्षक गुलाबचंद रायकर सहित पुलिसकर्मी आशीष वर्मा, बलराम यादव, संजय परमार, वीरेंद्र सिंह, मांगीलाल, संदीप यादव, रविकांत यादव, अनिल यादव एवं महिला आरक्षक अंजु तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

30 प्रतिशत कमीशन का था खेल

पूछताछ में ऋ षि जायसवाल ने स्वयं को ऑफि स का संचालक तथा रोहन और अभिषेक को मैनेजर बताया। ऑफि स में कर्मचारी वेतन पर काम करते थे। आरोपियों द्वारा उन्हें मोबाइल नंबरों की सूची दी जाती थी, जिन पर फ ोन कर लोगों को शेयर बाजार में निवेश के लिए प्रेरित किया जाता था। निवेश से होने वाले लाभ का 30 प्रतिशत कमीशन ऑफि स में देने की बात कही जाती थी। ग्राहकों से राशि जमा कराने के लिए कर्मचारियों को बारकोड उपलब्ध कराए जाते थे। फ ोन करने के लिए मोबाइल और सिम कार्ड भी संचालक ही देता था। इन सिम कार्डों के वास्तविक धारकों की जानकारी कर्मचारियों को नहीं होती थी।



पाटीदार समाज ने निकाला चल समारोह

सरदार पटेल जयंती मनाई, नगर में जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

शुजालपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर पाटीदार समाज शुजालपुर की ओर से भव्य चल समारोह निकाला गया। इसके पूर्व आष्टा रोड स्थित सरदार पटेल परिसर में समाज के वरिष्ठजनों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद चल समारोह का शुभारंभ हुआ। चल समारोह में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर वरिष्ठजनों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर समारोह का स्वागत किया। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा और बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में सरदार पटेल हाईस्कूल एवं विद्या पीठए आष्टा रोड के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी विशेष सहयोग रहा। पाटीदार समाज ने आयोजन की सफ लता में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को मिला पुरस्कार



शाजापुर। जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़, चोरी गई संपत्ति की बरामदगी एवं साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। थाना शुजालपुर मंडी प्रधान आरक्षक 123 रंजीत भानरिया एवं प्रधान आरक्षक 50 सचिन सिसोदिया द्वारा 04 लाख रुपये की साइबर ठगी के प्रकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तीन आरोपियों की गिरफ्तारी में सराहनीय कार्य किया गया। आरोपियों से 02 लाख 75 हजार रुपये नकद एवं लगभग 08 लाख रुपये कीमत की टीयूवी कार जब्त की गई। वहीं थाना कालापीपल प्रधान आरक्षक 585 विशाल पटेल (विवेचक) एवं आरक्षक 229 नयन यादव द्वारा चोरी के प्रकरण में तत्परता से कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये कीमत की शंकर जर्सी गाय चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई गाय बरामद की गई। इसी तरह साइबर सेल शाजापुर आरक्षक 360 राजेश दांगी द्वारा 33 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए। थाना कालापीपल आरक्षक 525 राहुल मेवाड़ा द्वारा 14 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, थाना कोतवाली आरक्षक 523 अनिल परमार द्वारा 12 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए। थाना अकोदिया आरक्षक 401 रजत चौहान द्वारा 10 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए। उक्त चारों पुलिस इकाइयों द्वारा कुल 69 गुम मोबाइल फोन बरामद करने में सराहनीय कार्य किया गया। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग में उत्कृष्ट योगदान के लिए उक्त चारों कर्मचारियों को साइबर योद्धा के रूप में पुरस्कार हेतु चयनित कर पुरस्कृत किया गया।

तत्कालीन एसपी का खौफ दिखाकर व्यापारी से ऐंठे रुपये

झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ऐंठी रकम, अब दोबारा मांग रहे 25 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शहर में एक व्यापारी को झूठे केस में फंसाने और तत्कालीन एसपी के नाम का डर दिखाकर 25 लाख रुपये की ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित नवीन प्रिंटिंग प्रेस के संचालक मोहम्मद अली ने कोतवाली थाने में शिकायती आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार पीड़ित ने अप्रैल 2026 में एसपी कार्यालय में स्टेशनरी सप्लाई का टेंडर भरा था, जो एक दस्तावेज में गलती के कारण निरस्त हो गया था। इसके कुछ समय बाद व्यापारी को कोतवाली थाने से फोन आया कि अंकित ट्रेडर्स के अंकित नागर ने उनके खिलाफ आवेदन दिया है। आरोप है कि थाने के बाहर अंकित नागर ने व्यापारी से कहा कि तत्कालीन एसपी से उसके अच्छे संबंध हैं और वही यह केस खत्म करवा सकता है।

शिकायत के मुताबिक, अंकित ने किसी से फोन पर बात कर व्यापारी को एक रिकॉर्डिंग सुनाई, जिसमें केस रफा-दफा करने के लिए 25 लाख रुपये की मांग की गई। शिकायत के मुताबिक पैसे न देने पर तत्कालीन एसपी द्वारा केस दर्ज कर फर्म और जीवन बर्बाद करने की धमकी दी गई। बदनामी के डर से पीड़ित ने रिश्तेदारों से पैसे जुटाए। पीड़ित का दावा है कि 3 जुलाई 2026 की रात एसपी बंगले के बाहर अंकित नागर की स्कूटी पर बैठकर, उसके द्वारा बताए गए एक पुलिसकर्मी को 12 लाख रुपये नकद दिए गए और 13 लाख का चेक जमानत के तौर पर दिया गया। अगले दिन 4 जुलाई को बाकी 13 लाख रुपये भी नकद दे दिए गए, लेकिन जमानत का चेक आज तक वापस नहीं किया गया।

व्यापारी का आरोप है कि अब फिर से थाने से फोन कर बताया जा रहा है कि उनकी फाइल एडिशनल एसपी देख रहे हैं और अंकित नागर द्वारा दोबारा 25 लाख रुपये की मांग की जा रही है। 28 अक्टूबर 2026 को अंकित नागर ने पीड़ित की दुकान पर आकर उनके बड़े भाई से इस संबंध में चर्चा भी की है। लगातार हो रही इस मानसिक प्रताड़ना और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित ने 29 अक्टूबर को पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इनका कहना है

प्रिंटिंग प्रेस संचालक द्वारा शिकायती आवेदन दिया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक शाजापुर।



दीपावली खरीदारी के लिए अकोदिया बाजार में भीड़ उमड़ी

पशु शृंगार की दुकानें, दीपक और पूजन सामग्री भी बिक रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

दीपावली की खरीदारी के लिए मंगलवार को अकोदिया के बाजार में भीड़ उमड़ी। साप्ताहिक बाजार और त्योहार के चलते शहर के साथ आसपास के गांवों से भी लोग खरीदारी करने पहुंचे।

टप्पा चौराहे से झंडा चौक तक पशुओं के शृंगार की दुकानें सजी हैं, जबकि परशुराम चौराहे से भारतीय स्टेट बैंक रोड तक मिट्टी के दीपक और पूजन सामग्री की दुकानें लगी हैं।

सुबह से शुरू हुई बाजार में लोगों की आवाजाही दिन चढ़ने के साथ बढ़ती गई। पूजन सामग्री, मिट्टी के दीपक, सजावटी सामान और पशुओं के शृंगार की दुकानों पर ग्राहक पहुंचते रहे। ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने भी दुकानों से खरीदारी की। लोग दीपावली पर घरों में मिट्टी के पारंपरिक दीपक जलाने की परंपरा निभा रहे हैं।

छोटे व्यापारियों को हाट बाजार टैक्स से छूट

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शर्मा ने बताया कि दीपावली पर स्थानीय छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर परिषद ने विशेष निर्णय लिया है। दीपक बनाने और बेचने वाले कुम्हारों के साथ गौमाता के शृंगार की सामग्री तैयार कर बेचने वाले छोटे व्यापारियों को हाट बाजार टैक्स से छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे त्योहार पर आजीविका चलाने वाले छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी और उनकी बिक्री को बढ़ावा मिलेगा।

एसबीआई के कर्मचारी की अज्ञात वाहन के कुचलने से मौत, रसलपुर बायपास पर हादसा

देवास। इंदौर से देवास आ रहे 28 वर्षीय एसबीआई बैंक के क्लर्क मयंक जैन की बुधवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। रसलपुर बायपास के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारी। मयंक सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे एक अन्य वाहन ने उन्हें कुचल दिया। मयंक की मौके पर ही मौत हो गई। वे मूल रूप से खान बड़ोदिया के रहने वाले थे। पिछले दो साल से इंदौर की सिंगापुर टाउनशिप में पत्नी के साथ रह रहे थे। वह रोज इंदौर से देवास आते-जाते थे। रिश्तेदार मुकेश जैन ने बताया कि मयंक बाइक से देवास के रीजनल ऑफिस जा रहे थे। रास्ते में एक वाहन की टक्कर से उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ा और वे सड़क पर गिर गए। इसके बाद पीछे से आए वाहन ने उन्हें कुचल दिया। मयंक के पिता का नाम नारायण जैन है। उनकी शादी करीब दो साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी मूल रूप से बड़वानी की रहने वाली हैं। औद्योगिक थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया।





प्रतिभाओं का सम्मान कर राजपूत समाज ने बढ़ाया गौरव

मेधावी विद्यार्थियों, राज्य स्तरीय खिलाड़ियों सैनिकों और सेवानिवृत्तजनों का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मध्यप्रदेश राजपूत समाज प्रगति मंडल क्षेत्रीय परिषद शुजालपुर मुख्यालय अमलाय की ओर से रविवार को प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, शील्ड, दुपट्टा एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के सैनिकों एवं अग्निवीरों का भी सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया।

समारोह में उन प्रतिभाशाली बेटियों का विशेष सम्मान किया गया, जिन्होंने हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली, हरियाणा, जबलपुर, उज्जैन, भोपाल, सतना, गुना एवं शिवपुरी में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। समाज के गौरव कवि सुरेंद्र सिंह हमसफ र देवास को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज उज्जैन के प्लेसमेंट विभाग से सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक नगीन सिंह सिसोदिया का भी सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया गया। इस दौरान कवि सुरेंद्र सिंह ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी और उपस्थित लोगों को पुस्तकें वितरित कीं। समाज के सैनिकों ने भी पुस्तकों का वितरण किया।

कार्यक्रम में राजपूत समाज प्रगति मंडल के केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष एमएल सिसोदिया, क्षेत्रीय परिषद अध्यक्ष करण सिंह सोलंकी सहित प्रदेश एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी, समाजजन और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आसपास के गांवों से भी समाजजन समारोह में शामिल हुए।

मकान की रजिस्ट्री के लिए भटक रहे युवक का छलक पड़ा दर्द

एसडीएम के सामने जमीन पर लेटकर रोया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मकान की रजिस्ट्री नहीं होने पर लंबे समय से दर-दर की ठोकरें खा रहे युवक ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए हंगामा कर दिया और एसडीएम के सामने जमीन पर लेटकर बिलख-बिलख कर रोने लगा।

जानकारी के अनुसार जिले की पोलायकलां तहसील के ग्राम खड़ी का रहने वाला राजेंद्र बागरी अपने मकान की रजिस्ट्री को लेकर लंबे समय से परेशान है। संबंधित कार्यालयों में कई बार चक्कर काटने के बाद भी जब उसकी सुनवाई नहीं हुई, तो मंगलवार को वह अपनी गुहार लेकर जिला मुख्यालय पर पहुंच गया।

जमीन पर लेटकर सुनाया दुखड़ा, पुलिस ले गई थाने

बताया जा रहा है कि अधिकारियों को शिकायती आवेदन सौंपने से पहले ही युवक का सब्र जवाब दे गया। उसने कलेक्टर कार्यालय के बाहर विरोध जताना शुरू कर दिया। अपनी फरियाद सुनाते-सुनाते युवक इतना भावुक हो गया कि वह एसडीएम के सामने जमीन पर लेट गया और करीब 10 से 15 मिनट तक रोता रहा। यह नजारा देख वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह युवक को समझा-बुझाकर उठाया और उसे लालघाटी थाने ले गए।

अधिकारियों ने दिया जल्द निराकरण का आश्वासन

कलेक्टर परिसर में हुए इस पूरे घटनाक्रम के बाद मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया है। अधिकारियों ने युवक को आश्वस्त किया है कि उसके प्रकरण की जांच करवाकर जल्द से जल्द मकान की रजिस्ट्री की बाधा दूर की जाएगी और समस्या का निराकरण किया जाएगा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी राजा पटेल पिता रुस्तम पटेल निवासी जेतपुरा तहसील व जिला देवास का होकर अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की सामिलाती खाते की कृषि भूमि में से स्वंय का हिस्सा के मान से जिसका सर्वे क्रमांक 98 रकबा 1.11 हैक्टेयर में से रकबा 0.555 हैक्टेयर भूमि एवं सर्वे क्रमांक 177 रकबा 0.56 हैक्टेयर में से रकबा 0.28 हैक्टेयर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.835 हैक्टेयर भूमि स्थित कृषक ग्राम-रूई प.ह.न. 08 तहसील घटिटया जिला उज्जैन म०प्र० में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन बयाना अनुबंधपत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मयप्रमाण मुझे

कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी । सुचित हो- इति दिनांक-03-11-2026

ज्योतिष शर्मा (सर्विस प्रोवाइडर)
ऑफिस पता - उन्हेल चौराहा
भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.) मो०नं० 96300-65216,

कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन नगर, जिला उज्जैन

प्रकरण क्रमांक 024/बी-113/26-27
लोक न्यास का नाम जीवन दीप जनकल्याण पारमार्थिक न्यास
पंजीयन क्रमांक- 288

जीवन दीप जनकल्याण पारमार्थिक न्यास द्वारा अध्यक्ष महेन्द्र नाहर पिता डॉ. शांति कुमार नाहर, कार्यालय- 2 लक्ष्मी शांति निवासी, पार्श्वनाथ परिसर सूरज नगर उज्जैन ...आवेदक

विरुद्ध

मध्यप्रदेश शासन

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र नाहर पिता डॉ. शांति कुमार नाहर, अध्यक्ष जीवन दीप जनकल्याण पारमार्थिक न्यास, कार्यालय- 2 लक्ष्मी शांति निवासी, पार्श्वनाथ परिसर सूरज नगर, उज्जैन द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 9 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर जीवन दीप जनकल्याण पारमार्थिक न्यास, के पूर्व सरंक्षक श्री हर्ष सागर सुरिश्वरजी म.सा. का स्वर्गवास हो जाने से उनका नाम ट्रस्ट पंजीयन रजिस्टर से कम करने तथा न्यास मंडल द्वारा बैठक आहूत कर सवार्नुमति से कम किये गये न्यासी के स्थान पर परम पूज्य साध्वी नमि वर्षाश्री म.सा. को संस्था का संरक्षक नियुक्त कर नवीन चयनित ट्रस्टी का नाम पूर्व न्यासी के स्थान पर ट्रस्ट पंजीयन रजिस्टर में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	पुराने ट्रस्टी बोर्ड सदस्य	पद	कारण
01	स्व. श्री हर्ष सागर सुरिश्वरजी म.सा.	संरक्षक	स्वर्गवास होने से

नवीन न्यासीगण-

क्र.	नवीन जोडे जाने वाले संरक्षक का नाम व पता	पद
01	श्री परम पूज्य साध्वी नमि वर्षाश्री म.सा.	संरक्षक

अतः मै रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयन / परिवर्तन अपने न्यायालय में दिनांक 29/10/26 को मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 09 (1) के द्वारा यथा अपेक्षित पंजीयन / परिवर्तन करना प्रस्तावित करता हूँ।

अतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यास संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात दिनांक 10/12/26 के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन मेरे समक्ष प्रस्तुत करना और मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक अथवा अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए।

रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग उज्जैन नगर

होर्मुज से भारतीय जहाजों को गुजरने देगा ईरान

तेहरान ईरान ने करीब 8 महीने बाद भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की छूट दे दी है। अब भारतीय जहाज इस रास्ते से बिना किसी रोक-टोक के गुजर सकेंगे। ईरान ने चीन, इराक और कतर के जहाजों को भी यह छूट दी है। 28 फरवरी से इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही पर पाबंदियां लगी हुई थीं। भारत अपने कुल कच्चे तेल आयात का करीब 40त्न इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान की न्यूज वेबसाइट ईरानवायर और अनादोलू एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने भारत को यह छूट इसलिए दी है, ताकि उसे भारत से दवाएं मिलती रहें। वहीं, चीन को छूट देने के पीछे ईरान की उम्मीद है कि मुश्किल वक्त में बीजिंग उसका राजनीतिक रूप से साथ देगा। हालांकि, भारतीय और चीनी जहाजों को होर्मुज से गुजरने के लिए पैसे देने होंगे। वहीं, कतर के जहाज बिना कोई शुल्क दिए इस रास्ते से गुजर सकेंगे। इराक को किस वजह से छूट दी गई है, यह साफ नहीं किया गया है।भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल दूसरे देशों से खरीदता है। इसमें से करीब 40 प्रतिशत तेल होर्मुज स्ट्रेट से होकर आता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से भारत आने वाले तेल के लिए यह अहम रास्ता है।

क्लास रूम में 9 साल की बच्ची की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के मयूर विहार फेज-2 स्थित एक स्कूल में 9 साल की बच्ची की क्लासरूम में मौत हो गई। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची टीचर से बात कर रही थी, तभी अचानक क्लासरूम के फर्श पर गिर गई। स्कूल के स्टाफ ने उसे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बाद में उसे निर्माण विहार के मलिक हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में डॉक्टर्स ने कार्डिएक अरेस्ट से मौत होने की आशंका जताई है। हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी। टीचर्स ने बताया कि बच्ची गेम्स पीरियड के बाद क्लासरूम में लौटी थी। वह बहुत थकी हुई लग रही थी। वह कुछ कहते हुए अचानक फर्श पर गिर गई। उसे उठाकर कुर्सी पर बिठाने की कोशिश की तो वह पूरी तरह बेसुध हालत में थी। फर्श पर गिरने से उसके ठोड़ी से खून से आ रहा था। लड़की के परिवार ने आरोप लगाया कि अच्छी-खासी फीस देने के बावजूद, स्कूल के पास इस तरह की इमरजेंसी से निपटने के लिए सही मेडिकल इंतजाम नहीं थे। उन्होंने यह भी पूछा कि बच्ची के गिरने के तुरंत बाद उसे क्यों नहीं दिया गया। परिवार के सवाल पर प्रिंसिपल ने कहा कि स्टाफ को शुरू में लगा कि बच्ची के बेहोश होने का कारण चेहरे पर लगी चोट हो सकती है। वे उसकी हालत का कोई और कारण नहीं सोच सके। इसलिए उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया।

ट्विशा मौत केस- रिटायर्ड जज गिरिबाला की जमानत याचिका खारिज



जबलपुर/भोपाल। भोपाल की ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में बुधवार को जबलपुर हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच ने कहा कि फॉरेंसिक और डिजिटल रिपोर्ट का इंतजार है। जांच भी अभी जारी है। ऐसे में उन्हें रिहा नहीं किया जा सकता। गिरिबाला पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी बेटे समर्थ की मदद करने का आरोप है। सीबीआई ने भी उनकी जमानत का विरोध किया था। गिरिबाला 2 जून से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद हैं। 4 नवंबर तक उन्हें जेल में बंद हुए 155 दिन यानी करीब 5 महीने 2 दिन हो चुके हैं। ट्विशा शर्मा की 12 मई 2026 को भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह घर में फंदे पर लटकी मिली थीं। पति समर्थ और सास गिरिबाला ने पुलिस को बताया था कि ट्विशा ने आत्महत्या की है। इसके बाद मामले की जांच शुरू हुई थी।

धानमंत्री मोदी ने शरद पवार को फोन कर हालचाल जाना

पुणे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार को फोन करके उनका हाल-चाल पूछा। पवार हाल ही में पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक से डिस्चार्ज हुए हैं। पवार के करीबी सहयोगी विट्ठल मनियार के अनुसार, प्रधानमंत्री ने उनसे कहा कि उनकी बेटी सुप्रिया सुले उनके साथ मिलकर देश की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए मनियार ने बताया, बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरद पवार का हाल-चाल जानने के लिए फोन किया। उन्होंने बहुत स्नेह और सम्मान के साथ बात की और कहा,साहब, कृपया पूरा आराम करें। सुप्रिया अब तैयार है। सुप्रिया और हम सब मिलकर देश की देखभाल कर लेंगे। आप आराम करें, मेरी यही विनती है। मनियार ने बताया कि पवार ने जवाब दिया कि वे आराम कर रहे हैं और उन्हें देश को लेकर कोई चिंता नहीं है। साहब ने उनका हाल-चाल पूछने के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया। हालांकि, न तो पवार और न ही प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की पुष्टि की है।

दिपावली और छठ पूजा पर यात्रियों को बड़ी राहत, रेलवे चलाएगा तीन जोड़ी फेस्टिवल स्पेशन ट्रेनें

मालीगांव। दिपावली और छठ पूजा के दौरान घर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने तीन जोड़ी (कुल 6) फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के कुल 14 फेरे संचालित किए जाएंगे। इससे यात्रियों को यात्रा का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और त्योहारी सीजन में नियमित ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़-भाड़ से राहत मिलेगी।

रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, पोत्तनूर-न्यू तिनसुकिया, लुधियाना-पूर्णिया और टाटानगर-लाभा के बीच इन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।



ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है

पोत्तनूर-न्यू तिनसुकिया स्पेशल (दो फेरे) ट्रेन संख्या 06101 स्पेशल 5 और 13 नवंबर को पोत्तनूर से तड़के 04:30 बजे प्रस्थान कर क्रमश: 8 और 16 नवंबर को न्यू तिनसुकिया (सुबह 04:30 बजे) पहुंचेगी।

वापसी में, ट्रेन संख्या 06102 न्यू तिनसुकिया से 8 और 16 नवंबर को रात 22:00 बजे प्रस्थान कर क्रमश: 11 और 19 नवंबर को रात 23:30 बजे पोत्तनूर पहुंचेगी।

लुधियाना-पूर्णिया स्पेशल एक्सप्रेस (दो फेरे) ट्रेन संख्या 04660 आरक्षित त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस 5 और 9 नवंबर को लुधियाना से दोपहर 12:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात 21:30 बजे पूर्णिया पहुंचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 04659 पूर्णिया से 6 और 10 नवंबर को रात 23:30 बजे प्रस्थान कर क्रमश: 8 और 12 नवंबर को सुबह 06:50 बजे लुधियाना पहुंचेगी।

टाटानगर-लाभा स्पेशल (तीन फेरे) ट्रेन संख्या 08181 स्पेशल 5 से 19 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को टाटानगर से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 04:50 बजे लाभा पहुंचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 08182 लाभा से 6 से 20 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 05:20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 23:50 बजे टाटानगर पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इन स्पेशल ट्रेनों के ठहराव और समय-सारणी की विस्तृत जानकारी आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट तथा एन.एफ. रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करा दी गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन के समय और ठहराव की पूरी जानकारी अवश्य जांच लें।

हर घर दिवाली अभियान से 300 से अधिक बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

गुना। दीपावली का पर्व खुशियों, उल्लास और आपसी प्रेम का संदेश लेकर आता है। इस पर्व की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग और विशेषकर बच्चे भी इन खुशियों में सहभागी बनें। इसी भावना को साकार करते हुए कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की प्रेरणा एवं निर्देशानुसार आनंद विभाग, गुना द्वारा 'हर घर दिवाली अभियान' के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई। इस पहल के माध्यम से 300 से अधिक जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के बच्चों तक दीपावली की खुशियां पहुंचाई गईं तथा उन्हें उपहार किट वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी गई।

मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग की अवधारणा के अनुरूप जिला आनंद विभाग द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के जनसहयोग से इस अभियान को संचालित किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम विनायकखेड़ी, ग्राम सोजनाचक एवं ग्राम कंचनपुरा के प्राथमिक विद्यालयों तथा बस्तियों में पहुंचकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की ओर से उपहार किट प्रदान की गईं। उपहार प्राप्त कर बच्चों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। इस अवसर पर एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पाठक, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी आनंद विभाग दिव्यांशु शिवहरे, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती योगिता परमार, नोडल अधिकारी आनंद विभाग आशीष टाटिया, डीपीसी सुश्री प्रेरणा गुप्ता, बीआरसी, पीआईयू के कार्यपालन यंत्री अभिनव परिहार, बीआरसी अशोक जोशी तथा आनंद क्लब गुना के रोहित सहित संबंधित ग्रामों के विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं शिक्षकों ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे आत्मीय संवाद किया, उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने, आतिशबाजी के दौरान सावधानी रखने तथा बड़ों की देखरेख में ही दीपावली के उत्सव में भाग लेने का संदेश भी दिया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी श्रीमती सोरमबाई पति विक्रम, निवासी-उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-713/1/2 रकबा 0.4000 हेक्टर ग्राम रामवासा, तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 05 (पांच) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सूचित हो। दिनांक-04-11-2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
मो. 94259-46659

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड बी-13/3 प्रथम मंजिल महाकाल वाणिज्य कैन्द्र नानाखेड़ा उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 71 भाग होकर इन्ड्रस्टीयल एरिया मक्सी रोड़ उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 5000 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में - भूखण्ड़ क्रमांक 71 का भाग/खुला भाग, पश्चिम में - रोड़ एवं खुला भाग, उत्तर में- रोड़ एवं खुला भाग एवं दक्षिण में- भूखण्ड़ क्रमांक 71 का भाग/खुला भाग स्थित है। उक्त सम्पत्ति शाह सुरेश आईल मिल द्वारा प्रोप्रायटर आसनदास पिता सहजराम ने रजि.लीज पत्र क्रमांक 4053 दिनांक 08/11/2000 के माध्यम से प्राप्त की थी तथा आसनदास की मृत्यु दिनांक 18/09/2024 हो जाने के पश्चात उनके उत्तराधिकारियो में से अनिल वाधवानी, सुरेश वाधवानी, रमेश वाधवानी पिता आसनदास वाधवानी एवं जया वाधवानी पति प्रकाश वाधवानी एवं हरिश वाधवानी पिता किशनचंद वाधवानी ने जिला व्यापार एंव उघोग केन्द्र से संशोधित रजिस्टर्ड लीज पत्र क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18842026 ए 100932077 दिनांक 28/07/2026 के माध्यम से उक्त संपत्ति पर नाम अंकित करा लिया है एवं अनिल वाधवानी आदि, द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

नि:शुल्क ई रजिस्ट्री की ईकेवाईसी का 60 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा

महिदपुर रोड। क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम आबादी में स्थित रह वासियों के मकानों की निशुल्क ई रजिस्ट्री का कार्य हल्के के पटवारी ग्राम के कोटवारों के सहयोग से ई केवाईसी का जारी है क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर खेड़ी के पटवारी अनिल चौहान हल्का नंबर 13 ने बताया उनके हल्के के दो गांवों में ई केवाईसी का ग्राम कोटवार के सहयोग से किया जा रहा है। पटवारी चौहान ने बताया ग्राम बरुखेडी के 170 मकानों की ई रजिस्ट्री के ई-केवाईसी की जाना है वहीं हल्के के ग्राम सरवन खेड़ा में 191 मकानों की ई रजिस्ट्री की जाना है जिसमें से 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है तथा कनेक्टिविटी सर्वर की उपलब्धता पर शेष मकानों की ई रजिस्ट्री की ईकेवाईसी का कार्य भी निर्धा रित समयावधि में पूरा किया जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारा लाखनसिंह पिता पन्नालाल जाति गुर्जर, आयु 36 वर्ष, निवासी ग्राम खारपा तेहसील तराना जिला उज्जैन के द्वारा दिनांक 12/08/2026 को संजय पवार पिता राधेश्याम पंवार आयु 28 वर्ष जाति चमार निवासी वर्मानगर पंवासा मक्सी रोड उज्जेन को नगद राशि रु 472000 दिए गए थे जो कि संजय पवार को 11 माह में वापस मेरे पक्षकार को लौटाने थे जिसका अनुबंध मेरे पक्षकार व संजय पवार के मध्य दिनांक 12/08/2026 को निष्पादित किया गया था जिसमें संजय पवार के द्वारा अपने स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का मकान रू 472000 का भुगातन नहीं किए जाने की स्थित में उक्त मकान को मेरे पक्षकार को विक्रय कर देगा इसलिए उक्त मकान को मेरे पक्षकार के पास गिरवी रखा गया । यह कि उक्त अनुबंध में यह भी शर्त थी कि यदि संजय पवार के द्वारा भुगतान समय सीमा में नहीं किया गया या टालमटोल की गई तो मेरे पक्षकार को यह अधिकार होगा कि मेरा पक्षकार संजय पवार के विरूद्ध न्यायलीन कार्यवाही पुलिस कार्यवाही करते हुए उक्त दी गई राशि मय हर्जे खर्च ब्याज सहित मेरे पक्षकार चल अंचल सम्पत्ति अर्थात संजय पवार का मकान स्थित वर्मा नगर पंवासा मक्सी रोड उज्जैन को विकय आदि वसूल कर ले जिसमें संजय पवार व उसके वैध वारिसान को कोई आपत्ति नही रहेगी तथा भविष्य में भी संजय पवार व उसके वैध वारिसान को कोई आपत्ति नहीं रहेगी।

अत: इस जाहिर सूचना के द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी आमजन व खास के द्वारा संजय पवार पिता राधेश्याम पंवार आयु 28 वर्ष जाति चमार निवासी वर्मानगर पंवासा मक्सी रोड उज्जेन के साथ ऊपर वर्णित सम्पति स्थित वर्मानगर पंवासा मक्सी रोड उज्जैन का किसी भी प्रकार का व्यवहार या कोई अनुबंध कय करने या गिरवी रखने का सम्पादित किया तो वह व्यवहार अवैध होगा व मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारक नहीं होगा तथा मेरे पक्षकार के हितों पर किसी भी प्रकार से प्रतिकुल प्रभाव नही डालेगा इस जाहिर सूचना के द्वारा गलत व निरस्त माना जावेगा।

दिनांक 4/11/2026

कुशसिंह सोलंकी एडवोकेट
ऑफिस-31/1 मालीपुरा उज्जैन 456001
25 गोकुल नागर नगर इंदौर 452016
मो. +91 9406680093

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01. हिंगलाज पिता श्री करण सिंह, 02. श्रीमती जानी बाई पति श्री करण सिंह, दोनो निवासी ग्राम भोण्डवास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन एवं 03. श्रीमती सावत्रा बाई पति श्री मान सिंह, निवासी ग्राम छानखेडी तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि सर्वे क्रमांक-113/1 रकबा 0.02 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-113/2 रकबा 0.28 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.30 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम भोण्डवास तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधि पत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

सो सूचित हो । दिनांक-04-11-2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

फतेहगढ पुलिस ने 13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

गुना। पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी एवं इन गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं कठोर कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना हेमंत पाण्डेय के पर्यवेक्षण में फतेहगढ थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गौरतलब है कि गत दिनांक 02 नवंबर 2026 की रात्रि में फतेहगढ थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए ठाकुरबाबा मंदिर के पास हमीरपुर-छबडा रोड पर नाकावंदी कर एक रिनोल्ट डस्टर कार क्रमांक एमपी04 सीएन 0826 से स्मैक तस्करी कर रहे आरोपी हेमंत उर्फ दिल्लू पुत्र रामस्वरुप ओढ उम्र 24 साल एवं राजू उर्फ मोटा पुत्र मदन बंजारा उम्र 22 साल निवासीगण फतहेगढ जिला गुना को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक कीमती करीबन 1.30 लाख रूपये एवं तस्करी में डस्टर कार कीमती 07 लाख रूपये सहित कुल 8.30 लाख रूपये मूल्य का मशरूका बरामद किया गया है । पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध फतेहगढ थाने में अपराध क्रमांक 227/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। पुलिस द्वारा प्रकरण में बरामद स्मैक की आपूर्ति के स्रोत, तस्करी के अन्य संभावित ठिकानों एवं इनके नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों के संबंध में भी विस्तृत जांच की जा रही है। नशे के विरुद्ध फतेहगढ थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि नरेश शर्मा, सउनि दिलीप सिंह रघुवंशी, सउनि जसरथ दिवाकर, प्रधान आरक्षक सरनाम सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रसेन फालके, प्रधान आरक्षक विकास भार्गव, प्रधान आरक्षक हरिओम किरार, प्रधान आरक्षक प्रेम ग्वाल, प्रधान आरक्षक कांजराज बारेला, आरक्षक दीपक शर्मा, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक अजय लोधी, आरक्षक धीरेन्द्र बघेल, आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक नीरज शर्मा, आरक्षक लेखराज भील तथा साइबर सेल से आरक्षक कुलदीप याद व आरक्षक भूपेन्द्र खटीक का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के 16वें दिन उमड़ा जनसैलाब

राघौगढ़/गुना। उज्जैन की पावन नगरी महाकालेश्वर धाम से अयोध्या में प्रभु श्रीराम के धाम तक सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और गौरवशाली परंपराओं के जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा बुधवार को अपने 16वें दिन राघौगढ़ क्षेत्र के बरसत पहुंची। यात्रा में प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं, आदिवासी समाज के दिग्गज नेताओं, जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं सर्वसमाज के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दरअसल यात्रा के दौरान पीपलखेड़ी चौराहे पर महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रनायक एवं आदिवासी स्वाभिमान के प्रतीक धरती आबा टंट्या मामा भील की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर यात्रा का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री द्वय ओमकार मरकाम एवं पीसी शर्मा, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया, विधायक डॉ. हीरालाल अलावा, मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, डॉ. आनंद राय तथा आदिवासी युवा नेता रामदेव ककोड़िया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। जिन्होंने हजारों आदिवासी भाई-बहनों और सर्वजातीय नागरिकों की मौजूदगी में प्रतिमा का अनावरण कर टंट्या मामा के संघर्ष, बलिदान और साहस को नमन किया गया। इससे पूर्व बुधवार को ग्राम घाटाखेड़ी में सत्य सनातन स्वाभिमान धर्मरथ में विराजमान प्रभु श्रीरामलला सरकार, पवित्र तीर्थों के जल से परिपूर्ण कलशों एवं पार्थिव शिवलिंग का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री राजेश सिंह कुशवाह पिता श्री शिशुपाल सिंह कुशवाह निवासी ए - 18/27, क्षिप्रा विहार कालोनी देवास रोड उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान प्लॉट नंबर 9 ए नवीन नंबर 14/9 संत बालीनाथ नगर सांवेर रोड उज्जैन पर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 43.15 वर्ग मीटर में 2 मंजिल बना हुआ है उसे क्रय करने का अनुबंध करके बयाने की राशि अदा कर दी है और शीघ्र ही विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना है इस मकान पर यदि किसी व्यक्ति संस्था बैंकिंग अथवा सहकारी संस्थाओं का कोई ऋण भार अथवा किसी ने क्रय करने का कोई अनुबंध आदि या किसी प्रकार का कोई स्वत्व हो तो वह इस जाहिर सूचना के 7 दिवस में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में मय दस्तावजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकार 7 दिवस पश्चात मकान का पंजीयन व नामांतरण अपने हित में करवा लेंगे। अत: हर आम व खास सूचित हो।

दिनांक 4/11/2026


अभिषेक पाठक एडवोकेट
63, विद्या नगर, उज्जैन (म.प्र.)
फोन 0734-2926663
मो. 94253 62471, 942518935663

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी 01- श्री शेरसिंह पिता श्री सरदारसिंह, 02-श्री कृष्णपालसिंह पिता श्री शेरसिंह, 03-श्रीमती ओछपकुंवर पति श्री शेरसिंह, तीनो निवासी उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-317/1/1 रकबा 0.12 हेक्टर, 403/2 रकबा 1.49 हेक्टर, 405/2 रकबा 0.23 हेक्टर, 407/3 रकबा 0.38 हेक्टर, 408/1 रकवा 0.51 हेक्टर, 408/2 रकबा 0.52 हेक्टर, 409 रकबा 0.48 हेक्टर एवं 413/2 रकवा 2.20 हेक्टर कुल किता 08 कुल रकवा 5.93 हेक्टर ग्राम रूणजी, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 04.11.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड
उज्जैन मो. 94259-46659

न्यूज कॉलम



यातायात व्यवस्था में परिवर्तन, प्रमुख बाजारों में चार पहिया और ऑटो रहेंगे प्रतिबंधित

मन्दसौर। दीपावली पर बाजारों में बढ़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में विशेष बदलाव किए हैं। यह नई व्यवस्था 5 से 8 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान कालिदास मार्ग, घंटाघर और सदर बाजार क्षेत्र में ऑटो रिक्शा, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। हालांकि आम नागरिकों की सुविधा के लिए दोपहिया वाहनों का आवागमन सामान्य रूप से जारी रहेगा। सुगम आवागमन के लिये भारत माता चौराहा, परंपरा ज्वेलर्स, शुक्ला चौक, जगतपुरा चौराहा, प्रतापगढ़ पुलिया और कालका माता मंदिर सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों से आने वाले वाहनों को अन्य वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस ने सभी व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे दुकानों पर माल की अनलोडिंग का कार्य सुबह 10 बजे से पहले या रात 9 बजे के बाद ही संपन्न कराएं। वाहन चालकों के लिए कालाखेत मैदान और प्रतापगढ़ पुलिया के पास खाली मैदानों को पार्किंग स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है।

रोलर स्केटिंग रोड रेस प्रतियोगिता की मेडल सेरेमनी आयोजित भोपाल संभाग बना विजेता



मन्दसौर। 70वीं राज्य स्तरीय स्कूल शिक्षा विभाग रोलर स्केटिंग रोड रेस प्रतियोगिता का समापन एवं मेडल सेरेमनी समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में रोड रेस का ओवरऑल विजेता पुरस्कार और ट्रॉफी भोपाल संभाग ने अपने नाम की। ग्यारह, चौदह, सत्रह एवं उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता के दौरान मंदसौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश रघुवीर सिंह चुंडावत ने खिलाड़ियों को लक्ष्य साधने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने खेलों के माध्यम से अनुशासन और एकाग्रता विकसित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट, संयुक्त संचालक क्रीड़ा उज्जैन सावित्री मालवीय सहित खेल जगत के कई गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. शिवसिंह भाटी क्रिकेट मैच रेफरी परीक्षा में हुए सफल

मन्दसौर। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अंपायर एवं बीसीसीआई से जुड़े एंटी करप्शन अधिकारी डॉ. शिवसिंह भाटी ने क्रिकेट मैच रेफरी की प्रतिष्ठित परीक्षा में सत्तर प्रतिशत अंक प्राप्त कर मंदसौर जिले का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश से इस परीक्षा में लगभग साठ प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से केवल बीस अभ्यर्थियों को सफलता प्राप्त हुई है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल जगत और शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



दीपावली से पूर्व आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन और बोनस देने की मांग

मन्दसौर। म.प्र. राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ द्वारा जिले के समस्त शासकीय विभागों, अस्पतालों, विद्यालयों, निगमों और कृषि उपज मंडियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को आगामी दीपावली पर्व से पूर्व वेतन एवं बोनस का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराने के संबंध में सहायक श्रमायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। संघ के जिलाध्यक्ष फकीरचंद गुर्जर ने श्रम कानूनों का हवाला देते हुए बताया कि पेमेंट ऑफ वेजेस एक्ट 1936 के तहत कर्मचारियों को समय पर वेतन पाने और पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट 1965 के तहत त्योहार से पूर्व बोनस प्राप्त करने का कानूनी अधिकार है। संघ ने चेतावनी दी है कि भुगतान में विलंब करने वाली ठेका एजेंसियों और संबंधित विभागों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए, जिसकी एक प्रतिलिपि कलेक्टर मंदसौर और प्रदेश कार्यालय भोपाल को भी प्रेषित की गई है।

आनंद गिरी जी महाराज ने की सीबीआई जांच और एनकाउंटर की मांग

शराब माफिया द्वारा खातेगाँव के थाना प्रभारी पुरी की हत्या पर फूटा आक्रोश, गोस्वामी समाज ने किया प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

मध्य प्रदेश के देवास जिले के खातेगांव में कर्तव्य पालन के दौरान शराब माफियाओं द्वारा थाना प्रभारी दिलीप पुरी को ट्रक से कुचलकर निर्मम हत्या किए जाने के मामले में रतलाम में भारी आक्रोश देखने को मिला है। इस घटना के विरोध में आज रतलाम जिले के गोस्वामी समाजजनों ने कोर्ट चौराहे स्थित जिला पंचायत के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।

संजय पुरी गोस्वामी (दशनामी संगठन के जिला अध्यक्ष) के नेतृत्व में समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। पूरा कोर्ट चौराहा दिलीप पुरी अमर रहे, शराब माफिया मुर्दाबाद और दिलीप पुरी को न्याय दो के नारों से गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दिलीप पुरी हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल अभी जिंदा हैं।संगठन के प्रमुख लोगों का कहना था कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत रास्ते का कांटा हटाने जैसा कुकृत्य है।



घटना के संबंध में आनंद गिरी जी महाराज ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस विभाग के थाना प्रभारी की अवैध शराब माफियाओं द्वारा की गई इस हत्या से पूरा प्रदेश शर्मिंदा है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। इस घटना के पीछे चाहे कोई भी बड़ा चैनल या उनके आका (संरक्षक) हों, उन्हें गिरफ्तार किया जाए। आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर उन्हें फांसी की सजा दी जाए और उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलाया जाए। आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए।

> मध्य प्रदेश सरकार से अपील है कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाया जाए, क्योंकि आज जब पुलिस और रक्षक ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा खतरे में है। इस विरोध प्रदर्शन में संगठन के प्रमुख ईश्वरदास महाराज, आनंद गिरी जी महाराज सहित तमाम पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

नागरिकों और हितग्राहियों के साथ किया संवाद में शहर विकास पर हुई चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

जिला प्रशासन एवं नगरपालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका सभागृह में केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों और शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने नगरपालिका अध्यक्षा रमादेवी बंशीलाल गुर्जर और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मंदसौर नगर के समग्र विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मिजार्पुरा बांध के पास पिकनिक स्पॉट विकसित करने, प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध जनजागरण अभियान चलाने, हाईटेंशन लाइन हटाने तथा सदर बाजार की यातायात व्यवस्था में सुधार करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में अभिषेक शर्मा, संजय अग्रवाल, जयप्रकाश राठौर, दिव्या गोस्वामी, अभिषेक राठौर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मुकेश खमेसरा, कन्हैयालाल सोनगरा, अनिल लालवानी, कमलेश रामचंदानी, करण लालवानी, पार्षद सुनीता गुजरिया, भावना पमनानी, पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गोस्वामी, लोकेश भार्गव, राजाराम तंवर ने सुझाव दिये। आभार पीएस धारवे ने माना।



5 नवंबर से चलेगी उत्राण–लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

रतलाम। दीपावली सहित आगामी त्योहारों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने उत्राण-लालकुआं के बीच विशेष किराए पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 09129 उत्राण-लालकुआं स्पेशल पांच और 12 नवंबर गुरुवार को उत्राण से दोपहर तीन बजे रवाना होकर दाहोद (8:18/8:20), रतलाम (10:25/10:35) और नागदा (11:38/11:40) होते हुए अगले दिन शाम 4:10 बजे लालकुआं पहुंचेगी। वापसी में 09130 लालकुआं-उत्राण स्पेशल छह और 13 नवंबर शुक्रवार रात 10 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन नागदा (2:55/2:57), रतलाम (3:30/3:40) और दाहोद (5:05/5:07) होते हुए रात 10:15 बजे उत्राण पहुंचेगी।

दोनों दिशाओं में अंकलेश्वर, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायूं, बरेली, बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी और किच्छा में ठहराव रहेगा। ट्रेन में एसी द्वितीय, एसी तृतीय, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।

दिवाली त्योहार पर यातायात जाम ना हो शहर में शुक्रवार से बड़े वाहनों की एंट्री बंद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

दीपोत्सव की शुरूआत शुक्रवार धनतेरस से होगी ।नगर में चहल-पहल प्रारंभ हो गई। त्यौहार की खरीदारी की रौनक दिखने लगी। वाहनों के कारण होने वाली परेशानी ट्रैफिक जाम ना हो इसके लिए यातायात पुलिस ने 5 नवंबर की सुबह 10 बजे से तीन पहिया चार पहिया व अन्य बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया ।साथ ही परिवर्तित मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था का प्लान जारी किया है ।

यातायात थाना प्रभारी रविशंकर वर्मा ने बताया कि 5 नवंबर से लेकर दीपावली पर्व की खरीदारी संपन्न होने तक परिवर्तित मार्ग एवं वन वे प्लान लागू रहेगा ।चौपाटी से सिटी जाने वाले ऑटो मिनी डोर एवं अन्य तीन चार पहिया वाहन गौशाला रोड रतलामी गेट से लक्ष्मीबाई मार्ग नीम चौक आजाद चौक सोमवारिया होकर और रावण द्वारा तक वनवे के रूप में जाएंगे ।रावण द्वारा से आगे वाहन चालक चाहे तो गीता भवन ,खाचरोद नाका, अस्पताल रोड एवं स्टेशन रोड होकर अंडर ब्रिज या ओवर ब्रिज से चौपाटी जा सकते हैं ।अथवा रावण द्वारा से शहर पनाह रोड खिड़की दरवाजा चौराहा और वहां से सागर पैसा रोड होकर रतलामी गेट से स्टेशन रोड तरफ जाने के लिए जेल रोड का उपयोग करें ।तालनाका से खाचरोद ना का तरफ जाने के लिए हाथी खाना छोटी पुल वह अबू सहिद दरगाह रोड जनता कॉलोनी होकर जा सकते हैं। गुना चौक सेभडभूजा चौक तक तरफ हाथी खाना पुल से जवाहर पर तरफ, नीम चौक से कमानी गेट तरफ, आजाद चौक से खरीवाल मोहल्ला घंटाघर चौराहा तरफ, कमानी गेट से कोठी बाजार तरफ, पंकज बुक फुटी बावडी तिराहा से पिपली बाजार तरफ, और गोवर्धन नाथ चौराहा से आजाद चौक की तरफ ,तीन व चार वाहनो का प्रवेश बंद रहेगा । शहर की दुकानों पर माल लोडिंग एवं अनलोडिंग सिर्फ रात्रि में ही होगी ।रात्रि 10:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक ही रहेगी।



3 साल की मासूम के अपहरण का मामला, मां ने लगाया बेचने या हत्या की आशंका का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम जिले के पिपलोदा थाना क्षेत्र के ग्राम उपरवाड़ा में एक 3 वर्षीय मासूम बच्ची के कथित अपहरण और पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रसूता एवं पीड़िता मां हिराबाई ने रतलाम एसपी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती आवेदन सौंपा है, जिस पर एसपी कार्यालय द्वारा पिपलोदा थाना प्रभारी को जांच कर 2 दिवस में प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

आवेदन में आवेदिका हिराबाई (पति स्व. मांगूलाल / निवासी ग्राम उपरवाड़ा) ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2017 में मांगूलाल (निवासी ग्राम उपरवाड़ा) के साथ हुआ था। विवाह के बाद से पति द्वारा गांजा पीकर मारपीट करने और भरण-पोषण नहीं करने का आरोप लगाया गया है। आवेदिका के अनुसार, गत 25 सितंबर 2026 को आरोपी मांगूलाल ने अत्यधिक मारपीट कर उसे और उसकी 3 वर्षीय पुत्री 'खुशी' को घर से निकाल दिया था। इसके बाद उसी दिन जब उसकी पुत्री घर के बाहर आंगन में खेल रही थी, तभी अनावेदक भूलीबाई उर्फ भावना (पति अर्जुन निनामा, निवासी उणी) और अर्जुन (पुत्र भंवरलाल निनामा) मोटरसाइकिल पर आए और उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन बच्ची को उठाकर ले गए। पीड़िता का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद जब वह पिपलोदा थाने रिपोर्ट दर्ज कराने गई, तो थाना प्रभारी द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखी गई और केवल यह आश्वासन दिया जाता रहा कि वे बच्ची को वापस ले आएंगे। घटना को करीब एक माह बीत जाने के बाद भी जब बच्ची का कोई पता नहीं चला, तो मां ने आशंका जताई है कि आरोपियों ने उसकी मासूम बच्ची को या तो कहीं बेच दिया है या उसकी हत्या कर दी है।


> **एसपी ने दिए जांच के निर्देश**
> आवेदिका ने एसपी कार्यालय में गुहार लगाई है कि मामले में संलिप्त अनावेदकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उसकी पुत्री 'खुशी' को सकुशल बरामद कर उसे सौंपा जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा अग्रिम जांच शुरू कर दी गई है।



दिवंगत परिवारों में पहुंचकर कुं शक्तावत ने की शोक संवेदना व्यक्त

पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव जयसिंह बरखेड़ा में ठाकुर जसवंत सिंह की धर्मपत्नी एवं कुंवर महेंद्र सिंह की पूज्य माता श्रीमती दीप कुंवर तोमर के लंबी बीमारी के चलते स्वर्गवासी हो जाने पर तथा गांव बालागुड़ा में रामेश्वर पाटीदार एवं अंबालाल पाटीदार के पिता रामकिशन (पटेल) पाटीदार के पूणार्यु मे स्वर्गवासी हो जाने पर तथा गांव नेनोरा में कारूलाल मेघवाल की सुपुत्री कुमारी गीताबाई मेघवाल के गैस सिलेंडर रिसने से आग में झुलसने के कारण असमय स्वर्गवासी हो जाने पर 03 नवंबर,26 को जन जन के ,युवाओं के नेता,किसानों ,गरीबों के नेता कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निज निवास पर उपस्थित होकर पुण्यात्मा ओ को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवारों पर असमय हुए वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस प्रकार की प्रार्थना की। इस अवसर पर आपके साथ कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

जिला प्रशासन ने 30 करोड़ की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई



मन्दसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के सख्त निदेशों के पालन में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम भुन्याखेड़ी में लगभग तीस करोड़ रु. मूल्य की शासकीय भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। एसडीएम शुभम पाटीदार ने जानकारी दी कि ग्राम भुन्याखेड़ी स्थित शासकीय सर्वे नंबर 514 के अंतर्गत आने वाले 0.75 हेक्टेयर क्षेत्र पर साबिर पिता बफाति हड्डी द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। तहसीलदार श्री नीलेश पटेल के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर इस अतिक्रमण को हटाया तथा उक्त भूमि का आधिपत्य कर्मचारी आवास निगम विंध्याचल भवन भोपाल के प्रतिनिधि और नगरपालिका कार्यपालन यंत्री श्री पी.एस. धार्वे को सौंप दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और नगरपालिका के अधिकारी तथा कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

5 से 8 नवम्बर तक 15 मिनट अतिरिक्त जलप्रदाय होगा

मन्दसौर। दीपावली के पावन पर्व पर शहरवासियों को पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगरपालिका परिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। नगरपालिका अध्यक्षा रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला और जलकार्य सभापति निलेश जैन ने जानकारी दी है कि 5 नवंबर से 8 नवंबर तक दीपावली पर्व के विशेष दिनों में मंदसौर नगर में निर्धारित समय के अलावा पंद्रह मिनट अतिरिक्त पेयजल का वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर ने बच्चों को प्रदान की दीपावली की मिठाई और उपहार

मन्दसौर। प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत कोविड काल में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए स्नेह और आत्मीयता से भरे दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों को दीपावली की मिठाइयां और आकर्षक उपहार प्रदान किए। कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय चर्चा करते हुए आश्वस्त किया कि पूरा जिला प्रशासन उनके परिवार की तरह उनके साथ खड़ा है और किसी भी आवश्यकता या समस्या पर वे सीधे संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या भी मौजूद रहीं, जिन्होंने बताया कि इन सभी बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा रहा है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमति लीलाबाई पति श्री बलराम 2. श्री दिनेश पिता श्री बलराम 3. सुमन पति श्री अजय लावरे 4. सुजीत पिता श्री अजय लावरे के मालकी एवं आधिपत्य की संपत्ति मकान नंबर 47/3, अहिल्याबाई मार्ग, गली नंबर 02, उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 73.16 वर्गमीटर हैं। सदर संपत्ति श्री बलराम पिता श्री रामलाल के मालकी की थी, श्री बलराम का निधन हो चुका है तथा उनके निधन के पश्चात उपरोक्त संपत्ति वारिसनाते 1. श्रीमति लीलाबाई 2. श्री दिनेश 3. सुमन 4. सुजीत को प्राप्त हुई होकर वर्तमान में उक्त संपत्ति के मालिक एवं स्वामित्वधारी हैं। उक्त संपत्ति को हमारी पक्षकार कंपनी टाटा केपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक रखकर प्रस्तावित ऋणी 1. श्रीमति लीलाबाई 2. श्री दिनेश 3. सुमन 4. सुजीत को ऋण प्रदान किया जा रहा है। सदर संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय द्वारा ऋण, भार, बोझ, हक्क, स्वत्व या अधिकार, कय-विक्रय, अनुबंधित या किसी प्रकार से कोई व्यवहार नही करे, यदि पूर्व मे ऐसा कोई व्यवहार किया गया हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि मे लिखित मे दस्तावेज प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि पश्चात ऐसा कोई कृत्य किया जाता है या पूर्व का पाया जाता है तो वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। सो विदित होवे।

अखिलेश मिश्र एडव्होकेट
46-47/ए, भवानीपुर कालोनी, अन्नपूर्णा रोड,
इंदौर मो.नं. 98263-05177

दीपावली पूर्व स्वरोजगार मेले का आयोजन, छात्राओं ने प्रदर्शित की हस्तनिर्मित वस्तुएँ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतलाम में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत दीपावली पर्व के पूर्व स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं एवं वर्तमान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने हुनर, रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।

मेले में छात्राओं द्वारा अपने हाथों से निर्मित विभिन्न आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। इन वस्तुओं में छात्राओं की कल्पनाशीलता, कलात्मक अभिरुचि, मेहनत एवं सृजनात्मकता की झलक देखने को मिली। दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए छात्राओं ने विभिन्न सजावटी एवं हस्तनिर्मित सामग्री तैयार की, जो आकर्षण का केंद्र रही। मेले के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ अपने उत्पादों को स्वरोजगार एवं व्यवसाय के रूप में विकसित करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्रीमती सुषमा कटारे ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात मुख्य अतिथि प्रो. कटारे, प्राचार्य डॉ. जोशी, नोडल अधिकारी डॉ. माणिक डांगे, महा. के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुरेश चौहान का स्वागत डॉ. स्नेहा पंडित, डॉ. बामनिया, डॉ. नितिन बड़ेजा, डॉ. दिवाकर भटेले द्वारा किया गया। प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. माणिक डांगे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



मुख्य अतिथि श्रीमती कटारे ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल एवं उद्यमशीलता का विकास भी वर्तमान समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्राओं में अनेक प्रकार की प्रतिभाएँ एवं कौशल विद्यमान हैं। आवश्यकता है कि उन्हें उचित मंच एवं अवसर प्रदान किए जाएँ। इस प्रकार के स्वरोजगार मेले छात्राओं को अपनी प्रतिभा पहचानने, कौशल का उपयोग करने तथा भविष्य में स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने छात्राओं की सक्रिय सहभागिता एवं रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की।

स्वरोजगार मेले का आयोजन छात्राओं में उद्यमशीलता, आत्मविश्वास, आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं कौशल विकास की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि छात्राएँ अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर स्वरोजगार के नए अवसर सृजित कर सकती हैं।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में पंवार पूरे समय रहे साथ

बड़नगर। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन महाकाल से अयोध्या रामलला तक चल रही 930 किमी की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' में बड़नगर विधानसभा का प्रतिनिधित्व बालूसिंह पंवार कर रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बालूसिंह पंवार यात्रा के प्रथम दिन 20 अक्टूबर से ही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ पूरी यात्रा में पदयात्री के रूप में शामिल हैं। वे रोज 15 किमी पैदल चलकर जनसंवाद कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। यात्रा के सफल संचालन के लिए 6-6 कार्यकर्ताओं की टोली बनाई गई है।

कचरे के ढेर में मिले जरूरी दस्तावेज, अनिल ने लौटाकर दिखाई ईमानदारी

सारंगपुर। कचरे के ढेर में पडे जरूरी दस्तावेजों को देखकर एक व्यक्ति ने उन्हें नजर अंदाज करने के बजाय उनके असली मालिक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई। ग्राम तलेनी निवासी अनिल मालवीय ने ईमानदारी और संवेदनशीलता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने समाज में आज भी कायम इंसानियत और भरोसे को फिर सामने ला दिया। दरअसल गोपाल राठौर का 26 अक्टूबर को सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की कवरेज के दौरान एसबीआई बैंक के आसपास पर्स गुम हो गया था। पर्स में प्रेस कार्ड, बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई के एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे।

जाटव बने भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष

सारंगपुर। भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव ने संगठन में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा की है। सारंगपुर भाजपा नेता सुंदर लाल जाटव को भारतीय जनता मजदूर संघ का मध्य प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुंदर लाल जाटव एक वरिष्ठ भाजपा नेता होने के साथ-साथ एल्डरमैन भी हैं। वह लंबे समय से राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति के बाद से संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। अपनी नियुक्ति के बाद श्री जाटव ने कहा कि वह श्रमिकों के हित में कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए तत्पर रहेंगे।

गैस डायरी अपडेट के नाम पर 236 रुपए की मांग

सारंगपुर। गैस कनेक्शन और डायरी अपडेट करने के नाम पर उपभोक्ताओं से 236 रुपए की राशि मांगे जाने का मामला सामने आया है। सारंगपुर स्थित योगिता गैस एजेंसी की इस कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं ने शुल्क के आधार और उसकी अनिवार्यता पर सवाल उठाए हैं। मामले में पड़ाना निवासी मुकेश पिता बद्रीलाल जलोदिया ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी सहित सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद अब संबंधित विभाग की जांच पर नजरें टिकी हैं। उपभोक्ता मुकेश जलोदिया ने बताया कि वे मंगलवार को पड़ाना से सारंगपुर स्थित योगिता गैस एजेंसी पर भारत गैस सिलेंडर लेने पहुंचे थे। इस दौरान गैस डायरी अपडेट कराने के नाम पर उनसे 236 रुपए की राशि मांगी गई। उपभोक्ता का कहना है कि राशि किस मद में ली जा रही है और इसके लिए क्या कोई निर्धारित शुल्क तय है, इसकी स्पष्ट जानकारी मिलना जरूरी है। इसी को लेकर उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है।

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का न बीमा न फिटनेस, बैकलाइट नहीं लगाने से होते है हादसे

सारंगपुर। इन दिनों नगर से लेकर हाइवे एवं ग्रामीण सडकों पर लगातार हादसो की घटनाएं सामने आ रही है। इन सब के बाद भी बेफिक्री के साथ बिना फिटनेस, बीमा, बैक लाइट और रेडियम के ट्रैक्टर ट्रालियां दौड रही हैं। जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। पिछले दिनों अधिकांश दुर्घटनाओं में ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेडियम न होने का कारण सामने आया है। बावजूद इसके न तो ट्रेक्टर ट्राली वाले किसान जागरुक हो रहे हैं न ही पुलिस और परिवहन विभाग इन पर कोई कार्रवाई कर रहा है। अधिकांश वाहनों के रजिस्ट्रेशन भी नहीं है बावजूद इसके लाचार स्थिति में सडकों पर दौड रहे हैं।

एमओयू के तहत दोनों कंपनियां संयुक्त रूप से विकसित करेंगी हाई परफॉर्मेंस लुब्रिकेंट समाधान

लैंक्सेस और बीपीसीएल के बीच उन्नत औद्योगिक लुब्रिकेंट तकनीक के लिए साझेदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



स्पेशियलिटी केमिकल्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लैंक्सेस और देश की अग्रणी एकीकृत ऊर्जा कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल ने उन्नत औद्योगिक लुब्रिकेंट तकनीक और स्पेशियलिटी फ्लुइड समाधानों के विकास के लिए समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय औद्योगिक बाजार की बदलती जरूरतों के अनुरूप उच्च प्रदर्शन वाले लुब्रिकेंट उत्पादों का विकास, तकनीकी सहयोग, स्थानीयकरण और व्यावसायीकरण करना है।

लैंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और बीपीसीएल के बीच हुआ यह समझौता दोनों कंपनियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक सहयोग के लिए एक गैर-विशिष्ट नॉन-एक्सक्लूसिव ढांचा प्रदान करेगा। इसके माध्यम से संयुक्त अनुसंधान, उत्पाद विकास, ओईएम मूल उपकरण निमार्ता अप्रूवल और औद्योगिक ग्राहकों के लिए उन्नत समाधान तैयार करने की संभावनाओं पर काम किया जाएगा।

प्रस्तावित साझेदारी के तहत हाई परफॉर्मेंस बेयरिंग एवं सकुर्लेटिंग ऑयल, प्रीमियम हाइड्रोलिक फ्लुइड्स, टर्बाइन ऑयल, रेफ्रिजरेशन लुब्रिकेंट्स, जंगरोधी तेल, स्पेशियलिटी ग्रीस और औद्योगिक एडिटिव पैकेज जैसे उत्पादों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही डेटा सेंटर के लिए इमर्शन कूलिंग फ्लुइड्स और पर्यावरण के अनुकूल लुब्रिकेंट तकनीक के विकास की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी।

इस सहयोग में लैंक्सेस अपनी वैश्विक लुब्रिकेंट एडिटिव विशेषज्ञता और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराएगी, जबकि बीपीसीएल अपने बेस ऑयल पोर्टफोलियो, विनिर्माण अधोसंरचना, अनुसंधान एवं विकास क्षमता और देशव्यापी बाजार पहुंच के माध्यम से योगदान देगी। दोनों कंपनियां उत्पादों के स्थानीयकरण, तकनीकी परीक्षण, फील्ड ट्रायल, ओईएम के साथ समन्वय और व्यावसायिक विस्तार की दिशा में भी संयुक्त प्रयास करेंगी।

साझेदारी का दायरा भविष्य की उभरती तकनीकों तक भी विस्तारित होगा।

समझौता कंपनियों के बीच नई दिशा देगा

लैंक्सेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस यूनिट लुब्रिकेंट एडिटिव्स के ग्लोबल हेड नीलांजन बनर्जी ने कहा कि यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच सहयोग को नई दिशा देगा। लैंक्सेस की वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञता, फॉर्मूलेशन क्षमता और ओईएम के साथ अनुभव को बीपीसीएल की विनिर्माण क्षमता एवं मजबूत बाजार उपस्थिति से जोड़कर भारतीय उद्योग के लिए आधुनिक और उच्च प्रदर्शन वाले लुब्रिकेंट समाधान विकसित किए जा सकेंगे।



सुरक्षित बचपन अभियान के तहत शिविर का आयोजन

खाचरौद। तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन प्रियंका मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल खाचरोद में किया गया। आयोजित शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश नीतू कांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा एवं अपर लोक अभियोजक रजनीश उपाध्याय द्वारा बच्चों को सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत बच्चों को पाक्सो एक्ट, लैंगिक अपराधों के बारे में तथा साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। शिविर समापन उपरांत विद्यालय के छात्रों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब न्यायाधीशगण द्वारा दिया गया। अंत में अतिथियों का आभार स्कूल संचालक राहुल सुराना द्वारा किया गया।

पूर्व विधायक ने जिला चिकित्सालय पहुँचकर मरीजों से मुलाकात कर हालचाल जाना



ब्यावरा। कांग्रेस पूर्व के विधायक बापू सिंह तंवर ने राजगढ़ जिला चिकित्सालय पहुँचकर परिजन गोरधनसिंह तंवर गोपालपुरा वाले के बाइक से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी ली एवं उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम जानी तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान जिला चिकित्सालय में उपचाररत क्षेत्र के अन्य परिजन मरीजो से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन रजनीश शर्मा से चर्चा कर गोरधनसिंह सहित सभी भर्ती मरीजों को बेहतर एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया।

सामाजिक दायित्व का निर्वहन सभी बहिनों का नैतिक दायित्व - कांठेड़



महिदपुर रोड। नगर की सामाजिक संस्था सर्व प्रयास द्वारा मंगलवार को नगर के शासकी य कन्या हाई स्कूल में पितृहीन बालिकाओं को दीपावली पर्व त्यौ हार मनाने के भाव के साथ नये कपडे वस्त्र मिठाई राशन सामग्री पटाखे घर आंगन में रांगोली बनाने के लिये विभिन्न प्रकार के रंगों की किट वितरित की गई। पितृ विहीन बालिकाओं के चेहरे पर किट प्राप्त करने के दौरा न खुशी का भाव दिखाई दिया सर्वप्रथम संस्था की नगर प्रभारी स्नेह लता कांठेड़ ने इस दौरान कहा समाज में पितृहीन बालिका ओं को समय-समय पर उन्हें पढ़ाई सामाजिक धार्मिक त्यौहार पर उनकी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष मदद कर ने का भाव सभी में होना चाहिये यह हमारा सामाजिक दायित्व के साथ-साथ नैतिक दायित्व है किट वितरण कार्यक्रम के दौरान अन सूईया पोरवाल, हिमानी सेठिया, हेमलता उपाध्याय पूनम रॉय ,स्नेहलता शर्मा सहित बड़ी संख्या में सर्व प्रयास संस्था की सदस्य उपस्थित रही। संस्था की हिमानी सेठिया ने बताया कक्षा नवीं की रानू डाबी, राधा कुंवर, कक्षा 11वीं की अ नामिका कुंवर कक्षा 12वीं की शिवानी सेन,स्नातक प्रथम वर्ष की कोमल कैथवाल को संस्था की और से फेस्टिवल किट प्रदान की गई।

वृंदावन ग्राम मकला में गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का आयोजन



महिदपुर। शासन के मंसानुसार वृंदावन ग्राम मकला में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करने, एवम उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादक गायों की पहचान कर पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए पुरस्कार राशि के माध्यम से उन्नत देशी नस्ल की गायो के पालन को प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक 30/10/2026-31/10/2026 को वृंदावन ग्राम मकला मे गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का आयोजन किया गया जिसमें 13 पशुपालकों के द्वारा पंजीयन कराया गया था जिसमें 8 पशुपालक अपनी गायों के साथ उपस्थिति हुए,इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन देने वाली गाय में प्रथम स्थान सुरेश चंद्र जोशी पिता राम चंद्र जोशी ग्राम मकला नस्ल गीर के द्वारा प्रतिदिन दुग्ध (10.580 लीटर) , द्वितीय स्थान सुमित जोशी पिता गोपाल जोशी ग्राम मकला नस्ल गीर द्वारा प्रतिदिन (9.970 लीटर), तृतीय स्थान सौदान सिंह पिता भगवान सिंह ग्राम मकला खेड़ा नस्ल गीर के द्वारा दुग्ध उत्पादन (8.230 लीटर) दिया गया । इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर डॉ मारीशा सिंधे, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी कमल पाटीदार, जिला जनपद सदस्य श्याम सिंह चौहान , जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य जी, सरपंच ग्राम पंचायत मकला बालाराम परमार, किसान संघ तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान,आर्य वीर दल जिला सहयोजक दीपक जोशी, सचिव ग्राम पंचायत मकला राम सिंह चौहान एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

सजा पटाखा बाजार, लॉटरी से बांटे प्लाट, 52 व्यापारियों को मिली दुकान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



दीपावली पर्व को लेकर नगर में पटाखा बाजार सजने लगा है। नगर पालिका ने इस बार भी पारदर्शिता बरतते हुए लॉटरी सिस्टम से सोमवार को दुकानों का आवंटन किया है।

बच्छराज जिनिंग फैक्ट्री मैदान में पटाखा बाजार के लिए 52 दुकानदारों को लॉटरी के माध्यम से जगह आवंटित की गई। नगर पालिका ने यह व्यवस्था इसलिए की ताकि दुकान की जगह को लेकर किसी प्रकार का भेदभाव या विवाद न हो। प्रत्येक दुकानदार ने स्वयं पर्ची निकालकर अपनी दुकान का नंबर प्राप्त किया। हर साल की तरह इस साल भी जितने आवेदन आए, उतनी पर्चियां बनाई गई।

750 रुपये में आवंटन, सुरक्षा के विशेष इंतजाम

पालिका के कुशवाह ने बताया कि प्रत्येक दुकान के लिए निर्धारित शुल्क 750 रुपये की रसीद काटी जाएगी। इसके अलावा दुकान बनाने वाले ठेकेदार को तय राशि दुकानदारों को देनी होगी। शासन की गाइडलाइन के अनुसार दो दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी छोड़ी गई है और सामने खुला मैदान रखा गया है। पटाखा बाजार स्थल पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए फायर ब्रिगेड मौके पर तैनात रहेगी। इसके अलावा नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी पटाखा व्यापारियों को भी अपनी दुकानों पर आग बुझाने के साधन और सुरक्षा के इंतजाम रखना अनिवार्य होगा।

राजगढ़ में जुआ खेलते 7 व्यक्ति पकड़े, जप्त माल की कुल कीमत 1.48 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजगढ़ के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस द्वारा जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली पुलिस ने दूध डेयरी के पीछे नाका नंबर 03, राजगढ़ में दबिश देकर जुआ खेल रहे 07 व्यक्तियों को पकड़ा। मौके से जुआ राशि 12,700 रु. नगद एवं 06 मोबाइल फोन जब्त किए। जब्त मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 1,36,000 रु. है। इस प्रकार कुल 1,48,700 रु. का माल जब्त किया। इस संबंध में थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध क्रमांक 835/2026, धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पकड़े गए व्यक्तियों में महेश पिता मिश्रीलाल शर्मा 36 वर्ष निवासी नागर मोहल्ला, राजगढ़। पर्वत पिता बीरमसिंह सोंधिया, निवासी लालपुरिया। अफजल पिता अब्दुल वाहिद खान 31 वर्ष, निवासी पीटी कंपनी, राजगढ़। राहुल पिता बापूलाल तंवर 24 वर्ष, निवासी तिलक मार्ग, राजगढ़। अल्फेज उर्फ सोनू पिता कल्लू खान 30 वर्ष, निवासी पुराना बस स्टैंड, राजगढ़ है।

कांग्रेस सेवादल की अनुशासित कार्यप्रणाली

संगठनात्मक सक्रियता एवं यात्रा में दिए गए योगदान की सराहना की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़।

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के दौरान जिले में कांग्रेस सेवादल एवं संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा निभाई गई जिम्मेदारियों और सेवाओं की सराहना की गई। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ जिले के कांग्रेस नेता एवं सेवादल से जुड़े बद्रीलाल तंवर रसभरी के प्रति आभार व्यक्त कर उनके सहयोग एवं योगदान की सरहाना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा उज्जैन के शिवधाम से अयोध्या के श्रीराम धाम तक सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क करना तथा सामाजिक एवं धार्मिक विषयों को लेकर लोगों के बीच संवाद स्थापित करना है। यात्रा मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी।

इसी दौरान राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के खुजनेर से लेकर कालीपीठ तक यात्रा का आगमन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने अनुशासन, समर्पण एवं संगठनात्मक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए प्रतिदिन निर्धारित कार्यक्रमों के व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से बनाए रखा।

71.36 ग्राम अवैध मादक पदार्थ के साथ भोपाल के दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी रूप सिंह बेस के नेतृत्व में थाना बड़ोद पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए MD ड्रग्स की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 71.36 ग्राम एमडी ड्रग्स सहित लगभग 13,78,600/- की संपत्ति जप्त करने में सफलता प्राप्त की घटना अनुसार 02 नवम्बर को सहायक उप निरीक्षक दरबार सिंह पंवार को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भोपाल निवासी दो व्यक्ति सफेद रंग की हुंडई औरा कार में अवैध मादक पदार्थ ड्रग्स लेकर बडौद से जहांगीरपुरा रोड, आलोट बायपास के रास्ते गुजरने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल दो स्वतंत्र पंचों को साथ लेकर जहांगीरपुरा रोड, आलोट बायपास के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए एवं वाहन के अनुसार सफेद रंग की हुंडई औरा कार आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर उसमें सवार व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए तलाशी ली गई। वाहन की तलाशी के दौरान दोनों सीटों के बीच गियर के पास बने बॉक्स में रखी पारदर्शी प्लास्टिक की थैली से सफेद दानेदार पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हुआ।

इनकी रही भूमिका

निरीक्षक रूपसिंह बैंस, उ२ दरबारसिह पंवार,प्रधान आरक्षक अर्जुन बागड़ी, प्रधान आरक्षक सतीश मोदी, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा, शुभम जोशी,आरक्षक श्रीपालसिंह देवड़ा, आरक्षक सुग्रीव जाटव,आरक्षक भीमसिंह मालवीय,आरक्षक आकाश टेकाम,आरक्षक अर्जुन आंजना महिला आरक्षक रानू राठौर की सराहनीय भूमिका रही है

जैन भवन का भव्य भूमिपूजन समारोह संपन्न

बडौद। नगर में जैन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में श्री विमलनाथ जिनालय प्रांगण में प्रस्तावित जैन भवन का भूमिपूजन समारोह 3 नवंबर को हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समस्त महाजन के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के सदस्य गिरीशभाई शाह (मुंबई) के कर-कमलों द्वारा विधि-विधान एवं मंगल मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर गिरीशभाई शाह ने कहा कि जैन समाज का यह भवन सामाजिक एकता, धार्मिक संस्कारों एवं सामूहिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। निमार्णाधीन जैन भवन का उपयोग समाज के सभी परिवारों के सांसारिक मांगलिक कार्यों, पारिवारिक आयोजनों एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। इससे समाजजनों को एक सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा तथा सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को नई मजबूती मिलेगी।

भूमिपूजन समारोह में जैन समाज के गणमान्य नागरिकों, समाजजनों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान समाज में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण रहा। यह जैन भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सामाजिक एकता, सहयोग एवं संगठन का एक प्रेरणादायी केंद्र बनेगा।

सांसद ने स्मार्ट क्लास ओर ओपन जिम का दिया आश्वासन

सुसनेर। नगर परिषद सुसनेर में अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा की जीत के बाद राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर से लक्ष्मणसिंह कांवल, कालुसिंह गणेशपुरा, डॉक्टर सौरभ जैन, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, एवं विष्णु भावसार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया एवं पवन शर्मा ने पचोर स्थित सांसद रोडमल नागर के निवास पर उनसे सौजन्य भेंट की। इस दौरान सुसनेर नगर परिषद उपचुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर सांसद रोडमल नागर ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर ने सभी को पूर्ण रूप से आश्वत किया कि जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है। उस पर हम खरे उतरेंगे एवं सुसनेर के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। भाजपा नेताओं ने सांसद रोडमल नागर से क्षेत्र में स्मार्ट क्लास एवं ओपन जिम खोलने तथा सांसद निधि से टेंकर देने की मांग की जिसे शीघ्र स्वीकृति का आश्वासन सांसद रोडमल नागर ने सुसनेर के भाजपा जनप्रतिनिधि, नेताओं एवं पदाधिकारियों को दिया।

म.प्र. पेंशनर समाज का वार्षिक सम्मेलन 3 जनवरी 2027 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



दिशा विकास हाई स्कूल परिसर में म.प्र. पेंशनर समाज महिदपुर के पदाधिकारियों की बैठक, वार्षिक पेंशनर सम्मेलन तथा वरिष्ठ पेंशनरों के सम्मान के आयोजन हेतु सम्पन्न हुई।

वार्षिक सम्मेलन 03 जनवरी 2027 को राजपूत बोर्डिंग में सम्पन्न कराये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति होकर उक्त निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांताध्यक्ष महोदय को आमंत्रित करने हेतु स्वीकृती के साथ अधिक से अधिक पेंशनरों को भाग लेने तथा सदस्यों को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशनरों को शीघ्रताशीघ्र आवश्यक रूप से सहयोग राशि जमा करने हेतु आग्रह किया गया। पेंशनरों ने म.प्र. शासन द्वारा पेंशनरों के प्रति द्वेषपूर्ण व्यवहार पर आक्रोश व्यक्त किया। 2% डी आर एवं 6 माह देर से देने, 2006 के बाद पेंशन पुनरीक्षण में 32 तथा 27 माह का एरियर न देना, उच्च न्यायालयों के आदेशों की अवहेलना करते हुए पेंशनरों को प्रताड़ित करने की नीति पर असंतोष व आक्रोश व्यक्त करते हुए अपने मताधिकार का वाजिब मूल्य आंकते हुए सन 2028 में आर-पार के संघर्ष के लिये तैयार होने का आह्वान किया गया। अंत में सम्मेलन में सभी पेंशनरों के पूर्ण सहयोग से गरिमामय आयोजन सम्पन्न करने के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ। उक्त जानकारी गिरधारीलाल दुआ ने दी।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में विशेष रूप से सर्वश्री व्हाय. एस. चौहान, गणपत वर्शी, मधुसूदन दीक्षित, अशोक चौबे, रमेश पारीनिशा, मदनलाल परमार, द्वारका प्रसाद व्यास, गिरधारीलाल दुआ, मनोहरलाल खत्री, कृष्णकान्त, मो.जमील, रामचंद्र नरवरिया, जुगलकिशोर उदीवाल, जगदीश ज्वलंत, प्रभुदयाल शर्मा, शिवराज सिंह सोलंकी आदि उपस्थित थे।

धनतेरस से भाई दूज तक, 6 से 11 नवंबर तक रहेगी त्योहारों की धूम

साल 2026 में पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत 6 नवंबर को धनतेरस के साथ होगी। इस वर्ष नरक चतुर्दशी और मुख्य दिवाली का त्योहार 8 नवंबर को मनाया जाएगा। इसके बाद 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा होगी और 11 नवंबर को भाई दूज के साथ इस महापर्व का समापन होगा।



दिवाली हिंदू धर्म के सबसे बड़े और प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह पर्व हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम 14 वर्षों का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे। उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने दीप जलाए थे। तभी से दिवाली मनाने की परंपरा चली आ रही है। दिवाली के त्योहारों की शुरूआत धनतेरस से होती है और भाई दूज के साथ इनका समापन होता है। इस दौरान धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहार मनाए जाते हैं। आइए जानते हैं कि साल 2026 में ये सभी त्योहार किस तारीख को पड़ रहे हैं और पूजा के शुभ मुहूर्त क्या हैं।



धनतेरस : पूजा का शुभ मुहूर्त

इस साल धनतेरस का त्योहार 6 नवंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस मनाने की परंपरा है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है।

- **त्रयोदशी तिथि शुरू:** 6 नवंबर 2026, सुबह 10:30 बजे
- **त्रयोदशी तिथि समाप्त:** 7 नवंबर 2026, सुबह 10:47 बजे
- **पूजा का शुभ मुहूर्त:** शाम 6:02 बजे से रात 7:57 बजे तक
- **प्रदोष काल:** शाम 5:33 बजे से रात 8:09 बजे तक
- **वृषभ काल:** शाम 6:02 बजे से रात 7:57 बजे तक

नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली



नरक चतुर्दशी को छोटी दिवाली और रूप चौदस के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। साल 2026 में छोटी दिवाली 8 नवंबर, रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करने और दीप जलाने की परंपरा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया था।

चतुर्दशी तिथि शुरू: 7 नवंबर 2026, सुबह 10:47 बजे

चतुर्दशी तिथि समाप्त: 8 नवंबर 2026, सुबह 11:27 बजे


दिवाली कब मनाई जाएगी?

हिंदू पंचांग के अनुसार, साल 2026 में कार्तिक मास की अमावस्या तिथि 8 नवंबर को सुबह 11:27 बजे शुरू होगी और 9 नवंबर को दोपहर 12:31 बजे समाप्त होगी। प्रदोष काल में अमावस्या तिथि होने के कारण दिवाली का त्योहार 8 नवंबर, रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन घरों में दीप जलाए जाते हैं और शाम को मां लक्ष्मी तथा भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है।

गोवर्धन पूजा

दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा मनाई जाती है। हालांकि, साल 2026 में गोवर्धन पूजा 10 नवंबर, मंगलवार को होगी। यह त्योहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र देव के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया था। इसी घटना की याद में गोवर्धन पूजा की जाती है।

मां लक्ष्मी की पूजा में क्यों चढ़ाते हैं कमल का फूल



दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के दौरान देवी लक्ष्मी को कमल का फूल जरुर अर्पित किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवी लक्ष्मी का अवतार कमल के फूल से ही हुआ था। इसलिए लक्ष्मी पूजा के समय देवी को 'अष्टकमल' यानी 8 कमल के फूल चढ़ाए जाते हैं। वहीं, आप चाहे तों मां लक्ष्मी की पूजा में कमल का फूल जरुर अर्पित करें।

धार्मिक ग्रंथों में देवी लक्ष्मी का एक नाम 'कमला' और 'कमलासना' भी है। इसका मतलब कमल पर विराजमान रहने वाली देवी से है। कमल का फूल जिसकी खूबी है कि वो कीचड़ में खिलता है और अपनी संदुरता बनाए रखता है। इस तरह से देवी लक्ष्मी को कमल अर्पित करने वाला मनुष्य भी जीवन में समस्त बुराईयों के बीच अपनी अच्छासे चमक सकते हैं।

कमल के फूल को लेकर श्रीमद्भगवद्गीता में एक श्लोक

श्लोक है- ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति य: ।लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा॥

अर्थात। जो व्यक्ति अपने सभी कर्मों में एक समान भावना रखता है, आसक्ति (फल की इच्छा के बगैर) को छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देता है, वह पापों से उसी तरह अछूता रहता है, जैसे कमल के पत्ते पानी में रहने बाद भी पानी से नहीं भीगते हैं।

Sport

भारत ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया

वनडे में कोहली ने 74 रन बनाए; अर्शदीप ने 4 विकेट लिए

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया 5 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है।

ऑकलैंड के ईडन पार्क में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अर्शदीप सिंह के 4 विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड की टीम 40.2 ओवर में 185 रन पर ऑलआउट हो गई। गुरनूर बरार ने भी 3 विकेट लिए। बारिश के कारण भारत को 32 ओवर में 143 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। टीम ने 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 51 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और 1 छक्का लगाया। कप्तान शुभमन गिल ने 56 गेंदों पर 37 रन बनाए। विराट कोहली वनडे रन चेज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली के अब चेज में 8,741 रन हो गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 8,720 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। प्लेयर ऑफ द मैच अंशुल कंबोज ने कहा कि उनकी रणनीति पिच के बारे में ज्यादा सोचने के बजाय सही लाइन और लेंथ पर लगातार गेंदबाजी करने की थी। अंशुल ने 10 ओवर में महज 22 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने 2 मेडन ओवर भी डाले।



कोहली ने तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड:वनडे रनचेज में सबसे ज्यादा रन

कोहली ने वनडे क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे 8741 रन बना लिए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 8720 रन को पीछे छोड़ दिया। विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 1,971 रन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। दोनों बल्लेबाज इस मामले में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। विराट कोहली वनडे में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए 13 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। कोहली को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 12 रन की जरूरत थी। उन्होंने पारी के 7वें ओवर की दूसरी गेंद पर अपना 12वां रन बनाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। नंबर-3 पर वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस पोजिशन पर 12,662 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने 35 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। यह विदेशी मैदान पर वनडे में उनकी दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। इस मामले में उनका सबसे तेज अर्धशतक 34 गेंदों में आया था। उन्होंने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में यह उपलब्धि हासिल की थी।

सिंधु 2021 के बाद बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल्स खेलेंगी

नई दिल्ली। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने इहक्र वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह टूनार्मेंट 9 से 13 दिसंबर तक चीन के होंगझोउ में खेला जाएगा। सिंधु 2021 के बाद पहली बार इस टूनार्मेंट में खेलेंगी। वे 2021 में इसकी उपविजेता रही थीं। 2022 में भी सिंधु ने क्वालिफाई किया था, लेकिन बाएं टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण नाम वापस लेना पड़ा। इसके बाद वे 2023 से 2025 तक इस टूनार्मेंट में नहीं खेलीं। विमेंस सिंगल्स में 8 खिलाड़ियों को जगह मिलती है। इनमें से सिंधु समेत 5 खिलाड़ी क्वालिफाई कर चुकी हैं। साउथ कोरिया की एन से-युंग, जापान की अकाने यामागुची और चीन की वांग झी यी और चेन यू फेई ने भी जगह पक्की कर ली है। बाकी 3 स्थानों के लिए 6 खिलाड़ियों के बीच मुकाबला है।

ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क टेस्ट के नंबर-1 गेंदबाज बने

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क आईसीसीस की ताजा टेस्ट रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन को पीछे छोड़ा। केपटाउन टेस्ट में 9 विकेट लेने से पहले स्टार्क दूसरे नंबर पर थे। व्हाइट-बॉल क्रिकेट की रैंकिंग में भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। भारत के श्रेयस अय्यर टी-20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

नैनो न्यूज

- **भारतीय गेंदबाजी का कमाल:** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट लिए, जबकि गुरनूर बरार ने 3 और अंशुल कंबोज ने 2 विकेट झटके।
- **रोहित शर्मा का रन आउट और शून्य पर आउट:** भारत की बल्लेबाजी के दौरान कप्तान रोहित शर्मा बिना खाता खोले (0 रन पर) आउट हो गए, हालांकि उन्होंने फील्डिंग के दौरान शानदार रन-आउट भी किया।
- **उत्तराखंड की प्रेमा रावत का रिकॉर्ड:** प्रेमा रावत ने महिला टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सीनियर विमेंस ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 14 गेंदों में फिफ्टी पूरी की।
- **शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत को गोल्ड:** शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता, जबकि महिला टीम ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।
- **शूटर मनु भाकर का चुनावी मैदान में उतरना:** स्टार निशानेबाज मनु भाकर अब एथलीट्स कमेटी के चुनाव में उतरेंगी, जहां मैदान में कुल 10 दावेदार हैं।
- **यूथ ओलंपिक 2026 में भारत का मेडल:** जूडो में भारत की 17 साल की खुशबू ने सिल्वर मेडल जीता, वहीं राजकुमारी लंचेनबी चानू ने वुशु में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा।

रैना ने सीएसके से मांगी कोचिंग की जिम्मेदारी

कहा- फ्रेंचाइजी से बात की, अब फैसला उन्हें लेना है; धोनी के साथ 4 आईपीएल खिताब जीत चुके

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने चेन्नई सुपर किंग्स के कोचिंग स्टाफ से जुड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने फ्रेंचाइजी से कोचिंग में जगह देने की मांग भी की है। हालांकि, अब तक उन्हें इस बारे में कोई जवाब नहीं मिला है।

रैना ने सीएसके में पूर्व साथी रहे रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा- मैंने अपनी इच्छा बता दी है और अब फैसला सीएसके को करना है। मेरे लिए सबसे अहम बात चेन्नई के साथ रहना और टीम को ट्रॉफी जिताने में मदद करना है। रैना को उनके आईपीएल प्रदर्शन के कारण 'मिस्टर आईपीएल' के नाम से जाना जाता है। संन्यास के बाद वे क्रिकेट एक्सपर्ट और कमेंटेटर के तौर पर काम कर रहे हैं।

रैना 2008 के 2021 तक सीएसके से जुड़े रहे। बीच में जब सीएसके 2 साल के लिए सस्पेंड थी, तब 2016 और 2017 के सीजन में उन्होंने नई टीम गुजरात लायंस की कप्तानी की थी। रैना सीएसके के साथ धोनी की कप्तानी में आईपीएल में 4 खिताब और 2 चैंपियंस लीग खिताब जीते। वे उरड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं।



रैना ने कहा - मैं सीएसके के साथ किसी भी भूमिका में काम करना पसंद करूंगा। मेरे लिए सबसे जरूरी है कि मैं खिलाड़ियों के साथ रहूं और वे ट्रॉफियां जीतें। पीला रंग हमारे लिए सब कुछ है।

उन्होंने आगे कहा- मैंने इंटरनेशनल क्रिकेट, IPL और वर्ल्ड कप खेले हैं। उरड के लिए काफी रन बनाए। कई फाइनल खेले, कुछ जीते और कुछ हारे। दबाव में मानसिक रूप से अपना बेस्ट देना सीखा। मैं अपना अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा करना चाहता हूं। रैना ने कहा- 'अब यह उनकी टीम है और हम दोनों (रैना और अश्विन) अब संन्यास ले चुके हैं।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

मंदिर के सामने बावड़ी में मिला बुजुर्ग का शव

धार। देवीजी रोड स्थित श्री बटुक भैरव मंदिर के सामने बनी बावड़ी में बुधवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिला। करीब 55 से 60 साल के बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है। मंदिर में पूजा करने पहुंची महिलाओं ने शव को पानी में देखा। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बावड़ी से बाहर निकलवाया। श्री बटुक भैरव मंदिर राठौर धर्मशाला अंतिम चौराहा रोड पर स्थित है। यह मंदिर मोहन पिता प्रेमचंद्र जांगड़े के खेत में बना हुआ है।


कपास-तुअर के बीच उगा रखे गांजे के 120 पौधे जब्त

धार। जिले के ग्राम निंबोल में कपास और तुअर की फसल के बीच गांजे की खेती की जा रही थी। निसरपुर चौकी पुलिस ने कार्रवाई कर 120 हरे पौधे जब्त किए। इनका वजन 78.15 किलो और अनुमानित कीमत 11 लाख 72 हजार 250 रुपए बताई गई है। पुलिस ने खेती के आरोप में किसान कमल बामनिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गांजे की खेती शासकीय चरनोई भूमि पर की जा रही थी। निसरपुर चौकी पुलिस को मुखबिर से ग्राम निंबोल में तालाब के पास खेत में गांजे के पौधे लगाए जाने की सूचना मिली थी।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आलीराजपुर की टीम जीती

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिला स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय आलीराजपुर की टीम ने खिताब अपने नाम किया। बुधवार को शासकीय महाविद्यालय सोंडवा में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में आलीराजपुर की टीम ने शासकीय महाविद्यालय चंद्रशेखर आजादनगर (भाबरा) को 25-18, 18-25 और 25-15 से हराया। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया।

आलीराजपुर के सीताफल की गुजरात तक मांग



बाजार में 100 से 250 रुपए तक बिक रही टोकरी, चांदपुर क्षेत्र के गांवों से आ रही आवक

आलीराजपुर। आलीराजपुर में सर्दी की दस्तक के साथ ही शहर के बाजारों में सीताफल की आवक शुरू हो गई है। बस स्टैंड से लेकर खंडवा-बड़ौदा स्टेट हाईवे के किनारे तक फल की टोकरियां सजने लगी हैं। बुधवार को भी बाजार में सीताफल की बिक्री होती रही। स्थानीय बाजार में खरीदारों की आवाजाही बढ़ने के साथ जिले के सीताफल की मांग गुजरात के बड़े शहरों तक पहुंच रही है। चांदपुर क्षेत्र के आसपास के गांवों से सीताफल की आवक शुरू हो गई है। अकोला, बोकड़िया, आगलगोता, मोरधी, कदवालिया, साकड़ी, बिजोरिया और गुड़ा सहित अन्य गांवों से ग्रामीण सीताफल एकत्रित कर बाजार में बेचने ला रहे हैं। यहां से थोक व्यापारी फल की खेप वडोदरा, अहमदाबाद, अंकलेश्वर, भरूच और सूरत सहित गुजरात के शहरों में भेजते हैं। आलीराजपुर के बाजार में सीताफल की बिक्री टोकरियों के हिसाब से होती है। फल के आकार और गुणवत्ता के अनुसार एक टोकरी की कीमत 100 से 250 रुपए तक है। बड़े और अच्छी गुणवत्ता वाले सीताफल की कीमत अधिक मिलती है। बाजार में आवक बढ़ने के साथ इसकी मांग भी बढ़ने लगती है।

नैनो न्यूज

- **पुष्य नक्षत्र पर इंदौर में 850 करोड़ का कारोबार-** इंदौर में रवि पुष्य नक्षत्र पर बाजारों में लगभग 850 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रॉपर्टी बाजार में ग्राहकों की अच्छी खरीदारी रही।
- **आईटी पार्क में 300 करोड़ निवेश की तैयारी-** इंदौर के आईटी पार्क-4 में सात कंपनियों ने सेमीकंडक्टर डिजाइन, रिसर्च और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में 300 करोड़ रुपये से अधिक निवेश प्रस्तावित किया है। इससे लगभग 1500 रोजगार अवसर बनने की संभावना है।
- **नवंबर में प्लास्ट पैक मेले से उद्योग को अवसर-** इंदौर में 27 नवंबर से प्लास्ट पैक-2026 मेले का आयोजन होगा। प्लास्टिक, पैकेजिंग और रीसाइक्लिंग उद्योग से जुड़ी कंपनियां नई तकनीक, निवेश और कारोबार के अवसरों पर चर्चा करेंगी।
- **एमआर-10 पर नए होटल से बढ़ेगी व्यावसायिक गतिविधि-** इंदौर के एमआर-10 कॉरिडोर पर विवांता होटल शुरू होने से शहर के कॉर्पोरेट, सम्मेलन और हॉस्पिटैलिटी कारोबार को नया विस्तार मिला है। होटल में 202 कमरे और व्यावसायिक आयोजन सुविधाएं हैं।

धार में 3 ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा, मकान-जमीन, जेसीबी, ट्रैक्टर और कार मिलीं

मैनेजर के पास मिली 3.32 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

धार जिले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नालछा के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के तीन ठिकानों पर बुधवार सुबह 5 बजे शुरू हुई लोकायुक्त की कार्रवाई दोपहर 3.30 बजे पूरी हुई। करीब 10 घंटे 30 मिनट चली कार्रवाई में 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। लोकायुक्त के मुताबिक, जांच में ठाकुर के पास आय के ज्ञात स्त्रोतों से करीब 700% अधिक अनुपातहीन संपत्ति मिली है। ज्वैलरी और नकदी मिलाकर लगभग 7 लाख रुपए मिले हैं।

लोकायुक्त के अनुसार, ठाकुर की वेतन और कृषि से कुल आय करीब 40 लाख रुपए है। जांच में 3 करोड़ 32 लाख 61 हजार 575 रुपए का अनुपातहीन व्यय सामने आया है। लोकायुक्त के आंकड़ों के मुताबिक, यह आय से 700% अधिक है। इस आधार पर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।



दो मंजिला मकान पर 97 लाख रुपए खर्च- जांच में सामने आया कि शेरसिंह ठाकुर ने ग्राम सोडपुर, नालछा में 0.1520 हेक्टेयर का भूखंड खरीदा। इस पर 2400 वर्गफीट में दो मंजिला मकान बनवाया। भूखंड की खरीद और मकान निर्माण पर 97 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। नालछा में मांडव रोड स्थित सोडपुर तिराहे पर 1350 वर्गफीट का एक और भवन खरीदा है। इसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए हो रहा है। इसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए है।

एसपी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई- लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सहाय के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इसमें डीएसपी आनंद चौहान, निरीक्षक आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर और सचिन पटेरिया सहित 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। यह कार्रवाई लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश और डीआईजी मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई।

पत्नी के नाम पर भी कृषि जमीन

जांच में ठाकुर की पत्नी कविता के नाम पर भी कृषि भूमि खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। ग्राम सोडपुर, तहसील पीथमपुर में 0.645 हेक्टेयर जमीन 8 लाख रुपए में खरीदी गई। वहीं, ग्राम मांडव, तहसील पीथमपुर में 2.526 हेक्टेयर जमीन की खरीद पर 42 लाख रुपए खर्च हुए। लोकायुक्त के मुताबिक, ठाकुर के पास जेसीबी, महिंद्रा ट्रैक्टर, महिंद्रा टीयूवी, ऑल्टो कार, बुलेट और कृषि यंत्र-संयंत्र मिले हैं। इनकी अनुमानित कीमत 53 लाख रुपए है। ठाकुर से जुड़े एक अन्य बेनामी भवन की जानकारी भी मिली है। इसका सत्यापन किया जा रहा है।

घर के सामान की कीमत 1.22 करोड़

लोकायुक्त की जांच में घर के सामान की कीमत 1 करोड़ 22 लाख 69 हजार 200 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा सोना-चांदी और नकदी की कीमत 6 लाख 72 हजार 655 रुपए बताई गई है। नालछा स्थित मकान की इन्वेंट्री 1 लाख 14 हजार 450 रुपए और सोडपुर स्थित पैतृक मकान की इन्वेंट्री 6 लाख 35 हजार 340 रुपए दर्ज की गई है।

संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- राम मंदिर बनाकर दिखा दिया

आरक्षण सामाजिक आधार पर जारी रहना चाहिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक बुधवार को समाप्त हो गई। डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन के बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने आरक्षण, मंदिरों के मामलों, संगठन विस्तार, एसआईआर, संघ के पंजीयन और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा।



आरक्षण पर होसबाले ने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को जब तक समान अवसर नहीं मिलते, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इसका लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। आरक्षण सामाजिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों के आधार पर हो, राजनीति के लिए नहीं। कृष्ण जन्मभूमि समेत अदालतों में चल रहे मंदिरों के मामलों पर उन्होंने कहा, हमें राम मंदिर बनाकर दिखाना था, वह हमने बना दिया। बाकी मामले कोर्ट में चल रहे हैं, उन्हें वहीं रहने देना चाहिए।

एक साल में 10,241 नए स्थानों तक पहुंचा संघ

होसबाले ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में संगठन का विस्तार हुआ है। एक साल में संघ की पहुंच 10,241 नए स्थानों तक बढ़ी है। अब देश के 63,208 स्थानों पर 99,423 शाखाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा 34,982 साप्ताहिक मिलन और 14,096 मासिक मंडलियां भी चल रही हैं। इन गतिविधियों के जरिए संघ की पहुंच कुल 1,03,397 स्थानों तक हो गई है। सामाजिक एकता और समरसता के लिए देशभर में 94,218 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए।

सरकारी अफसरों के एआई से बनाए फर्जी वीडियो

कृषि क्रांति पेज के एडमिन पर एफआईआर अधिकारियों के चेहरों का भी बनाया डीपफेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में अक तकनीक का गलत इस्तेमाल कर शासकीय अधिकारियों, सरकारी कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े भ्रामक व आपत्तिजनक वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पंढरीनाथ थाना पुलिस ने मंगलवार को कृषि विभाग के उप संचालक की शिकायत पर कृषि क्रांति नाम के सोशल मीडिया पेज के एडमिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

आरोप है कि एडमिन ने ये वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल किए। वीडियो में अधिकारियों से मिलते-जुलते चेहरे भी डीपफेक तकनीक से बनाए गए हैं। पंढरीनाथ पुलिस के मुताबिक, कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय उप संचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास के अधिकारी संदीप यादव ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें बताया गया कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कृषि क्रांति नाम से एक पेज संचालित होता है। पेज के एडमिन ने अकटूल की मदद से शासकीय कर्मचारियों, सरकारी दफ्तरों, उनकी कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े भ्रामक, आपत्तिजनक और मानहानिकारक वीडियो तैयार किए। इसके बाद इन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उप संचालक ने शिकायत में बताया कि इन वीडियो का कृषि विभाग से कोई लेना-देना नहीं है। जनता को भ्रमित करने और सरकारी कामकाज पर सवाल खड़े करने की नीयत से ये वीडियो बनाए गए।

इंदौर को रेडियोलॉजी में नंबर वन बनाने की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर ने वर्ष 1996 में विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाने की शुरूआत कर दुनिया को एक नई पहल दी थी। अब इसी पहचान के साथ शहर रेडियोलॉजी के क्षेत्र में भी नंबर वन बनने की तैयारी कर रहा है। रविवार को इंदौर में नेशनल रेडियोग्राफी वीक की शुरूआत हुई। आयोजन में रेडियोलॉजी में भी इंदौर रहेगा नंबर वन का संकल्प लिया गया। इसमें इंदौर संभाग सहित प्रदेश के 12 जिलों से करीब 200 रेडियोग्राफर, डार्क रूम अटेंडेंट, असिस्टेंट और पैरामेडिकल विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्ष की वैश्विक थीम अपहोल्डिंग पेशेंट केयर यानी मरीजों की देखभाल और सुरक्षा को सर्वोपरि रखना है।

कार्यक्रम की शुरूआत एक्स-रे के आविष्कारक महान वैज्ञानिक विल्हेम कॉनराड रॉन्टजन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। समारोह में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. पीएस त्रिपाठी, डॉ. गौरव भंडारी, डॉ. अमित शंखवार और डॉ. चंद्रजीत यादव सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने मरीजों, आम लोगों और पैरामेडिकल स्टाफ की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान रेडियोग्राफर्स ने शासन के सामने विभागीय सुधारों से जुड़ी मांगें भी रखीं। अजय सोनी और शिवाकांत वाजपेयी ने नेशनल अलाइड हेल्थ कमीशन की अनुशंसाएं प्रदेश में लागू करने की मांग की। एमवाय अस्पताल के रेडियोग्राफर्स ने ट्यूटर और सुपरिंटेंडेंट रेडियोग्राफर के पद सृजित कर प्रमोशन के अवसर देने की बात कही। कैंसर चिकित्सालय के गगन मोदी ने सरकारी स्तर पर आधुनिक मशीनें लगाने और स्टाफ को प्रशिक्षण देने की मांग की। उन्होंने मशीनों की स्थापना पीपीपी मोड पर निजी हाथों में सौंपने का विरोध किया। वरिष्ठ रेडियोग्राफर दीपक शर्मा ने डेंटल कॉलेजों में आधुनिक मशीनें लगाने पर जोर दिया।

दो साल से चोरी की बाइक चला रहा युवक गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बुधवार को अरविंदो हॉस्पिटल के सामने चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने चोरी की बाइक चला रहे एक युवक को पकड़ा। बिना नंबर प्लेट की यामाहा बाइक लेकर जा रहे युवक ने पुलिसकर्मियों को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे पकड़ा और पीओएस मशीन से चेसिस नंबर स्कैन किया। जांच में पता चला कि बाइक जनवरी 2025 में तेजाजी नगर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी।

आरोपी की पहचान ललितपुर निवासी सोनू विश्वकर्मा के रूप में हुई है। उसे आगे की कार्रवाई के लिए बाणगंगा पुलिस के सुपुर्द किया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए एएसआई अवधेश शर्मा, आरक्षक विष्णु भदौरिया और सैनिक अजय बुधवार को अरविंदो हॉस्पिटल के सामने तैनात थे। इसी दौरान उन्होंने बिना नंबर प्लेट की बाइक लेकर जा रहे युवक को रोकने का प्रयास किया। वह बाइक लेकर भागने लगा, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। जवानों ने पीओएस मशीन से बाइक का चेसिस नंबर स्कैन किया।

नवविवाहिता ने लगाई फांसी, पति हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तुकोगंज इलाके में रहने वाली 21 साल की नवविवाहिता ने 19 अक्टूबर को घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। इस मामले में मायके पक्ष ने पति पर रुपए मांगने और प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। परिजनों के बयान और जांच के बाद एसीपी अपूर्वा किलेदार ने मंगलवार रात पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पति मयंक को राउंडअप किया है।

गर्मी में पानी के टैंकरों पर नजर रखेंगे सीसीटीवी कैमरे

हाईड्रेंट होंगे कैमरों से लैस, एमआईसी की मंजूरी टैंकरों के फेरों-बाहरी वाहनों पर रहेगी निगरानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में आगामी गर्मी में संभावित जलसंकट को देखते हुए अब हाईड्रेंट से पानी भरने वाले टैंकरों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

नगर निगम शहर के सभी हाईड्रेंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर एमआईसी में प्रस्ताव पास हो चुका है। अब आगे की प्रक्रिया और टेंडर के बाद कैमरे लगाए जाएंगे। इससे हाईड्रेंट से पानी भरने वाले टैंकरों के फेरों, पानी की सप्लाई और अपव्यय पर नजर रखी जा सकेगी।

दरअसल, आगामी गर्मी में जलसंकट की स्थिति बनने पर नगर निगम टैंकरों के जरिए अलग-अलग वार्डों में पानी की सप्लाई करेगा। इन टैंकरों को हाईड्रेंट से ही पानी भराया जाएगा। आने वाले दिनों में सभी वार्डों में नए हाईड्रेंट भी तैयार किए जाएंगे। ऐसे में पानी के अपव्यय को रोकने और टैंकरों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

एमआईसी में प्रस्ताव पास, अब टेंडर प्रक्रिया- जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि पानी के अपव्यय को रोकने और वार्डों के टैंकरों को संबंधित वार्डों के हाईड्रेंट से ही पानी भरवाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एमआईसी में प्रस्ताव पास होने के बाद फाइल आगे भेजी जाएगी। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। आने वाले दिनों में सभी हाईड्रेंट को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाएगा।



टैंकरों के फेरों से लेकर बाहरी वाहनों पर नजर

हाईड्रेंट पर सीसीटीवी कैमरे लगने से यह पता चल सकेगा कि किस टैंकर ने कितने फेरे लगाए और तय फेरों के अनुसार संबंधित वार्ड में पानी की सप्लाई की या नहीं। साथ ही यह भी निगरानी की जा सकेगी कि कोई निजी टैंकर या दूसरे वार्ड का टैंकर हाईड्रेंट से पानी तो नहीं भर रहा है। हालांकि हाईड्रेंट पर निगम कर्मचारियों की मौजूदगी रहती है, लेकिन कई बार आपसी सांठगांठ के चलते टैंकरों के फेरों में गड़बड़ी या दूसरे टैंकरों के पानी भरने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में कैमरों की निगरानी से इस तरह की गड़बड़ियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा हाईड्रेंट से पानी का अपव्यय होने पर भी नजर रखी जा सकेगी।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com